वर्ष 67 अंक 21 पृष्ठ 12+8= 20
भोपाल, शनिवार 19 अक्टूबर, 2024
कार्तिक कृष्ण पक्ष 02, विक्रम संवत् 2081
महानगर मूल्य 5+2=7 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा (ऐच्छिक)

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.djmp.in/epaper

जीवन में सफल होना है तो प्रतिदिन का एक टाइम टेबल होना बहुत आवश्यक है ।

KEDIA सेजस्थान

# महा दिवाली

## 15 लाख का महा-लाभ

FIXED PRICE GUARANTEED

इस दिवाली 15 लाख और बढ़ेगी रेट !

NO MIDDLE-MEN

### FIXED PRICE

| PRODUCT TYPE | UNIT TYPE | SIZE | FIXED PRICE |
|---|---|---|---|
| WALK-UP APARTMENT | 2 BHK (GF) | 1350 Sq Ft | 63.45 LACS |
| | 3 BHK (SF) | 1900 Sq Ft | 70.50 LACS |
| | 3 BHK (FF) | 1900 Sq Ft | 77.55 LACS |
| KOTHI | ~~3 BHK BIG~~ SOLD OUT | ~~2000 Sq Ft~~ SOLD OUT | ~~84.60 LACS~~ SOLD OUT |
| | 4 BHK BIGGER | 2325 Sq Ft | 98.70 LACS |
| | 4 BHK BIGGEST | 3200 Sq Ft | 141.00 LACS |



KEDIA सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT
अजमेर रोड, जयपुर
POSSESSION: DEC. 2025
बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट

KEDIA®
1800-120-2323
78770-72737
info@kedia.com
www.kedia.com
www.rera.rajasthan.gov.in
RERA No. RAJ/P/2023/2387
SCAN QR FOR
• LOCATION
• ROUTE MAP
• SITE 360 TOUR
• E-BROCHURE
• WALKTHROUGH
*T&C Apply


वर्ष 68 अंक 21 पृष्ठ 12+8=20
भोपाल, शनिवार 19 अक्टूबर 2024
कार्तिक कृष्ण पक्ष 02, विक्रम संवत् 2081
महानगर मूल्य 5+2=7 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा (ऐच्छिक)

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.djmp.in/epaper

> जीवन में दुख और परिश्रम कितना ही क्यों ना आ जाये, अगर आपको खुद पर अटूट विश्वास है तो आप हर जगह से निकल सकते हो।

## ऑफ बीट

### नासा को मिला एक चंद्रमा, उगल रहा लावा



*नई दिल्ली, जेएनएन। नासा के वैज्ञानिकों ने ऐसा बाहरी चंद्रमा खोजा है, जो किसी नरक से कम नहीं है। यह पहला आधिकारिक एक्सोमून भी हो सकता है। धातु से बने इस चंद्रमा की सतह पर गर्म लावा बह रहा है। इसकी सतह से जहरीली गैसों का फव्वारा निकल रहा है, साथ ही ये अपने आसपास कड़कती हुई बिजलियां पैदा कर रहा है। ज्वालामुखी की तरह फट रहे इस चंद्रमा की मौत जल्द होने वाली है। यह जिस डब्ल्यूएएसपी-49बी ग्रह का चक्कर लगा रहा है, वह भी अलग एलियन दुनिया है। वह ग्रह और उसका तारा दोनों धधक रहे हैं। यह चंद्रमा अपने ग्रह और तारे के बीच में है, इसलिए दोनों तरफ से गर्मी मिल रही है।*

## संक्षिप्त खबरें

### शेयर बाजार में आज डूबे 6 लाख करोड़ रु.

**नई दिल्ली, जेएनएन।** शेयर बाजार में गुरुवार को निफ्टी 222 अंक टूटकर 24,750 पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 494 अंक गिरकर 81,0006 अंक पर बंद हुए। पिछले 3 दिन में दोनों इंडेक्स करीब 1.5 फीसदी तक टूट चुके हैं। बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स आज क्रमशः 1.53 फीसदी और 1.23 फीसदी तक कम हो चुके हैं। आईटी छोड़कर बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स भी लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। वहीं निफ्टी सेक्टोरियल की बात करें तो ऑटो सेक्टर्स में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गई है। सिर्फ आईटी सेक्टर में सुधार दिखा है। शेयर बाजार में आज गिरावट के कारण बीएसई मार्केट कैप 4,63,29,045.07 रुपये से 6 लाख करोड़ रुपये घटकर 4,57,27,893 रुपये हो गया।



### सोना पहली बार 77 हजार रु. के पार पहुंचा

**मुंबई, जेएनएन।** सोने का भाव पहली बार 77,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के अनुसार आज (शुक्रवार) सोना 522 रुपए महंगा होकर 77,332 रुपए के स्तर पर है। वहीं, चांदी 335 रुपए की तेजी के साथ 91935 रुपए प्रति किलो पर बिक रही है। इससे एक दिन पहले चांदी 91,600 रुपए पर थी। चांदी का ऑलटाइम हाई 94,280 रुपए प्रति किलो है, जो उसने 29 मई 2024 को बनाया है। बढ़ती जियोपॉलिटिकल टेंशन के अलावा फेस्टिव सीजन ने सोने की डिमांड बढ़ाई है। दिवाली और धनतेरस जैसे त्योहारों को सोना खरीदने के लिए शुभ माना जाता है। फेस्टिव सीजन के बाद वेडिंग सीजन आने वाला है, इसलिए भी सोने में तेजी है। दुनिया में सोने को सबसे सुरक्षित निवेश के तौर पर देखा जाता है।



# जीवन साथी चुनने का अधिकार छीनता है बाल विवाह

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- इसे पर्सनल लॉ से नहीं रोका जा सकता, कानून में कई खामियां, अवेयरनेस की जरूरत



**नई दिल्ली, जेएनएन।** बाल विवाह को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए हमें अवेयरनेस की जरूरत है, सिर्फ सजा के प्रावधान से कुछ नहीं होगा। सीजेआई ने कहा कि हमने बाल विवाह की रोकथाम पर बने कानून (पीसीएमए) के उद्देश्य को देखा और समझा। इसके अंदर बिना किसी नुकसान के सजा देने का प्रावधान है, जो अप्रभावी साबित हुआ। हमें जरूरत है अवेयरनेस कैंपेनिंग की। सुप्रीम कोर्ट ने 10 जुलाई को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिका सोसाइटी फॉर एनलाइटनमेंट एंड वॉलेंटरी एक्शन ने 2017 में लगाई थी। एनजीओ का आरोप था कि बाल विवाह निषेध अधिनियम को शब्दशः लागू नहीं किया जा रहा है।

### पिछली सुनवाई में क्या-क्या हुआ था

सुप्रीम कोर्ट ने जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण जैसे विशिष्ट कार्यक्रमों पर सवाल उठाते हुए कहा था कि ये कार्यक्रम और व्याख्यान वास्तव में जमीनी स्तर पर चीजों को नहीं बदलते हैं। हम यहां किसी की आलोचना करने के लिए नहीं हैं। यह एक सामाजिक मुद्दा है। सरकार इस पर क्या कर रही है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने बेंच को वर्तमान स्थिति के बारे में बताते हुए कहा था कि आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और असम जैसे राज्यों में बाल विवाह के मामले ज्यादा देखे गए हैं। असम को छोड़कर पूर्वोत्तर राज्यों में ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। विधि अधिकारी का कहना था कि 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 29 ने बाल विवाह पर आंकड़े उपलब्ध कराए हैं। पिछले तीन साल में हालात में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने यह भी कहा था कि बाल विवाह के मामलों में दोषसिद्धि पर कोई डेटा उपलब्ध नहीं है। हालांकि 2005-06 की तुलना में बाल विवाह के मामलों में 50 प्रतिशत की कमी आई है।

**जाते-जाते सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बड़ी सौगात**

### सुप्रीम कोर्ट में अब सभी मामलों का सभी पीठ से होगा सीधा प्रसारण



**नई दिल्ली, जेएनएन।** एक अहम कदम उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सभी मामलों की सुनवाई का सीधा प्रसारण करने का फैसला किया है। सूत्रों ने बताया कि शीर्ष अदालत की सभी बेंचों की लाइव-स्ट्रीमिंग की सुविधा देने वाला एक ऐप परीक्षण के अंतिम चरण में है। इससे पहले यानी अब तक सिर्फ संविधान पीठ के समक्ष मामलों की सुनवाई का ही सीधा प्रसारण होता था, लेकिन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की पहल पर इसे सभी बेंच तक विस्तारित करने का फैसला किया गया है। यह पहला मौका है, जब दिन-प्रतिदिन की सुनवाई का नियमित सीधा प्रसारण करने का फैसला किया गया है। बता दें कि कोविड महामारी के बाद 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने संविधान पीठ के तहत होने वाले मामलों की सुनवाई की यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव स्ट्रीमिंग की पहली बार व्यवस्था की थी, जो अब तक जारी है और उसे अब सभी अदालतों तक विस्तारित किया जा रहा है। 27 सितंबर 2022 में जब पहली बार सुप्रीम कोर्ट की तीन संविधान पीठ की सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग की गई थी, तब 8 लाख से ज्यादा लोगों ने उसे देखा था। तब सुप्रीम कोर्ट की ओर से जारी एक बयान में कहा गया था कि यह कदम दूरदराज के लोगों की बाधाओं को दूर करने में मील का पत्थर साबित होगा और देश के हर कोने से नागरिकों को सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही देखने का अवसर मिल सकेगा।


**राज्यपाल कैबिनेट के फैसले मानने के लिए बाध्यः हाईकोर्ट**

### वे इसे नहीं बदल सकते, गवर्नर ने स्टालिन सरकार का फैसला रोका था



**चेन्नई, जेएनएन।** मद्रास हाईकोर्ट ने गुरुवार को कहा कि राज्यपाल कैबिनेट के फैसले मानने के लिए बाध्य हैं। वे कैबिनेट के फैसले बदल नहीं सकते। मद्रास हाईकोर्ट ने पुझल जेल में 20 साल की कैद की सजा काट रहे कैदी वीरभारती की याचिका पर सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की। वीरभारती ने राज्य सरकार से अपने अच्छे आचरण की दलील देते हुए जल्द रिहाई की मांग की थी। स्टालिन कैबिनेट ने वीरभारती की जल्दी रिहाई की मंजूरी दे दी, लेकिन गवर्नर आरएन रवि ने राज्य सरकार के इस फैसले पर रोक लगा दी। उन्होंने ही वीरभारती को हाईकोर्ट में याचिका लगाने को कहा था। याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस एसएम सुब्रह्मण्यम और जस्टिस शिवाग्नानम की बेंच ने कहा कि गवर्नर आरएन रवि का इस मामले में कोई व्यक्तिगत, नैतिक अधिकार नहीं होना चाहिए। बेंच ने वीरभारती को प्रक्रिया खत्म होने तक अंतरिम जमानत देने का फैसला सुनाया। वीरभारती ने कहा कि बाकी दोषियों की रिहाई नहीं अटकी वीरभारती ने अपनी याचिका में कहा कि इस तरह के अपराधों में दोषी ठहराए गए दूसरे कैदियों को समय से पहले रिहा कर दिया गया था। राज्य समिति ने पहले अच्छी तरह से जांच की थी। इसके बाद मेरी रिहाई की सिफारिश जरूरी दस्तावेजों के साथ सीएम को भेजी गई थी। कैबिनेट की मंजूरी के बाद मामले को राज्यपाल के पास भेजा गया था, लेकिन उन्होंने रिहाई से इनकार कर दिया।

### दिल्ली कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में दी आप नेता सत्येंद्र जैन को जमानत



**नई दिल्ली, जेएनएन।** आप के नेता और दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को शुक्रवार को दिल्ली की अदालत ने जमानत दे दी है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने कहा कि अभी ट्रायल के जल्द खत्म होने के आसार नहीं हैं। कोर्ट ने सत्येंद्र को 50 हजार रुपए का निजी मुचलका भरने का भी आदेश दिया। ईडी ने 24 अगस्त 2017 को सीबीआई की तरफ से दर्ज की गई एफआईआर को आधार बनाकर जैन के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच शुरू की थी। ईडी ने आरोप लगाया था कि सत्येंद्र ने उनसे जुड़ी 4 कंपनियों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग की। ईडी का आरोप था कि जैन ने इन फर्जी कंपनियों के जरिए आए पैसे का इस्तेमाल 14 फरवरी 2015 से 31 मई 2017 के बीच कई लोगों के नाम पर चल संपत्तियां खरीदने में किया। इसके अलावा दिल्ली और उसके आसपास कृषि भूमि की खरीद के लिए लोन अदायगी में किया था। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया था कि मामले में सत्येंद्र से पूछताछ की गई थी। इसमें वे संतोषजनक हिसाब नहीं दे सके थे। सत्येंद्र के अलावा पूनम जैन, अजित प्रसाद जैन, सनील कुमार जैन, वैभव जैन और अंकुश जैन के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद सत्येंद्र को 30 मई 2022 को गिरफ्तार किया गया था। तब से वे तिहाड़ जेल में थे।

**कहा- ट्रायल जल्द खत्म होने के आसार नहीं, मई 2022 में गिरफ्तार हुए थे**

## प्रदेश में माइनिंग सेक्टर में होंगे 20 हजार करोड़ रुपए के निवेश

### प्रदेश की धरती से हीरा के साथ सोना भी निकलेगाः सीएम यादव



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल में दो दिवसीय माइंनिग कॉन्क्लेव का शुक्रवार को समापन हो गया। कान्क्लेव में राज्य सरकार को 20 हजार करोड़ के प्रस्ताव मिले हैं। हीरे के बाद अब मध्यप्रदेश में सोना भी निकाला जाएगा। कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में सम्पन्न कॉन्क्लेव में विभिन्न 11 औद्योगिक संस्थानों की ओर से 19,650 करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में एमओआईएल (भारत सरकार का उपक्रम) और मध्यप्रदेश राज्य खनिज निगम लिमिटेड के मध्य खनिज ब्लॉक से संबंधित संयुक्त उद्यम समझौता हस्ताक्षरित भी हुआ। इस मौके पर सीएम डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के खनिज राजस्व में भी 5 गुना वृद्धि का लक्ष्य आने वाले समय में प्राप्त किया जाएगा। सीएम ने कहा कि पन्ना में हीरों का भंडार प्रदेश को अलग पहचान देता है। अब हीरों के साथ सोना भी यहां की धरती से निकलेगा। अन्य खनिजों के लिए भी प्रयास किए जाएंगे।

#### प्रतिनिधियों और निवेशकों ने की भेंट

कॉन्क्लेव के समापन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव से निवेशकों ने भेंट कर उन्हें राज्य में निवेश के प्रस्तावों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खनिज क्षेत्र के उद्यमियों से वन-टू-वन बातचीत की। इस मौके पर मुख्य सचिव अनुराग जैन के अलावा विभाग अधिकारी भी मौजूद रहे।

## जिला परियोजना समन्वयक 1 लाख की घूस लेते पकड़ाई

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** लोकायुक्त की टीम ने शुक्रवार को तीन सरकारी मुलाजिमों को घूस लेते रंगेहाथ दबोचा है। इंदौर में जिला शिक्षा केंद्र की जिला परियोजना समन्वयक शीला मेरावी को 1 लाख रुपए की घूस लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। उन्होंने स्कूल की मान्यता रद्द करने के लिए संचालक से रिश्वत मांगी थी। लोकायुक्त इंदौर ने अपनी दूसरी कार्रवाई में राजस्व निरीक्षक नरेश बिवालकर को 40 हजार की रिश्वत लेते दबोचा। उधर रीवा लोकायुक्त ने सतना में पटवारी को 1 हजार की घूस लेते पकड़ा है। लोकायुक्त इंदौर के मुताबिक दिलीप बुझानी अशोक नगर, इंदौर में स्कूल का संचालन करते हैं, उनके दोनों स्कूलों को मान्यता प्राप्त है। 5वीं-8वीं बोर्ड परीक्षा में उनके स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे शामिल हुए थे। उन्होंने लोकायुक्त को बताया कि आरटीआई एक्टिविस्ट संजय मिश्रा ने जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र इंदौर शीला मेरावी के कार्यालय से सूचना के अधिकार के तहत ■ शेष पृष्ठ 9 पर



**राजस्व निरीक्षक और पटवारी भी धराए**

### जमीन का कब्जा दिलाने 40 हजार रुपए रिश्वत ली

इधर ग्राम उजालिया तहसील देपालपुर के पूर्व सरपंच भगवान कुमावत से 40 हजार रुपए की घूस लेने वाले देपालपुर तहसील के राजस्व निरीक्षक नरेश बिवालकर को लोकायुक्त ने ट्रैप किया है। आरआई ने जमीन पर किए गए अवैध कब्जा को हटवाने के लिए घूस मांगी थी। 70 हजार रुपए वह पहले ही ले चुका है।

### ऋण पुस्तिका बनाने एक हजार की घूस

उधर, रीवा लोकायुक्त ने रामपुर बघेलान जिला सतना के पटवारी सुरेश कुमार साकेत को 1 हजार रुपए की घूस लेते पकड़ा है। उसने ग्राम कृष्णगढ़ के रामनाथ प्रजापति से जमीन की ऋण पुस्तिका बनाने के लिए 1000 की रिश्वत मांगी थी। शुक्रवार को टीम ने उसे दबोच लिया।

## एमयूडीए के ऑफिस में ईडी की छापेमारी

**बेंगलुरु, जेएनएन।** ईडी के 12 अधिकारियों की एक टीम ने शुक्रवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मैसुरु अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमयूडीए) के ऑफिस में छापेमारी की। ईडी ने एमयूडीए कमिश्नर रघुनंदन और स्पेशल लैंड एक्यूजीशन के ऑफिस की भी तलाशी ली। बताया जा रहा है कि कि एजेंसी कुछ दस्तावेज जब्त किए हैं। एजेंसी घोटाले में शामिल सभी अधिकारियों की जांच करेगी। यह छापेमारी एमयूडीए के चेयरमैन के मारी गौड़ा के इस्तीफे के बाद हुई है। ईडी सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्स के साथ आई थी। टीम ने मैसुरु में कई अन्य जगहों पर भी छापेमारी की है। हालांकि वे जगहें सीधे तौर पर मुख्यमंत्री या उनके परिवार से जुड़ी नहीं है। छापेमारी पर कर्नाटक के शहरी विकास मंत्री बी. सुरेश ने कहा कि यह छापेमारी नहीं है। वे दस्तावेज मांगने आए थे। आप दस्तावेज ■ शेष पृष्ठ 9 पर

**मंत्री बोले- छापामारी नहीं, दस्तावेज मांगने आई थी**

## योगी के पोस्टर में यूपी महाराष्ट्र की राजनीति




**जागरण, भोपाल।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक पोस्टर ने महाराष्ट्र चुनाव की राजनीति को गरमा दिया है। पोस्टर ने संकेत दिए है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में योगी अपने अंदाज में विपक्षियों पर गरजेंगे। गौरतलब है कि भाजपा के नेता विनय सहस्त्रबुद्धे ने एक पोस्टर जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि जाति और भाषा के आधार पर विभाजन करने की कोशिशों का जवाब देने का मंत्र हैं,बंटेंगे तो कटेंगे। इस पोस्टर को लेकर महाराष्ट्र से लेकर उत्तर प्रदेश की सियासी फिजा गरम हो गई है। जानकार मान रहे हैं कि भाजपा विपक्षियों के जाति जनगणना के दांव को काटने के लिए योगी को महाराष्ट्र के चुनावी मैदान में उतारने की तैयारी में है। योगी पिछले कुछ दिनों से विपक्षी दल के इस मुहिम के जवाब में बंटेंगे तो कटेंगे की बात कर रहे है। भाजपा इसे हथियार बनाकर मतदाताओं को एकजुट होने की कोशिश करेंगे। हालांकि राजनीति के जानकार यह भी मान रहे है कि महाराष्ट्र में यूपी वासियों को लेकर अक्सर विरोधी बयान सामने आते रहे है। ऐसे में चुनाव के दौरान योगी भाजपा के लिए कितने प्रभावकारी होंगे, यह चुनाव के नतीजों के बाद ही पता चल सकेगा।

## सलमान ने खरीदी नई बुलेट प्रूफ हाइटेक कार




**मुंबई, जेएनएन।** धमकियों के बीच एक्टर ने एक नई बुलेट प्रूफ गाड़ी खरीदी है, जिसकी चर्चा हो रही है। सलमान ने नई निसान पेट्रोल एसयूवी खरीदी है, जो बुलेट प्रूफ है। एक्टर के पास पहले से ही एक लैंड क्रूजर और निसान पेट्रोल थी। अब उन्होंने सुरक्षा कारणों से यह तीसरी गाड़ी खरीदी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इसकी कीमत 2 करोड़ रुपए है। सलमान ने इसे अपनी पिछली कार की तरह दुबई से इम्पोर्ट करवाया है।

**तोहफा** | केंद्र सरकार ने ओबीसी संगठनों के साथ इस मुद्दे पर चर्चा शुरू की

# ओबीसी को तोहफा देने की तैयारी में मोदी सरकार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के क्रीमी लेयर दायरे को बढ़ाने की मांग पर जल्द फैसला हो सकता है। केंद्र सरकार ने ओबीसी संगठनों के साथ इस मुद्दे पर चर्चा शुरू की है। फिलहाल जो संकेत मिल रहे हैं, उसके तहत क्रीमी लेयर की सीमा को 12 लाख रुपये तक किया जा सकता है। मौजूदा समय में ओबीसी क्रीमी लेयर की सीमा आठ लाख है, जो 2017 से नहीं बढ़ाई गई है। पहले हर तीन साल में इसकी समीक्षा होती थी।



### महाराष्ट्र सरकार ने दिया केंद्र को प्रस्ताव

इस बीच महाराष्ट्र सरकार ने भी ओबीसी क्रीमी लेयर के दायरे को बढ़ाने का केंद्र को प्रस्ताव दिया है। हालांकि इस प्रस्ताव से पहले ही केंद्र सरकार इस मुद्दे पर काम कर रही थी। केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने इस मुद्दे पर ओबीसी संगठनों से चर्चा भी की है।

### ओबीसी संगठनों ने की 15 लाख रुपए तक बढ़ाने की मांग

ओबीसी संगठनों ने क्रीमी लेयर के दायरे को 15 लाख रुपये तक बढ़ाने की मांग की है। उनका कहना है कि जिस हिसाब से महंगाई और लोगों की आय बढ़ी है, उसको देखते हुए यह बढ़ोतरी 15 लाख से कम ठीक नहीं होगी।

### संसदीय समिति की बैठक में भी उठा मुद्दा

क्रीमी लेयर का यह मुद्दा पिछले महीने हुई संसदीय समिति की बैठक में भी उठा। समिति ने इसमें हो रही देरी पर मंत्रालय के अधिकारियों को आड़े हाथों लिया था। मौजूदा समय में ओबीसी के क्रीमी लेयर के निर्धारण में वेतन और कृषि आय को शामिल नहीं किया जाता है। इसमें केवल कारोबार से होने वाली आय को जोड़ा जाता है। क्रीमी लेयर के दायरे में आने वालों को ओबीसी आरक्षण का लाभ नहीं दिया जाता है।

### क्या है क्रीमी लेयर

क्रीमी लेयर में आने वाले ओबीसी वर्ग के लोगों को सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण का लाभ नहीं मिलता है। वंचित लोगों को ही आरक्षण का लाभ मिले, इसलिए ही क्रीमी लेयर का प्रावधान किया गया है। अभी आठ लाख रुपये से अधिक साला इनकम वाले परिवार को क्रीमी लेयर का हिस्सा माना जाता है। इसके अलावा, ग्रुप ए, बी सेवा में काम करने वाले अधिकारियों के बच्चे भी इसमें आते हैं। साथ ही डॉक्टर, इंजीनियर और वकीलों के बच्चे भी इसके हिस्से में आते हैं।

## एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया से ईडी ने की पूछताछ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** तमन्ना भाटिया से ईडी ने गुरुवार को गुवाहाटी में एचपीजेड टोकन मोबाइल ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ की। एक्ट्रेस को एचपीजेड टोकन ऐप से जुड़े एक कार्यक्रम में सेलिब्रिटी अपीयरेंस के लिए पैसे मिले थे। इस ऐप के जरिए कथित तौर पर बिटकॉइन और क्रिप्टोकरेंसी के नाम पर लोगों को चुना लगाया गया है। तमन्ना भाटिया को एचपीजेड टोकन ऐप से जुड़े एक कार्यक्रम में सेलिब्रिटी अपीयरेंस के लिए पैसे मिले थे। हालांकि तमन्ना के खिलाफ कोई गंभीर आरोप नहीं हैं। उन्हें पहले भी बुलाया गया था, लेकिन काम की वजह से वह नहीं जा सकी थीं, इसलिए अब तमन्ना गुरुवार को असम के गुवाहाटी में ईडी के दफ्तर पहुंची थीं। एचपीजेड टोकन एक मोबाइल ऐप है, जिसमें कई तरह के गेम्स हैं।



## शिंदे के बेटे ने किया महाकाल मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश

### गर्भगृह में सिर्फ पुजारियों को ही प्रवेश करने की अनुमति



**उज्जैन, जेएनएन।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे और सांसद श्रीकांत शिंदे ने नियमों को तोड़ते हुए महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर भगवान महाकाल की पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके साथ उनकी धर्मपत्नी और दो अन्य लोग भी उपस्थित थे। ये घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है, जिसके वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। खबरों के अनुसार श्रीकांत शिंदे शाम की आरती के दौरान मंदिर पहुंचे और उन्होंने गर्भगृह में प्रवेश कर लगभग पांच मिनट तक पूजन किया। हालांकि नियमों के अनुसार श्री महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में सिर्फ पुजारियों को ही प्रवेश करने की अनुमति है। अन्य श्रद्धालु बाहर से दर्शन कर सकते हैं। मंदिर प्रशासन ने व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए लगभग एक साल पहले ये नियम लागू किया था। प्रदेश कांग्रेस की ओर से की गई पोस्ट में कहा गया है कि सत्ता के नशे में भाजपा और उनके सहयोगी दलों के नेता अपने आपको भगवान से भी ऊपर मानने लगे हैं। ■ शेष पृष्ठ 9 पर

**शिकंजा:** इस साल लोकायुक्त ने 135 भ्रष्टाचारियों को दबोचा

# समस्या आम, बिना रिश्वत नहीं काम



## हर काम का दाम तय, आम आदमी को नोच रहे भ्रष्ट सरकारी मुलाजिम

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** मध्यप्रदेश में जन्म प्रमाण पत्र से लेकर घर की रजिस्ट्री करानी हो या मृत्यु प्रमाण पत्र लेना हो, सरकारी दफ्तरों में रिश्वतखोर बाबू, कर्मचारी, अधिकारी कुंडली मारकर बैठे हैं। इस साल लोकायुक्त की अलग-अलग सरकारी विभागों के मुलाजिमों के खिलाफ हुईं ट्रैप, सर्चिंग की कार्रवाई से ऐसा लग रहा कि जैसे कोई विभाग बचा ही नहीं है। जहां, घुन की तरह सबकुछ चट करने के लिए हर कुर्सी पर रिश्वतखोर न बैठे हों। जनवरी 2024 से अक्टूबर के बीच लोकायुक्त ने 135 सरकारी मुलाजिमों को घूस लेते, भ्रष्टाचार करते हुए रंगे हाथ पकड़ा। इनमें राजस्व विभाग के बाद सबसे अधिक शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी करप्शन में धराए। जो सबसे अधिक चिंतनीय है। दैनिक जागरण ने इस साल रिश्वत लेते धराए ऐसे 5 महत्वपूर्ण विभागों के कर्मचारियों के घूस के रेट की समीक्षा की। जिसमें चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। इसमें पीएम रिपोर्ट-डेथ सर्टिफिकेट के 5 से 10 हजार, सरकारी योजना का लाभ दिलाने का 10 फीसदी रिश्वत, बिल पेमेंट में 15 से 25 फीसदी तक घूस ले रहे हैं। भ्रष्टाचार की शिकायत निपटारे में 30 से 40 फीसदी तक रिश्वत ली गई।

### जो सुविधा फ्री में मिलनी, उस में भी घूस

सरकारी मुलाजिम जो काम फ्री में आम लोगों का करना है, उसमें भी घूस लेते हैं। घूस नहीं देने पर काम में देरी, सर्वर ठप, फाइल नहीं मिलने जैसे छोटे-छोटे बहाने कर आम लोगों को परेशान करते हैं। परेशान होकर लोग उन्हें घूस दे देते हैं। जागरुकता के अभाव में लोग लोकायुक्त कार्यालय तक शिकायत नहीं करते।

### इस काम की इतनी घूस

**10** फीसदी घूस सरकारी योजना का लाभ दिलाने लाभार्थी राशि का


**01** से 3 हजार तक एक खसरा-खतौनी का

**05** से 10 हजार डेथ-बर्थ सर्टिफिकेट, पीएम रिपोर्ट सर्टिफिकेट के

**30** से 40 फीसदी भ्रष्टाचार में पकड़े जाने के बाद जांच को रफा-दफा करने

नोटः घूस के रेट के आंकड़े साल 2024 में ट्रैप हुए सरकारी अधिकारियों की लोकायुक्त में दर्ज हुई एफआईआर के अनुसार)

### हिंगोरानी के 7 बैंकों में मिले खाते



तकनीकी शिक्षा विभाग के मुख्यमंत्री मेधावी योजना में पदस्थ जूनियर ऑडिटर रमेश हिंगोरानी के पास आय से अधिक संपत्ति के मामले में लोकायुक्त को उनके 7 बैंक खातों की जानकारी मिली है। इन खातों में जमा रकम की जानकारी लेने लोकायुक्त बैंक को पत्र लिखेगी। हिंगोरानी के बैंक अकाउंट सीज करा दिए हैं। जिससे कि वह उन अकाउंट से लेनदेन नहीं कर सकें। इसके साथ ही अचल संपत्ति के दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है। इसमें रमेश के अलावा उनके परिवार के सदस्यों के नाम की प्रॉपर्टी का वित्तीय आंकलन किया जाएगा। बता दें कि लोकायुक्त की टीम तीन से छानबीन कर रही है।

### इन चर्चित कांड से समझिए करप्शन की जड़ें

**1 केस**

ग्राम चिल्हारी, तहसील मानपुर, जिला उमरिया निवासी वीरेन्द्र यादव ने रीवा लोकायुक्त एसपी को शिकायत की थी। उसने बताया कि उसके भतीजे बाली यादव की पानी में डूबने से मौत हो गई थी। इसकी पीएम रिपोर्ट देने मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का डाक्टर राजेन्द्र मांझी 10 हजार घूस मांग रहा है। 30 सितंबर को लोकायुक्त ने डॉक्टर को घूस लेते रंगे हाथ दबोचा।

**2 केस**

ग्राम नेहतड़ा, तहसील-जोबट, जिला-अलीराजपुर निवासी सिकदार सिंह कलेश शासकीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय जोबट (खारी) में माध्यमिक शिक्षक पदस्थ हैं। छात्रावास के मेस संचालन का बाजार से खरीदी गई सामग्री के करीब 10 लाख का बिल लंबित था। प्राचार्य अभिषेक पाण्डेय ने 10 फीसदी कमीशन मांगा। इंदौर लोकायुक्त टीम ने घूस लेते दबोचा।

**3 केस**

आकृति गार्डन भोपाल निवासी विनोद शर्मा विशाल सागर गृह निर्माण समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य हैं। उनके खिलाफ वित्तीय अनियमितता की सहकरिता विभाग में जांच चल रही थी। इसकी जांच कर निराकरण करने के लिए संयुक्त आयुक्त सहकारिता विनोद सिंह ने 5 लाख रुपए की घूस मांगी। घूस की पहली किस्त लेते भरे चौराहे में लोकायुक्त ने पकड़ा।


**4 केस**

ग्राम-मुकाम पोस्ट बम्हनी छिन्दी (पातालकोट) जिला-छिंदवाड़ा निवासी बलीराम भारती शासकीय प्राथमिक शाला बम्हनी विकास खंड तामिया में सहायक शिक्षक हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय तामिया में अपना जीपीएफ पार्ट फायनल की राशि 9 लाख का आवेदन दिया। इसे पास करने विकासखंड शिक्षा अधिकारी तामिया कार्यालय में पदस्थ बाबू सतीश तिवारी ने 30 हजार की घूस मांगी। लोकायुक्त ने दबोचा।

**5 केस**


ग्राम बरखेड़ा, जिला अशोक नगर निवासी रामप्रसाद अहिरवार की पत्नी सियाबाई जानकी स्वसहायता समूह की अध्यक्ष हैं। पोषण आहर हेतु मासिक भुगतान भारतीय स्टेट बैंक शाखा बंगला चौराहा के संयुक्त खाता में किया जाता है। अगस्त में खाते में पोषण आहर के रूप में 19,800 रुपए आए। महिला बाल विकास मुंगावली कार्यालय में पदस्थ बाबू अनिल कुमार पाठक 25 फीसदी कमीशन मांगा। लोकायुक्त ने ट्रैप किया।

# शहर के 35 इलाकों में आज होगी बिजली कटौती



**जागरण, भोपाल।** भोपाल के 35 से ज्यादा इलाकों में शनिवार को 3 से 6 घंटे तक बिजली कटौती होगी। इन इलाकों में बिजली कंपनी मेंटेनेंस करेगी। जिन इलाकों में बिजली गुल रहेगी, उनमें ऐशबाग, जनता क्वार्टर, गुलमोहर, रोशनपुरा, छोला, रोशनपुरा, इब्राहिमगंज जैसे कई बड़े रहवासी इलाके भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक राजीव नगर, गीत बंगलो, बाग फरहत अफजा, ऐशबाग, जनता क्वार्टर एवं आसपास। सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक छोला एवं आसपास के इलाके। सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक सज्जाद कॉलोनी, इब्राहिमगंज एवं आसपास के क्षेत्र।

सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक वेस्टर्न कोर्टियाट कॉलोनी, सिंगापोर सिटी कॉलोनी, श्रीराम कॉलोनी, दीपक सोसायटी, रोहित नगर फेस-2, अरविंद विहार, तुलसी विहार, कुंदन कॉलोनी, आदि परिसर, गुलमोहर, रोशनपुरा, शाहजहांनाबाद, लव-कुश अपॉर्टमेंट, महाजन बंगलो एवं आसपास के इलाके। सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक ब्रिटिश पार्क, ग्रीन मीडोज कॉलोनी, 11 मील गार्डेन सिटी कॉलोनी, आरआरजी कॉलोनी, छान एवं आसपास के इलाकों में कटौती की जाएगी।




# ट्रैक्टर पर बैठे-बैठे ड्राइवर की मौत

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** बिलखिरिया में 11 मील बायपास पर खड़े ट्रैक्टर पर ड्राइवर की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक अशोका गार्डन का रहने वाला है और सरिया छोड़ने औबेदुल्लागंज गया था। वहां से लौटते समय 11 मील बायपास पर उसकी तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। पुलिस के अनुसार राकेश लोधी पिता ओमकार लोधी (28) सेमरा, अशोका गार्डन में रहता था और ट्रैक्टर चलाता था। बुधवार सुबह वह अशोका गार्डन से सरिया लेकर औबेदुल्लागंज पहुंचा। वहां सरिया खाली कर लौट रहा था। उसने मालिक को बताया कि ग्यारह मील बायपास तक पहुंच गया है। उसने यह भी बताया था कि शराब पी रखी है और नशा ज्यादा हो गया है। मालिक ने कहा कि ट्रैक्टर साइड में खड़ा कर लो। नशा कम होने पर ट्रैक्टर लेकर निकल जाना। गुरुवार दोपहर सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा तो राकेश की लाश टैक्टर सीट पर बैठी हुई अवस्था में मिली। पुलिस का कहना है कि सड़क से गुजरने वाले वाहनों के लोगों ने देखा होगा, लेकिन किसी ने गौर नहीं किया। गुरुवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे कुछ लोग यहां से पैदल गुजरे और उन्होंने पास जाकर देखा, तब पता चला कि ट्रैक्टर सीट पर बैठे व्यक्ति की मौत हो चुकी है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित विद्या नगर झुग्गी बस्ती में आकाश पेठारी ने फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। लाश करीब तीन से चार दिन पुरानी होने के कारण डिकंपोज हो चुकी थी।

IDBI BANK
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400005
सीआईएन: L65190MH2004GOI148838
पूरे भारत में आईडीबीआई बैंक शाखाओं के लिए स्वर्ण शुद्धता परीक्षण मशीनों की आपूर्ति, संस्थापन और रखरखाव हेतु निविदा
पूरे भारत में आईडीबीआई बैंक की शाखाओं के लिए स्वर्ण शुद्धता परीक्षण मशीनों (Gold Purity Testing Machines) की आपूर्ति, संस्थापन और रखरखाव हेतु निविदा आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. जानकारी के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट www.idbibank.in (नोटिस और निविदा लिंक के अंतर्गत) पर जाएँ अथवा 022-66552906/66194339 पर संपर्क करें. **आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 11 नवंबर 2024 को दोपहर 3.00 बजे तक है.** उपरोक्त के संबंध में कोई भी शुद्धिपत्र केवल बैंक की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा और समाचार पत्रों में अलग से कोई अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी.
ह./-
उप महाप्रबंधक (आईएमडी)

सीए छात्र ने आरओबी से छलांग लगाकर दी जान

# भाई से बोला- माता-पिता का ध्यान रखना, मैं जा रहा हूं...



**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** शाहपुरा इलाके में बावड़िया आरओबी से गुरुवार रात सीए के छात्र ने छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। सुसाइड से पहले उसने अपने बड़े भाई को फोन कर कहा कि मां-पिता की ठीक से देखभाल करना, मैं जा रहा हूं...। भाई यह सुनकर सन्न रह गया। वह समझाता तब तक उसने छलांग लगा दी। उसके पास सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन की पूछताछ में भी आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके। पुलिस के मुताबिक, ईश्वर नगर, शाहपुरा निवासी 19 वर्षीय अनिल गोलिया पिता महेंद्र गोलिया (19) ईश्वर नगर, शाहपुरा में रहता था। अनिल सीए की तैयारी कर रहा था। उसका बड़ा भाई अजय होशंगाबाद रोड स्थित फर्नीचर के शोरूम में काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात अनिल ने रात करीब 11 बजे खाना खाया और वह निकल गया। एक बजे के आसपास अनिल ने अजय को कॉल किया और कहना लगा कि मां पिता की ठीक से देखभाल करना मैं जा रहा हूं। इसके बाद उसने कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया।

## आरओबी पर घूमने आता था छात्र

अजय ने बताया कि अनिल घर से अक्सर ब्रिज की तरफ टहलने के लिए जाता था। उसे अनुमान था कि वह ब्रिज ही गया होगा। अजय उसे देखने ब्रिज के पास गया। घर लौटने समय ब्रिज के नीचे भाई को घायल अवस्था में देखा। इसके बाद पिता को कॉल कर बुलाया। अजय पिता अनिल को नर्मदा अस्पताल लाए। वहां डॉक्टर किसी बड़े अस्पताल ले जाने को कहा एम्स में डॉक्टर ने चेक करने पर अनिल को मृत घोषित कर दिया।

**परिवार में था सबसे छोटा:** अजय ने बताया कि अनिल परिवार में सबसे छोटा था। बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। परिवार में पिता राज मिस्त्री का काम करते हैं। मां और छोटी बहन है। अनिल को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं थी। वह सीए की तैयारी कर रहा था। जब भी उसे पैसों की जरूरत होती थी मां उसे देती थी।



## संक्षिप्त खबरें

### इस बार चाइनीज नहीं, स्वदेशी दीयों से मनाएं दीपावली

**विसं भोपाल।** इस दिवाली चाइनीज नहीं स्वदेशी उत्पादों से घर सजाएं और दिवाली का त्यौहार मनाएं। दिवाली को स्वदेशीमय बनाने के लिए स्वदेशी उत्पादों से स्वावलंबी बनने एक कार्यशाला का आयोजन जिला स्वावलंबन केंद्र शिवाजी नगर पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों एक साथ दिया गया। कार्यशला में स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत सह प्रमुख सीमा भारद्वाज ने बताया कि स्वदेशी झालरों के मुकाबले चाइनीज झालर अच्छी नहीं होतीं। वहीं यदि हम स्वदेशी झालरों का इस्तेमाल करेंगे तो स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही स्वावलंबी भारत की ओर यह एक बड़ा कदम होगा। कार्यशाला में स्वदेशी झालर की विशेषज्ञ सुनीता जैन, मनीषा पाटिल और पायल ने प्रोफेशनल तरीके से से 50 बल्बों की स्वदेशी झालर बनाना सिखाया गया। वहीं आशा साहू ने कलश दीया डेकोरेशन सिखाया गया। वहीं सोनल श्रीवास्तव ने मांडना ्तो पायल शर्मा ने सही रुई से सुंदर गोल और लंबी बत्ती बनाना, मानसी दिव्या और अंशिका ने तोरण और रंगोली बनाना सिखाया। इसके साथ ही कार्यशलाा में वीना जैन, दीपा शर्मा, प्रीति सक्सेना ने दीवाली गीत और देशभक्ति गीत सुनाकर सबका उत्साह बढ़ाया।

### परमार को हाईकोर्ट ने दी एमएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में बैठने की अनुमति

**जागरण, भोपाल।** नर्सिंग घोटाले को उजागर करने वाले एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार को उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। उच्च न्यायालय की जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डबल बेंच ने सुनवाई करते हुए रवि परमार को एमएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में फिजिकल फॉर्म भरकर शामिल होने की अनुमति दी है। परमार के अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय ने बताया कि सुनवाई के दौरान जस्टिस संजीव सचदेवा ने कहा कि याचिकाकर्ता रवि परमार एक छात्र नेता है और उसके खिलाफ लगभग चार एफआईआर दर्ज हैं, उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा कथित रूप से उल्लंघन की गई धाराओं में से कोई भी नैतिक अधमता से संबंधित नहीं है और इसके अलावा, कार्यवाही केवल लंबित है और याचिकाकर्ता को अभी तक दोषी नहीं ठहराया गया है और इस तरह की शर्त मौलिक अधिकार के बिल्कुल विपरीत है। उच्च न्यायालय ने मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) को निर्देश दिया कि वह परमार का फिजिकल फॉर्म स्वीकार करे, जिससे वे परीक्षा में शामिल हो सकें। यह अनुमति बिना किसी पूर्वाग्रह के दी गई है और अंतिम निर्णय अदालत द्वारा बाद में लिया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 7 नवंबर 2024 को होगी।

### विजयपुर-बुधनी में चुनाव की अधिसूचना जारी, पहले दिन नहीं हुआ कोई नामांकन

**विसं भोपाल ।** श्योपुर जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रं 02-विजयपुर और सीहोर जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रं156-बुधनी में उप निर्वाचन के संबंध में शुक्रवार को को अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके साथ ही अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह ने बताया कि श्योपुर और सीहोर जिले की सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता पूरी तरह से प्रभावशील है। उन्होंने बताया कि नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने के पहले दिन दोनों विधानसभा क्षेत्रों में कोई भी नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त नहीं हुआ।

**उप निर्वाचन का कार्यक्रम**

नाम-निर्देशन पत्र भरने की अंतिम तारीख - 25 अक्टूबर
नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा - 28 अक्टूबर को
नाम वापसी की अंतिम तारीख - 30 अक्टूबर
मतदान - 13 नवम्बर को
मतगणना - 23 नवम्बर को

### कांग्रेस का उपवास कार्यक्रम आज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, दुराचार, अनाचार जैसी विभिन्न आपराधिक घटनाओं के विरोध में प्रदेश कांग्रेस का एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय उपवास कार्यक्रम 19 अक्टूबर को होगा। रोशनपुरा चौराहे पर यह उपवास पूर्वान्ह 11 बजे से प्रारम्भ होगा। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ-दिग्विजयसिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण उपवास कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे।

### गड्ढा खोदकर चैंबर बनाना भूला बीडीए

**भोपाल।** सलैया स्थित 13 शटर आकृति ग्रीन के पास सड़क किनारे सीवेज चैंबर बनाने के लिए खोदे गए गड्ढे को खुला छोड़ देने का मामला सामने आया है। आसपास के दुकानदारों का कहना है कि विगत 15 दिन पहले यहां भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने सीवरेज चैंबर बनाने के लिए गड्ढा खुदवाया। जहां न तो चैंबर का निर्माण करवाया और न ही सुरक्षा का इंतजाम किए। इस कारण खुले पड़े गड्ढे दुकानदारों एवं राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है और इससे कभी-भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

### संगीत समारोह आज

**भोपाल।** राजधानी के शहीद भवन में शनिवार को ठाकुर हरिशचंद्र सिंह संगीत समारोह का आयोजन होगा,जिसमें कई कलाकारों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। प्रथम चरण में सरस्वती पूजन एवं भरतनाट्यम की प्रस्तुति होगी।द्वितीय चरण में संगीतज्ञ ठाकुर हरिशचंद्र सिंह स्मृति सम्मान देश के पाँच प्रसिद्ध कलाकारों को प्रदान किया जायेगा। संस्था सचिव अंशुल प्रताप सिंह ने बताया कि यह आयोजन 2017 से प्रारम्भ किया गया था,जो कि निरंतर जारी है।

### आयोग में सदस्य की नियुक्ति

**भोपाल।** राज्य शासन ने मुकेश कुमार शुक्ला को मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग में सदस्य पद पर आगामी आदेश तक नियुक्त किया है। राज्य शासन द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिये गये है।

### मासूम बच्चे की हुई मौत पर संज्ञान

**भोपाल।** भोपाल के साईं नगर हबीबगंज इलाके में रहने वाले एक आठ वर्षीय मासूम बच्चे की दुर्गा विसर्जन के लिए मोहल्ले में आए डीजे के तेज आवाज से मृत्यु होने की घटना सामने आई है। मासूम बच्चा डीजे की आवाज सुनकर डांस करने चला गया, इसी दौरान डीजे की तेज आवाज और शोर से बच्चा बेहोश होकर नीचे गिर गया। मामले में संज्ञान लेकर मप्र मानव अधिकार आयोग ने पुलिस कमिश्नर, भोपाल से मामले की जांच कराकर डीजे वालों पर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन मांगा है।

# उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती 2023 की दोबारा हुई चयन परीक्षा तो विभाग को करनी होगी पदवृद्धि

**विभाग को नई समस्या का करना हो समाधान**

## हाईकोर्ट ने दिए हैं निर्देश, विभाग ने वर्ष 2022 की द्वितीय काउंसलिंग को बताया था नई भर्ती

**जागरण, भोपाल।** उच्च माध्यमिक यानी वर्ग 1 शिक्षक भर्ती 2023 में हाईकोर्ट ने ऐसे पात्र उम्मीदवारों के लिए दोबारा चयन परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए हैं, जिन्हें नियमानुसार आयु सीमा में 3 साल की छूट नहीं मिली है। ऐसे उम्मीदवारों की संख्या करीब 1500 से 2 हजार के बीच है। अब यदि विभाग दोबारा चयन परीक्षा का आयोजन करता है और उनमें कुछ उम्मीदवार मेरिट में आ जाते हैं तो फिर विभाग के सामने ए दिक्कत हो जाएगी कि वह पहली चयन परीक्षा में मेरिट में आए उम्मीदवार को नौकरी दे या कोर्ट के आदेश से दोबारा हुई चयन परीक्षा में मेरिट में आए अभ्यर्थी को ज्वाइनिंग दे। इस उलझन से बचने के लिए विभाग भर्ती में वर्ग 1 के पदों को बढ़ाकर ज्वाइनिंग दे सकता है।



### भर्ती में सिर्फ टॉपर्स को ही मौका

वर्ग-1 में 8720 पद में से करीब 3 हजार पद बैकलॉग के हैं। इसमें भी जातिगत आरक्षण आ जाता है। अतिथि शिक्षकों का कोटा अलग से है। 16 विषयों पर भर्ती हो रही है। जब इन पदों को विषयवार डिवाइड करें तो हर विषय में गिने चुने ही पद हैं। ऐसे में पूरी भर्ती ही टॉपर के बीच हो जा रही है। अन्य चयनित उम्मीदवारों के लिए कोई मौका ही नहीं है। यही कारण है कि वेटिंग टीचर भी लंबे समय से सरकार से पदवृद्धि की मांग कर रहे हैं।

### 35 हजार से अधिक पद खाली

उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा-2023 सौलह विषयों के लिए 8720 पदों की भर्ती हेतु परीक्षा आयोजित की गई थी। जबकि प्रदेश में 35 हजार से ज्यादा पद खाली हैं। बता दें कि पहली बार ऐसा हुआ जब एक ही भर्ती के लिए दो बार परीक्षा ली हो। वर्ग 1 की भर्ती के लिए मार्च 2023 में पहले पात्रता परीक्षा आयोजित की गई। इसमें चयनित उम्मीदवारों ने अगस्त 2023 में सलेक्शन टेस्ट दिया। इस आधार पर वेटिंग लिस्ट जारी की गई।

### 2022 में नहीं हुई थी शिक्षकों की नई भर्ती

शिक्षक भर्ती से जुड़े जो विवाद कोर्ट की शरण में पहुंचे, उसमें स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से हमेशा ए साबित करने का प्रयास रहा कि 2022 में नया विज्ञापन जारी कर नई भर्ती की गई। हालांकि एमपी हाईकोर्ट के जजमेंट में ए स्पष्ट हो गया है कि 1 दिसंबर 2022 तक की सभी नियुक्तियां बिना किसी अलग भर्ती परीक्षा के की गई थीं। ए नियुक्ति के लिए आयोजित बार-बार की गई प्रक्रियाएं कुछ और नहीं, बल्कि नियुक्ति के लिए मात्र काउंसलिंग प्रक्रियाएं थीं, क्योंकि आगे कोई चयन परीक्षा कभी आयोजित नहीं की गई थी।

### ईडब्ल्यूएस उम्मीदवार के मामले में 12 नवंबर को फैसला

वर्ग 1 शिक्षक भर्ती 2018 में 848 ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों की नियुक्ति मामले में 12 नवंबर को हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस की डबल बेंच में फाइनल सुनवाई है। इस मामले में भी विभाग की ओर से 2022 की भर्ती को नया बताने की कोशिश हुई थी। इसी आधार पर डीओपीटी के लेटर को प्रस्तुत कर बिंदु क्रमांक 6.3 को लेकर बैकलॉग कैरी फॉरवर्ड नियम का हवाला दिया गया था, पर ए नियम तो फ्रेश यानी नई भर्ती पर लागू होते हैं और हाईकोर्ट ए स्पष्ट कर चुका है कि 2022 में हुई प्रक्रिया नई भर्ती नहीं बल्कि द्वितीय चरण की काउंसलिंग थी। ऐसे में अब इसका असर ईडब्ल्यूएस मामले में भी पड़ सकता है।

### विभाग के पास हैं विकल्प

1. विभाग हाईकोर्ट के फैसले को ऊपरी अदालत में चैलेंज कर सकता है, लेकिन इससे भर्ती प्रक्रिया और लंबी खिंच सकती है। वैसे भी एक ही भर्ती से जुड़े अलग अलग इश्यू को लेकर कई याचिकाएं कोर्ट में लंबित हैं। एक मामले के फैसले का असर दूसरे केस पर पड़ सकता है, ऐसे में यदि किसी फैसले को चुनौती दी जाती है तो भर्ती प्रक्रिया और अधिक लंबी खिंच सकती है।

2. विभाग हाईकोर्ट के फैसले का पालन करता है तो उसे दो महीने के अंदर पात्र उम्मीदवारों के लिए दोबारा चयन परीक्षा करनी होगी। मेरिट डिस्टर्ब होना तय है। ऐसे में 2023 की भर्ती की प्रथम काउंसलिंग के ज्वाइनिंग लेटर अटक सकते हैं। क्योंकि यदि दूसरी चयन परीक्षा में उम्मीदवार पहली चयन परीक्षा के मेरिट होल्डर जितने अंक ले आता है तो नौकरी किसे दी जाएगी।


### सिर्फ इनके लिए दोबारा आयोजित होगी परीक्षा

एमपी हाईकोर्ट ने फैसले में स्पष्ट किया है कि दोबारा चयन परीक्षा का आयोजन सिर्फ उन याचिकाकर्ता उम्मीदवारों के लिए किया जाएगा, जिन्होंने कोविड-19 के तहत आयु सीमा में छूट का उपयोग इससे पहले की किसी भी काउंसलिंग में नहीं किया हो। कहने का अर्थ ए है कि हाईकोर्ट के फैसले का लाभ उन्हीं याचिकाकर्ताओं को मिलेगा जो शिक्षक पात्रता परीक्षा के किसी भी राउंड में सरकार के आयु सीमा में 3 साल की छूट का उपयोग नहीं किया हो। हालांकि 2018 की परीक्षा कोरोना महामारी से पहले आयोजित हो गई थी, ऐसे में माना जा रहा है कि हाईकोर्ट के फैसले से 1500 से 2000 उम्मीदवारों को लाभ मिल सकता है।

# एरियल आधार पर सड़क की दूरी होगी कमः मंत्री सिंह

## सड़कों की गुणवत्ता पर मंथन आज से, नितिन गडकरी आएंगे

**विशेष संवाददाता भोपाल।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा है कि विभाग जल्द ही कुछ नवाचार करेगा, जिसका उद्देश्य निर्माण कार्यो में गुणवत्ता और पारदर्शिता है। विभाग एरियल दूरी के आधार पर सड़क दूरी कम करने का प्रयास करेगा,तो लोक कल्याण सरोवर जैसे अनूठी पहल भी की जाएगी। मंत्री सिंह शुक्रवार को भोपाल में शनिवार से शुरु हो रहे दो दिवसीय सेमिनार के संबंध में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा पिछले 10 माह महीने के कार्यकाल में हमने विभाग की कार्यशैली में महत्वपूर्ण बदलाव किए है। हमने विभाग को अधिक पारदर्शी,जवादेह और तकनीकी रुप से उन्नत बनाने के लिए कई तरह के नवाचार किए है। सिंह ने कहा कि सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए राज्य सरकार ने लोक-पथ ऐप के जरिए सड़कों की मरम्मत कराने की पहल की है। इसमें अब तक 3700 से अधिक शिकायतें प्राप्त की गई है,जिनमें से 95 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण 7 दिन के अंदर किया गया हैं। उन्होंने कहा कि 15 नवम्बर तक विभाग की शे, सड़कों को भी ऐप में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि एफडीआर तकनीक के उपयोग से निर्मााम लागत में 15 से 30 प्रतिशत तक की कमी आई है। इसने सड़क निर्माण परियोजनाओं को न केवल आर्थिक रुप से अधिक व्यावहारिक बनाया है,बल्कि तेजी से काम पूरा होने के कारण समय की भी बड़ी बचत होती है। प्रदेश में सड़क गुणवत्ता के लिए डामर की गुणवत्ता पर अधिक जोर दिया जा रहा है। हमने ठेकेदारों से कहा कि वे अब से पेट्रोलियम कंपनियों से डामर की खरीददारी करें. । इसके लिए ठेकेदारों को डामर खरीदी के बिल देने होंगे,तभी उनका भुगतान हो सकेगा। पीडब्ल्यूडी मंत्री सिंह ने कहा कि विभाग एरियल दूरी के आधार पर सड़क दूरी करम करने का प्रयास करेगी। इस दिशा में दो शहरों के बीच सड़क दूरी और एरियल दूरी की तुलना करके नवीन ग्रीनफील्ड सड़कों का निर्माण करने की विभाग योजना बना रहा है। उन्होंने बताया कि इसी तरह हमने सड़क निर्माण के दौरान स्थानीय किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए लोककल्याण सरोवर बनाने की पहल की है। इसमें निर्माण के दौरान आवश्यक मिट्टी को निकालने के बाद उस स्थान को छोटे तालाब बनाए जाएगे,जिससे बारिश का पानी जमीन पर जा सके और वहां का जलस्तर बढ़ सके।



### नितिन गडकरी आएंगे आज

मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि राजधानी के रविन्द्र भवन में आयोजित दो दिवसीय सेमिनार का शुभारंभ केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी करेंगे। कार्यक्रम में सीएम डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि भारतीय सड़क कांग्रेस(आईआरसी)और मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सड़क और पुल निर्माण के लिए नई तकनीक,नई सामग्रियों का उपयोग और अनुबंध प्रक्रियासे जुड़ी चुनौतियों पर विशेषज्ञअपने अनुभव साझा करेंगे।



# बीएलओ की नियुक्ति पर कांग्रेस ने की शिकायत, कार्यवाही की मांग

## विधानसभा उप चुनाव विजयपुर के जिला श्योपुर का मामला

**भोपाल।** कांग्रेस ने मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से विधानसभा उप चुनाव विजयपुर जिला श्योपुर में जाति विशेष के बीएलओ नियुक्त किए जाने की शिकायत करते हुये कार्यवाही करने की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस के चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे.पी. धनोपिया ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को एक शिकायती पत्र लिखते हुये बताया है कि प्रदेश में दो स्थानों पर विधानसभा उप चुनाव की घोषणा माननीय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा की गई है तथा आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो चुकी है। विजयपुर विधानसभा उप चुनाव क्षेत्र से भाजपा द्वारा मध्यप्रदेश शासन के वन मंत्री रामनिवास रावत को प्रत्याशी घोषित किया गया है एवं चुनाव के पूर्व प्रशासनिक स्तर पर रावत के पक्ष में उनके रिश्तेदारों को चुनाव ड्यूटी में तैनात करने का कार्य किया जा रहा है, जिसका उदाहरण यह है कि जानकारी अनुसार विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में करीब 46 बीएलओ को रामनिवास रावत की मंशा अनुसार पदस्थ किया गया है तथा प्रशासन द्वारा आचार संहिता लगने से पूर्व की पुरानी तारीखों मे शासकीय आदेश जारी किए जा रहे है, जिसमें 9 बीएलओ की सूची प्राप्त हुई है, जिसमें व्यक्ति विशेष रावत एवं मीना जाति के व्यक्तियों को ही पदस्थ किया जा रहा है। यहां तक मंत्री के सगे रिश्तेदार को भी बीएलओ बना दिया गया है तथा 9 बीएलओ परिवर्तित किए जाने की सूची जारी की गई है। धनोपिया ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को भेजी शिकायत में कहा है कि विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में उप चुनाव का मतदान स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के संबंध में विशेष कदम उठाए जावें तथा जो 46 बीएलओ मंत्री रावत के प्रत्याशी होने की दशा में परिवर्तित किए गए हैं उस परिवर्तन को निरस्त किया जाए।

# सीएम व अध्यक्ष बने सक्रिय सदस्य

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की भाजपा के सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत



**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को भाजपा के सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत की। उन्हें प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी का पहला सक्रिय सदस्य बनाया। इधर भाजपा मुख्यालय में प्रदेशाध्यक्ष शर्मा की सक्रिय सदस्यता का नवीनीकरण किया गया। शुक्रवार को सदस्यता अभियान की टोली मुख्यमंत्री आवास पहुंची,जहां पर सीएम डॉ. यादव की सक्रिय सदस्यता का नवीनीकरण किया गया। इस मौके पर संगठन महामंत्री हितानंद भी मौजूद रहे। यहां अपने उद्बोधन में डॉ. यादव कार्यकर्ताओं और जनता से आव्हान किया कि वे राष्ट्र के निर्माण के लिए इस अभियान से जुड़िए और पार्टी की सक्रिय सदस्यता ग्रहण कीजिए। इसी भाजपा दफ्तर में भाजपा जिला सक्रिय सदस्यता टोली ने प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद को पार्टी की सक्रिय सदस्यता ग्रहण कराई। जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी ने यहां कहा कि भोपाल के सभी मंडलों में पार्टी कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में सक्रिय सदस्य बनाए। इस मौके पर विधायक भगवान दास सबनानी,प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल,प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को भोपाल जिलाध्यक्ष श्री सुमित पचौरी के नेतृत्व में भाजपा जिला सदस्यता टोली ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी, प्रदेश महामंत्री व विधायक श्री भगवानदास सबनानी, प्रदेश मंत्री श्री रजनीश अग्रवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री आशीष उषा अग्रवाल, वरिष्ठ नेता श्री शैलेन्द्र शर्मा को भाजपा की सक्रिय सदस्यता ग्रहण कराकर शुभारंभ किया। श्री सुमित पचौरी ने बताया कि शनिवार को भोपाल के सभी मंडलों में पार्टी कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में सक्रिय सदस्य बनकर इतिहास बनाएंगे। पार्टी के संविधान के अनुसार प्राथमिक सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य बन सकते हैं। सक्रिय सदस्यता अभियान 31 अक्टूबर तक चलाया जायेगा। इस अवसर पर श्री सीताराम यादव, श्री कृष्णमोहन सोनी, नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, जिला महामंत्री श्री रविन्द्र यति उपस्थित रहे।

# ढाई साल में कोई भी पंचायत बिना भवन नहीं रहेगी : प्रहलाद पटेल

## 1 नवंबर को 1400 पंचायत भवनों के निर्माण की शुरुआत की जाएगी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि उनका लक्ष्य है कि ढाई साल में प्रदेश की कोई भी पंचायत भवन और समुदायिक भवन विहीन नहीं होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की स्थापना दिवस पर यानि कि 1 नवम्बर को 1400 पंचायत भवनों के निर्माण की शुरुआत की जाएगी।



मंत्री पटेल शुक्रवार की शाम अपने निवास पर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनका पहला टारगेट है कि राज्य की कोई भी ग्राम पंचायत भवन विहीन नहीं रहे। इसके लिए 1400 ग्राम पंचायतों भवनों की स्वीकृति प्रधान की गई है। यह भवन आने वाले 50 साल की आवश्यता को देकर बनाएं जाएंगे। यानि कि जरुरत पड़े तो पंचायत भवन दो से तीन मंजिल तक बनाएं जा सके। भवनों में वे सारी व्यवस्थाएं भी होगी,जिससे हर पंचायत ई-पंचायत बन सके। उन्होंने बताया कि इसी के साथ हर ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन भी बनाएं जाएंगे। उन्होंने बताया कि सरंपचों के भी अधिकार बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। अब तक महात्मा गांधी नरेगा योजना में श्रम सामग्री का अनुपात अभी तक जिला स्तर पर संधारित होता था। अब इसको जनपद स्तर पर संधारित किया जाएगा। 25 लाख तक के कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने के अधिकार सरपंचों को दिए गए हैं। तकनीकी स्वीकृति के लिये सहायक यंत्री को अधिकृत किया गया है। अब वे 15 लाख की जगह 25 लाख तक की तकनीकी स्वीकृति जारी कर सकेंगे। पंचायत राज ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 40 का दुरुपयोग सरपंच के विरुद्ध ना हो इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे। सीएम हेल्पलाइन 181 पर झूठी शिकायत दर्ज कराने वाले तथा आदतन शिकायतकर्ता के संबंध में आवश्यक कार्रवाई के लिये लोक सेवा प्रबंधन विभाग से संवाद हुआ है। मंत्री पटेल ने बताया कि हम नगरीय निकायों की तरह पंचायतों में भी सरपंचों के प्रति अविश्वास प्रस्ताव तीन चौथाई बहुमत से पास करने एवं तीन वर्ष पश्चात अविश्वास प्रस्ताव लाने का प्रावधान लाएंगे,इसके लिए सैद्धान्तिक स्वीकृत प्रदान कर दी गई है। विधानसभा में इस प्रस्ताव को लाया जाएगा। रोजगार सहायक एवं सचिव की एसीआर लिखने का अधिकार सरपंच को दिये गये है। जिसमें ग्राम रोजगार सहायक के मूल्यांकन प्रपत्र का स्वीकारकर्ता सरपंच को बनाया गया है।

**आयोजन | दो दिवसीय माइनिंग कॉन्क्लेव में औद्योगित संस्थानों ने प्रदेश में निवेश करने के प्रस्ताव दिए**

# 11 औद्योगिक संस्थान माइनिंग क्षेत्र में करेंगे निवेश, सरकार का मिलेगा साथ

**विशेष संवाददाता भोपाल।** दो दिवसीय माइनिंग कॉन्क्लेव में 11 औद्योगित संस्थानों ने प्रदेश में निवेश करने के प्रस्ताव दिए है। समापन पर सीएम डॉ.यादव ने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि खनन क्षेत्र में उद्यमियों को सरकार का पूरा साथ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उन्होंने खनन तकनीक में प्रयुक्त हो रहे नवीनतम उपकरणों की भी जानकारी ली। नई खनन मशीन के लोकार्पण के साथ ही खनन उपकरणों की कार्य प्रणाली की भी जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी स्थल पर अनेक संस्थाओं के स्टॉल भी देखे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के खनन क्षेत्र पर केंद्रित लघु फिल्म भी दिखाई गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत सरकार के खनिज मंत्रालय द्वारा प्रकाशित पुस्तिका खनन क्षेत्र में सुधार का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से एमओआईएल (मॉयल) कम्पनी के सीएमडी द्वारा दो करोड़ 78 लाख 94 हजार 725 रूपए का लाभांश चेक भेंट किया गया।

### दो बड़े आयोजनों में भागीदारी का सौभाग्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शुक्रवार को वे दो कॉन्क्लेव में शामिल हुए। सुबह पेट्रोकेमिकल एवं फार्मा इंडिया केम मुंबई में शामिल हुआ और अभी माइनिंग कॉन्क्लेव में शामिल हुआ हूं। विभागवार कॉन्क्लेव की श्रंखला जारी रहेगी। अगले वर्ष फरवरी में जीआईएस का आयोजन करेंगे। मध्यप्रदेश में चहुमुंखी औद्योगिक विकास और रोजगार बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### माईनिंगकॉन्क्लेव में प्रमुख निवेश प्रस्ताव

| क्रं | फर्म/कम्पनी का नाम | प्रोजेक्ट का विवरण | निवेश (राशि करोड़ में) | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ल्यूगांग इंडिया, नई दिल्ली | माइनिंग उपकरण निर्माण इकाई स्थापना | 250 | ---- |
| 2 | इंडियन रेयर अर्थस, मुंबई | रेयर मेटल्स क्लस्टर | | अचारपुरा भोपाल |
| 3 | द कमोडिटी हब, गुरूग्राम हरियाणा | कॉपर, रॉकफास्फेट व सिलीकॉन बेनीफिकेशन प्लांट | 2000 | बालाघाट एवं खरगौन |
| 4 | श्री बजरंग पावर एंड इस्पात लि., रायपुर | इंट्रीगेटेड स्टील प्लांट | 1000 | उमरिया |
| 5 | श्री व्रिज आयरन एवं स्टील लि. रायपुर | इंट्रीगेटेड स्टील प्लांट | 1000 | कोतमा शहडोल |
| 6 | बैरी अलायज, कोलकाता | फेरो अलायज इकाई की स्थापना | 400 | ----- |
| 7 | इन्विनायर पेट्रोडाइन लि. | कोल बेड मीथेन और कोल गैसीफिकेशन में | 5000 | बैतूल और छिंदवाड़ा |
| 8 | डालमिया सीमेंट, नई दिल्ली | सीमेंट प्लांट की स्थापना | 3000 | सतना 9 |
| 9 | जे.के. सीमेंटपन्ना जिले में स्थापित | सीमेंट प्लांट का विस्तारीकरण | 2500 | पन्ना |
| 10 | सिंगरौली एवं शहडोल जिले में | आवंटित कोल ब्लॉक | 1000 | सिंगरौली एवं शहडोल |
| !1 | अंबुजा सीमेंट अहमदाबाद, गुजरात | प्रदेश में सीमेंट प्लांट की स्थापना | 3000 | रीवा |
| 12 | सागर स्टोन इंडस्ट्रीज, जबलपुर | फोस्फोराईट से खाद विनिर्माण इकाई की स्थापना, | 500 | छतरपुर |
| | | | कुल 19650 | |


MEERA'S अब आपके और भी करीब
अगर आपको बैरागढ़ आना दूर लगता है
तो आइये
रोहित नगर, बावड़िया कलां, भोपाल
MEERA'S®
WORTH BUYING
Grand Opening
Saturday 19th Oct. 2024
• Decorative Items • Home Appliances • Luggage • Utensils • Cloth Stand • Crockery
• Thermoware • House Hold • Cooktops • Bedsheets • Towels & Doormats • School Bags
Both Showrooms Open All 7 Days
VALET PARKING AVAILABLE
Opp. Jaanki Hospital, Near ICICI Bank Bawadia Kalan Branch,
ROHIT NAGAR - PHASE 1, Main Road, Bhopal. Ph.: +91 755 4225677, 93039 91001
Meera's Main Road, BAIRAGARH, Bhopal. Ph.: 0755 - 4222221
Shreeram Addiction


9 सफल वर्षों के बाद
पहले से विशाल रूप में
MEERA'S®
GOLD & DIAMONDS
2ND FLOOR, MEERA'S SHOWROOM,
MAIN ROAD, BARTAN MARKET,
BAIRAGARH, BHOPAL
(VALET PARKING AVAILABLE)
MAKING CHARGES
5% से शुरू
WIDE RANGE OF
10,000+
DESIGNS
100%
BUYBACK ON OLD GOLD
HUID HALLMARK GOLD JEWELLERY
IGI CERTIFIED DIAMOND JEWELLERY
Shreeram Addiction

दैनिक जागरण
www.djmp.in/epaper
भोपाल, 19 अक्टूबर 2024 कार्तिक कृष्ण 02 संवत 2081
संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

**॥गीता॥** एतां विभूतिं योगं च मम यो वेत्ति तत्वतः। सोऽविकम्पेन योगेन युज्यते नात्र संशयः।

**भावार्थ** : जो भी मनुष्य ईश्वर की विभूति (विशेषताओं) और योग (अनंत सामर्थ्य) को तत्व से जानता अर्थात दृढ़तापूर्वक मानता है, वह अविचल भक्ति भाव से युक्त हो जाता है। इसमें कुछ भी संशय नहीं है।



# नागरिकता कानून की धारा 6ए की वैधता बरकरार

सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संवैधानिक पीठ ने नागरिकता कानून की धारा 6ए को वैधानिक करार देकर 1985 में राजीव गांधी सरकार और अखिल असम छात्र संघ के बीच हुए समझौते को लागू करने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। इस समझौते के तहत नागरिकता कानून में धारा 6ए जोड़कर यह व्यवस्था की गई थी कि 25 मार्च 1971 के पहले बांग्लादेश से आए लोगों को नागरिकता दी जाएगी। इसके पहले यह तिथि 1 जनवरी 1966 थी। नागरिकता कानून की इस धारा की संवैधानिकता को दी गई चुनौती खारिज होने के बाद बांग्लादेश से असम आए वे लोग नागरिकता के लिए आवदेन कर सकेंगे, जो 25 मार्च 1971 के पहले आए थे, लेकिन उनकी पहचान करके वापस भेजा जाएगा, जो इसके बाद आए। यह एक कठिन कार्य है, क्योंकि उनकी संख्या लाखों में है और उनकी पहचान करना भले आसान हो, लेकिन उन्हें वापस भेजना मुश्किल है। ऐसे लोगों को तभी वापस भेजा जा सकता है, जब बांग्लादेश उन्हें लेने को तैयार हो। यह स्पष्ट ही है कि इनमें से बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदू, बौद्ध आदि तो वापस जाने के लिए तैयार होने वाले नहीं। उनके वहां लौटने का मतलब है उनकी जान पर बन आना। अब तो इसकी आशंका और भी बढ़ गई है, क्योंकि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद वहां इस्लामी कट्टरता कहीं अधिक बढ़ गई है और अल्पसंख्यकों का जीना दूभर हो गया है। सौभाग्य से इन्हें नागरिकता कानून में किए गए उस संशोधन का सहारा मिलेगा, जिसमें कहा गया है कि 31 दिसंबर 2014 के पहले बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से भारत आए अल्पसंख्यकों को नागरिकता प्रदान की जाएगी। असम में कुछ लोग 1966 से 1971 के बीच बांग्लादेश से आए लोगों को नागरिकता देने के पक्ष में इसलिए नहीं, क्योंकि इससे राज्य का जनसांख्यिकीय संतुलन बिगड़ने का खतरा है। इस खतरे को निराधार नहीं कहा जा सकता, क्योंकि असम एक छोटा राज्य है और वहां पाकिस्तान बनने के बाद से ही पूर्वी पाकिस्तान यानी आज के बांग्लादेश से लोग अवैध तरीके से आने लगे थे। कुछ शरणार्थी के रूप में आए और कुछ घुसपैठिए के रूप में। बांग्लादेश से एक बड़ी संख्या में लोग असम के अलावा अन्य पूर्वोत्तर राज्यों के साथ-साथ बंगाल में भी आ बसे हैं। इनमें से अनेक ने अवैध तरीके से भारतीय पहचान पत्र हासिल कर लिए हैं और मतदाता बन गए हैं। इनमें से जो घुसपैठिए के रूप में हैं, उन्हें वापस भेजा ही जाना चाहिए, क्योंकि वे स्थानीय संस्कृति को बदलने का काम कर रहे हैं और सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ने के साथ देश की सुरक्षा के लिए खतरा भी पैदा कर रहे हैं। यह कहना कठिन है कि बांग्लादेशियों के साथ-साथ म्यांमार के रोहिंग्याओं और कुकी लोगों का भारत आना पूरी तरह थम गया है। यह थमना ही चाहिए। इसके लिए केंद्र सरकार के साथ राज्यों को भी सख्ती दिखानी होगी।

**असम में कुछ लोग 1966 से 1971 के बीच बांग्लादेश से आए लोगों को नागरिकता देने के पक्ष में इसलिए नहीं क्योंकि इससे राज्य का जनसांख्यिकीय संतुलन बिगड़ने का खतरा है। इस खतरे को निराधार नहीं कहा जा सकता क्योंकि असम एक छोटा राज्य है और वहां पाकिस्तान बनने के बाद से ही पूर्वी पाकिस्तान यानी आज के बांग्लादेश से लोग अवैध तरीके से आने लगे थे।**

### प्रसंगवश

# पराली से सबसे ज्यादा नुकसान किसानों को ही

सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर पराली यानी फसलों के अवशेष जलाने वालों के खिलाफ मुकदमा चलाने और सख्त कार्रवाई में कोताही बरतने पर हरियाणा और पंजाब की सरकारों को फटकार लगाई। पराली का मामला सुप्रीम कोर्ट में इसलिए पहुंचा, क्योंकि दिल्ली और इसके आसपास वायु प्रदूषण का स्तर फिर बढ़ने लगा है। इसके लिए वाहनों, फैक्ट्रियों एवं पराली का धुआं, धूल इत्यादि कारण अधिक जिम्मेदार हैं। आने वाले दिनों में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में जैसे-जैसे पराली जलाने की घटनाएं बढ़ेंगी वैसे-वैसे प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच जाएगा। इस बार भी खेतों से लपटें और हवा में धुएं के बादल उठते दिख रहे हैं। अब तो कुछ उन राज्यों में भी पराली जलने लगी है, जहां पहले नहीं जलती थी। किसान वैसे तो समाज को जीवन देने के लिए अन्न उगाता है, लेकिन अनजाने में ही फसलों के अवशेष जलाने से सांस लेने से जुड़ी गंभीर तकलीफों और कैंसर तक का वाहक बन रहा है। इससे उनका अपना परिवार भी नहीं बचता।

इसे देखते हुए अब पराली की समस्या का निदान कानून या तकनीक की जगह सामाजिक तरीके से करना बेहतर होगा। यह बात किसानों तक पहुंचानी जरूरी है कि खेतों में लगी आग से जमीन की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है। पराली का सलीके से निपटान कर किसान अपने खेतों की उर्वरता बढ़ा सकते हैं और अपनी तकदीर बदल सकते हैं। देश में हर साल करीब 31 करोड़ टन फसल अवशेष जलाए जाते हैं, जिससे हवा में जहरीले तत्वों की मात्रा 33 से 290 गुणा तक बढ़ जाती है। हर साल अकेले पंजाब और हरियाणा में करीब तीन करोड़ 50 लाख टन पराली जलाई जाती है।

एक टन पराली जलाने पर दो किलो सल्फर डाईआक्साइड, तीन किलो ठोस कण, 60 किलो कार्बन मोनोआक्साइड, 1,460 किलो कार्बन डाईआक्साइड और 199 किलो राख निकलती हैं।

**सरकारें पराली जलने से रोकने के लिए अपने-अपने स्तर पर प्रयास कर रही हैं लेकिन वे प्रभावी नहीं साबित हो रहे हैं। बीते एक दशक से राज्य सरकारें कभी कानून तो कभी जन-प्रचार के माध्यमों से किसानों को बताती रही हैं कि खेतों में अवशेष अर्थात पराली जलाने के कितने नुकसान हैं लेकिन जमीन पर इसका कोई खास असर नहीं दिख रहा है।**

**-हरीश गुप्ता-**

ऐसे में जब करोड़ों टन अवशेष जलते हैं तो वायुमंडल की कितनी दुर्गति होती होगी। इन दिनों सीमांत एवं बड़े किसान खरीफ फसलों खासतौर पर धान काटने के लिए हार्वेस्टर जैसी मशीनों का सहारा ले रहे हैं। इससे कटाई से फसल के तने का अधिकांश हिस्सा खेतों में ही रह जाता है।

जहां गेहूं, गन्ने की हरी पत्तियां, आलू, मूली की पत्तियां पशुओं के चारे के रूप में उपयोग की जाती हैं तो कपास, सनई और अरहर आदि के तने, गन्ने की सूखी पत्तियां, धान की पुआल आदि को जला दिया जाता है। फसलों के बचे अंश का इस्तेमाल मिट्टी जीवांश पदार्थ की मात्रा बढ़ाने के लिए नहीं किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। आज पूरी खेती ऐसे रसायनों द्वारा हो रही है, जो कृषि-मित्र सूक्ष्म जीवाणुओं को ही चट कर जाते हैं। ऐसे में खेत की जैव-विविधता का संरक्षण बेहद जरूरी है। फसलों के अवशेष इसमें किसानों की मदद कर सकते हैं। किसान चाहें तो फसलों के अवशेषों से कंपोस्ट या जैविक खाद तैयार कर अपने रासायनिक खाद के खर्चे से बच सकते हैं।

पुआल को खेत में ढेर बनाकर खुला छोड़ने के बजाय गड्ढों में कंपोस्ट खाद बनाकर उपयोग कर सकते हैं। आलू और मूंगफली जैसी फसलों को खोदाई कर बचे अवशेषों को भूमि में जोत कर मिला सकते हैं। मूंग एवं उड़द की फसल में फलियां तोड़कर खेत में मिला सकते हैं। केले की फसल के बचे अवशेषों से तैयार कंपोस्ट खाद में 1.87 प्रतिशत नाइट्रोजन, 3.43 प्रतिशत फास्फोरस तथा 0.45 प्रतिशत पोटाश होता है। वैसे आधुनिक मशीन रोटावेटर भी फसल अवशेषों को उपयोगी बनाने में बेहद कारगर है। इस मशीन से जुताई करने पर फसल अवशेष मशीन से बारीक होकर मिट्टी में ही मिल जाते हैं। जिन इलाकों में जमीन की नमी कम हो रही है और भूजल और गहराई में जा रहा है, वहां रासायनिक खाद के बजाय कंपोस्ट ज्यादा कारगर है और पराली जैसे अवशेष बगैर किसी व्यय के आसानी से कंपोस्ट खाद में बदले जा सकते हैं। यदि मिट्टी में नमी कम हो जाए तो जमीन के बंजर होने का खतरा बड़ जाता है। फसल अवशेष को जलाने से खेत की छह इंच परत आग में भस्म हो जाती है, जिसमें विभिन्न प्रकार के लाभदायक सूक्ष्मजीव जैसे राइजोबियम, एजेक्टोबैक्टर, नील हरित काई, मित्र कीट के अंडे आदि होते हैं। इससे भूमि की उर्वरा शक्ति भी जर्जर हो जाती है। किसानों का कहना है कि पराली को मशीन से निपटाने पर प्रति एकड़ कम से कम पांच हजार रुपये का खर्च आता है। फिर अगली फसल के लिए इतना समय होता नहीं कि गीली पराली को खेत में पड़े रहने दें। पंजाब में किसानों का एक बड़ा वर्ग सरकार की सब्सिडी योजना से भी नाखुश है। उसका कहना है कि पराली को नष्ट करने की मशीन बाजार में 75 हजार से एक लाख रुपये में उपलब्ध है। यदि सरकार से सब्सिडी लो तो वह मशीन डेढ़ से दो लाख रुपये की पड़ती है। जाहिर है सब्सिडी उनके लिए बेमानी है।

**( यह लेखक के अपने विचार हैं )**

# महाराष्ट्र और झारखंड में चुनावी महासमर का आगाज

### राष्ट्रीय

**सरकारें पराली जलने से रोकने के लिए अपने-अपने स्तर पर प्रयास कर रही हैं लेकिन वे प्रभावी नहीं साबित हो रहे हैं। बीते एक दशक से राज्य सरकारें कभी कानून तो कभी जन-प्रचार के माध्यमों से किसानों को बताती रही हैं कि खेतों में अवशेष अर्थात पराली जलाने के कितने नुकसान हैं लेकिन जमीन पर इसका कोई खास असर नहीं दिख रहा है।**

**-नीरजा चौधरी-**

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा के साथ-साथ दो लोकसभा और 48 विधानसभा क्षेत्रों के उप-चुनाव के लिए तारीखों का एलान मंगलवार को कर दिया गया। ये चुनाव काफी अहम हैं, क्योंकि हरियाणा का करीब-करीब हारा हुआ रण जीतकर भाजपा ने विपक्ष के सभी समीकरण ध्वस्त कर दिए हैं। कांग्रेस अगर हरियाणा जीत गई होती, तो मुमकिन है कि महाराष्ट्र व झारखंड चुनावों में वह गठबंधन में अधिक दम-खम दिखा पाती, लेकिन अब माना जा रहा है कि उस पर सहयोगी दलों का दबाव बढ़ गया है। ऐसे में, आगामी चुनावों में जीत की खुराक ही अब उसे नई ऊर्जा देने का काम कर सकती है। मगर, एनडीए गठबंधन के लिहाज से ये चुनाव पूरे देश में नैरेटिव बदलने का एक माध्यम होंगे। हरियाणा की जीत ने भाजपा को लोकसभा चुनाव के झटके से उबरने में मदद की है। अब अगर महाराष्ट्र व झारखंड को भी एनडीए अपने नाम कर ले गया, तो भाजपा का यह दावा फिर से मजबूत हो जाएगा कि लोगों का विश्वास भगवा झंडे पर कायम है। बहरहाल, राष्ट्रीय राजनीति में महाराष्ट्र की अहमियत को समझना कोई मुश्किल काम नहीं है। यह देश का वह सूबा है, जहां से उत्तर प्रदेश के बाद सर्वाधिक 48 सांसद लोकसभा में पहुंचते हैं। उत्तर प्रदेश से 80 सदस्य चुने जाते हैं। महाराष्ट्र देश की वित्तीय राजधानी है, जिसके कारण भी इसे खासा महत्व दिया जाता है। लोकसभा चुनाव में विपक्षी 'इंडिया' ब्लॉक के खाते में यहां की 30 सीटें गई थीं, जिसका एक बड़ा कारण महाअघाड़ी सरकार का गिरना माना गया। तब कहा गया था कि राष्ट्रवादी कांग्रेस और शिव सेना में हुई टूट के विरोध में आम लोगों ने 'इंडिया' के पक्ष में मतदान किया है। मगर इस बार भी क्या सहानुभूति का यह कार्ड वैसे ही काम करेगा, इसके बारे में अभी साफ-साफ नहीं कहा जा सकता? ऐसा इसलिए भी, क्योंकि कई लोगों का मानना है कि जनता एक ही मुद्दे पर हर चुनाव में वोट नहीं करती।

वास्तव में, महायुति व महाअघाड़ी, दोनों गठबंधन के लिए इस बार वहां बराबरी का मुकाबला है, जिसमें बाजी किस गठबंधन के हाथ लगेगी, इसका पता 23 नवंबर को चलेगा। यहां मुद्दे लगातार बदल रहे हैं और 20 नवंबर को मतदान के दिन तक कौन-कौन से मुद्दे हावी रहेंगे, इसकी भविष्यवाणी मुश्किल है।



अगस्त में लग रहा था कि बदलापुर कांड का चुनाव पर काफी असर पड़ेगा। उस समय नाबालिग बच्चियों के साथ कथित छेड़छाड़ के विरोध में मानो पूरा महाराष्ट्र सड़कों पर उतर आया था। फिर शिवाजी की मूर्ति गिरने के बाद अचानक से माहौल बदल गया और 'मराठा अस्मिता' की चर्चा होने लगी। अब पूर्व मंत्री और चर्चित नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या का मसला सुर्खियों में है। लोगों में यह बहस चलने लगी है कि क्या महाराष्ट्र फिर से 90 के दशक में लौट रहा है, जब 'गैंग' का बोलबाला हुआ करता था? जाहिर है, कानून-व्यवस्था को लेकर यहां चिंताएं बढ़ गई हैं। यहां 'लड़की बहिन योजना' भी चुनावी मुद्दा बन सकती है। इस योजना के तहत महिलाओं को मासिक 1,500 रुपये देने की बात कही गई है। पिछले दिनों एकनाथ शिंदे सरकार ने दिवाली बोनस देने का भी एलान भी किया है। माना जा रहा है कि जिस तरह से मध्य प्रदेश में 'लाडली लक्ष्मी योजना' चुनावी हवा बदलने में सफल साबित हुई, उसी तरह का असर इस योजना का भी पड़ सकता है। वैसे, महाराष्ट्र की तरह ही झारखंड में भी यह साफ-साफ नहीं कहा जा सकता कि कौन सा मुद्दा जनता को प्रभावित करेगा? हालांकि, हमंत सोरेन सरकार की भी नजर बतौर वोट बैंक महिलाओं पर है और उसने दिसंबर से 'मइया सम्मान योजना' की राशि बढ़ाकर 2,500 रुपये करने का एलान किया है। पहले इस योजना के तहत 18 से 60 साल तक की महिलाओं को 1,000 रुपये मासिक दिए जा रहे थे। इस योजना के जवाब में भाजपा ने भी गोगो दीदी योजना लाने का वायदा किया था, जिसमें महिलाओं को 2,100 रुपये प्रतिमाह सहायता राशि देने की घोषणा की गई थी। जाहिर है, महिलाओं को अपनी तरफ लुभाने की कोशिश सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों कर रहा है। जोर इसी बात पर है कि आधी आबादी को नकद राशि दी जाए। माना जा रहा है कि दिल्ली, हरियाणा या फिर बिहार में सरकार को महिला हितैषी योजनाओं का लाभ मिला, तो झारखंड में भी इसका फायदा हो सकता है।

बहरहाल, यहां कुछ और मुद्दे भी चुनावी फिजां में तैर रहे हैं, विशेषकर भ्रष्टाचार का मुद्दा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जेल-यात्रा को विरोधी दल चुनावों में खूब उछाल सकते हैं। चंपाई सोरेन की बगावत को भी भुनाने का प्रयास किया जा सकता है। यहां आदिवासी बनाम गैर-आदिवासी भी एक बड़ा मसला है। माना जा रहा है कि इसका उसी तरह असर हो सकता है, जिस तरह हरियाणा में जाट बनाम गैर-जाट का हुआ था। हरियाणा में जाट वोट-बैंक पर जोर देने के कारण ही संभवतः दलित छिटककर भाजपा के साथ चले गए। वैसे, झारखंड में भाजपा के सामने सीटों का बंटवारा एक बड़ी चुनौती साबित हो सकती है, जिसे झारखंड मुक्ति मोर्चा चुनावों में हवा देगी। झारखंड में सत्ता-विरोधी भावना भी दिख रही है। मगर चुनावों तक यह असर कितना कायम रहेगा, अभी नहीं कहा सकता। यहां 13 और 20 नवंबर को चुनाव होंगे, जबकि नतीजों का एलान महाराष्ट्र के साथ 23 नवंबर को होगा।

कुल मिलाकर, इन दोनों राज्यों के नतीजे केंद्र की राजनीति को व्यापक रूप से प्रभावित कर सकते हैं। एनडीए और 'इंडिया'ब्लॉक, दोनों इनके नतीजों को अपने पक्ष में करने के प्रयास पहले ही शुरू कर चुके हैं। यही कारण है कि दोनों राज्यों की सरकारें अपनी आखिरी कैबिनेट बैठक में जनता को लुभाने के प्रयास करती दिखीं। इन चुनावों में हावी तो स्थानीय मुद्दे ही रहेंगे, लेकिन इनके परिणाम का असर अखिल भारतीय होगा।

**( यह लेखिका के निजी विचार हैं )**

# भविष्यदृष्टा और संपदा के सर्जकों को मिलना चाहिए सम्मान

### सम्मान

**पारंपरिक रूप से परोपकार और टाटा समूह एक दूसरे के पर्याय रहे। टाटा समूह की इस परंपरा को रतन टाटा ने और आगे बढ़ाया। शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास से लेकर आवारा पशुओं को सहारा देने में टाटा ने करोड़ों रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। कोविड काल में टाटा ट्रस्ट ने 1500 करोड़ का दान दिया।**

**-विकास सारस्वत-**

उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर समूचे राष्ट्र ने शोक मनाया। उद्योग जगत एवं शीर्ष नेताओं के अलावा जिस तरह गोरेगांव के गरबा पंडाल से लेकर काशी की संध्या आरती तक आमजन ने रतन टाटा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, वह टाटा घराने और स्वयं रतन टाटा के प्रति देशव्यापी स्नेह और कृतज्ञता के भाव को प्रकट करता है। टाटा समूह ने उद्योग और व्यवसाय के क्षेत्र में बड़े-बड़े कीर्तिमान एवं आयाम स्थापित किए और यह उद्योग क्षेत्र में सबसे विश्वसनीय ब्रांडों में से एक बनकर उभरा। इस सुनहरी एवं समृद्ध विरासत को रतन टाटा ने बखूबी आगे बढ़ाया। बतौर चेयरमैन अपने 21 वर्ष के कार्यकाल में रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह का राजस्व 46 गुना बढ़कर 4.75 लाख करोड़ और मुनाफा 50 गुना बढ़कर 33,500 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचा।

रतन टाटा ने करीब 50 देसी और विदेशी स्टार्टअप्स में निवेश किया। इनमें पेटीएम, ओला इलेक्ट्रिक, लेंसकार्ट और ब्लू स्टोन जैसे स्टार्टअप्स आज बहुत बड़ा रूप ले चुके हैं। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि देश में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने में रतन टाटा का बड़ा योगदान रहा है। रतन टाटा ने 1991 में टाटा समूह का उत्तराधिकार उस समय ग्रहण किया, जब देश उदारीकरण की नीति पर चल निकला था। यह दशकों तक घरेलू संरक्षण में पले-बढ़े भारतीय उद्योग और व्यापारों के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण समय था, जहां उन्हें एकाएक बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों से मुक्त बाजार में प्रतिस्पर्धा करनी थी।

संरक्षण के चलते टाटा समूह की कंपनियों की पेशेवर क्षमताएं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के समान शिथिल और निष्क्रिय हो चली थीं। इन कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों ने टाटा ग्रुप के मूल मंत्रों से इतर अपनी मनमानी कार्यपद्धति से न सिर्फ कंपनियों की कार्यकुशलता को कमजोर किया, बल्कि टाटा समूह को भी विघटन के कगार पर ला खड़ा किया। रतन टाटा ने एक समूह कार्यकारी कार्यालय की स्थापना कर इसके सदस्यों को टाटा कंपनियों के बोर्ड में स्थान दिया। साथ ही सभी कंपनियों में टाटा संस की 26 प्रतिशत भागीदारी तय कर जबरन अधिग्रहण यानी होस्टाइल टेकओवर से बचाने का मार्ग प्रशस्त किया। इस दौरान इंडियन होटल्स, टिस्को और टेल्को (वर्तमान में टाटा मोटर्स) से बड़ी संख्या में छंटनी की गई, प्लांट एवं मशीनरी का नवीनीकरण हुआ और बहुत सी युवा प्रतिभाओं की भर्ती हुई।

जहां रतन टाटा नए सुझाव, नई तकनीक और नई प्रबंध नीतियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखते थे वहीं कई मामलों में उनके निर्णय भावनात्मक, निज विवेक और दृढ़ निश्चय पर आधारित होते थे। हेलेन डेरेस्की और एलिजाबेथ क्रिस्टोफ ने अपनी पुस्तक में रतन टाटा के रोचक संस्मरणों का उल्लेख किया है। संपूर्ण आटोमोटिव सेक्टर से मिलकर एक पूर्णतः भारतीय कार बनाने के आग्रह पर एक उद्योग कार्यकारी से रतन टाटा को जवाब मिला, 'भारतीय कार की बात करने से पहले मिस्टर टाटा कैसी भी कामचलाऊ कार बनाकर क्यों नहीं दिखाते।' इसके तुरंत बाद पूरी तरह भारत में निर्मित टाटा इंडिका पर काम शुरू हुआ, जो शुरूआत में सामने आई खामियों के बावजूद न सिर्फ भारतीय इतिहास की सबसे ज्यादा बिकने वाली कारों में से एक बनी, बल्कि आटोमोबाइल क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता तय करने वाला मील का पत्थर भी बनी। इसी तरह अमेरिकी सलाहकार फर्म मैकेंजी द्वारा टिस्को का पूरी तरह विनिवेश करने यानी हिस्सेदारी बेचने की सलाह को भी टाटा ने नहीं माना, बल्कि उसे और संगठित किया। टिस्को ही टाटा स्टील का पूर्ववर्ती संस्करण थी। विनिवेश जैसी सलाहों को दरकिनार करते हुए टाटा स्टील ने इस्पात क्षेत्र की भीमकाय आंग्ल-डच कंपनी कोरस को खरीद कर इस्पात उत्पादन क्षमता को और बढ़ाया। यह किसी भी भारतीय कंपनी के विदेशी अधिग्रहण के सबसे बड़े मामलों में से एक रहा।

भारत के सबसे बड़े धनाढ्यों में से एक होने के बावजूद रतन टाटा का निजी जीवन बहुत सरल और सहज था। वह टाटा समूह के आफिस में बाकी कर्मियों के साथ कतार में लगकर प्रवेश करते दिख जाते थे और कभी-कभार अपनी गाड़ी भी स्वयं चला लेते थे। कभी-कभार वह मुंबई में चलने वाली सामान्य काली पीली टैक्सी में भी सवार हो जाते थे। वह संपदा सृजन को भी सेवा का उपकरण मानते थे।

एक उद्यमी के रूप में रतन टाटा की विरासत इस प्रकार स्मरण रखी जाएगी कि उन्होंने न सिर्फ बदलाव के समय में अपने समूह को संक्रमणकाल से सफलतापूर्वक बाहर निकाला, बल्कि उसे वैश्विक विस्तार भी दिया। जिस फोर्ड कंपनी के बिल फोर्ड ने 1998 में इंडिका का सौदा करने गए टाटा को अपमानित कर वापस भेजा था, उन्होंने 2008 में मुश्किल के दौर से गुजर रहे अपने दो बड़े ब्रांड जगुआर और लैंड रोवर टाटा समूह द्वारा खरीदने पर कठिन समय में उन पर कृपा करने के लिए धन्यवाद दिया।

इन सबसे भी बढ़कर रतन टाटा की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि उन्होंने दशकों तक पोषित समाजवादी कटुता के बावजूद राजनेताओं और राजनीति से अभिभूत भारतीय समाज में पूंजी, उद्यम और धन सृजन को भारतीय मानस में सम्मान दिलाने का काम किया है। यदि हमें एक बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में उभरना है तो यह आवश्यक है कि टाटा जैसे और बहुत से भविष्यद्रष्टा उद्यमी भारत को मिलें। यह आवश्यक है कि समाज में धन सृजन करने वाले ऐसे उद्यमियों को यथोचित सम्मान भी मिले, क्योंकि भारत का सुनहरा भविष्य खोखले समाजवाद और राजनीतिक नारों से नहीं, बल्कि व्यापार और उद्यम से तय होगा। यह ठीक नहीं कि कुछ नेता संकीर्ण राजनीतिक कारणों से कारोबारियों को खलनायक ठहराने पर तुले हैं।

**( यह लेखक के निजी विचार हैं )**

## SUDOKU 183

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 7 | | | 9 | | |
| | | | | | | 1 | | 3 |
| | | | 3 | | 1 | | 8 | 2 |
| | | 6 | 1 | | | | | 8 |
| | | | 2 | 3 | 6 | | | |
| 9 | | | | | 5 | 2 | | |
| 1 | 9 | | 6 | | 2 | | | |
| 6 | | 8 | | | | | | |
| | | 3 | | | 4 | | 1 | |

## SOLUTIONS 182

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 5 | 2 | 4 | 9 | 8 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 3 | 7 | 4 | 9 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 | 9 |
| 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 8 |
| 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 7 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 7 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

के.ए. दुबे पद्मेश

**मेष** : आज का दिन सामान्य रहने वाला है। आप आर्थिक तौर पर उन्नति महसूस करेंगे। बहुत ज्यादा काम का प्रेशर न लें। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा।

**वृषभ** : किसी प्रोजेक्ट से बड़ी धनराशि मिलने की संभावना है। किसी यात्रा पर किसी सेलिब्रिटी से मुलाकात होना संभव है। सेल्फ-केयर पर ध्यान दें।

**मिथुन** : जीवन में बड़े बदलाव हो सकते हैं। आज नए अवसर आपके दरवाजे पर दस्तक दे सकते हैं। पहली बार में कुछ सही करने से आपको अच्छा फील होगा।

**कर्क** :आर्थिक रूप से आज थोड़ा सावधान रहें। पैसा बनाने वाली योजना में निवेश करना रिसकी साबित हो सकता है। फिटनेस के मोर्चे पर शुरू की गई।

**सिंह** : दिन शुभ रहेगा। किसी योजना में निवेश किया गया पैसा बेहतरीन रिटर्न दे सकता है। फिटनेस के मोर्चे पर योग करने से मोटापा व तनाव कम कर सकते हैं।

**कन्या** : आय में वृद्धि के कई मौके मिलेंगे। ऑफिस में आपकी परफॉर्मेंस शानदार रहेगी। पारिवारिक जीवन में खुशनुमा माहौल रहेगा। नई प्रॉपर्टी या घर की खरीदारी संभव है।

**तुला** : आज आर्थिक रूप से मजबूत बनेंगे। मानसिक तनाव से बचने के लिए आप ध्यान योग का सहारा ले सकते हैं। संपत्ति खरीदने का मन बना सकते हैं।

**वृश्चिक** : पिछले निवेश से अच्छा रिटर्न मिल सकता है। आपके द्वारा चुने गए हेल्दी फूड्स आपको फिटनेस के एक कदम और करीब लाएंगे।

**धनु** : पैसे कमाने वालों के लिए एक बेहतरीन दिन होने की उम्मीद है। अपनी डाइट पर कंट्रोल रखना और व्यायाम करना जरूरी है।

**मकर** : आज का दिन अच्छा रहने वाला है। धन वृद्धि की योजनाएं सफल होंगी और आपकी आर्थिक सिचूऐशन मजबूत होगी। व्यावसायिक तौर पर आज का दिन बहुत बढ़िया है।

**कुंभ** : आज अच्छी कमाई की उम्मीद कर सकते हैं। शारीरिक फिटनेस पर फोकस करें। प्रोफेशनल्स को अच्छा प्रॉफिट होने की संभावना है। पुराने रिश्तेदार से मुलाकात भी हो सकती है।

**मीन** : जिस मौके का इंतजार कर रहे हैं, वह जल्द ही मिलने वाला है। अंतिम समय में आपको सौंपा गया काम सही ढंग से पूरा हो जाएगा।

## आज का पंचांग

**तिथि/संवत** : 19 अक्टूबर 2024 दिन शनिवार कार्तिक मास कृष्ण पक्ष द्वितीय एवं तृतीया तिथि विक्रम संवत 2081 शक संवत 1946

**सूर्य उदय कालीन ग्रह विचार**

सूर्य तुला राशि में चंद्रमा मेष राशि में मंगल मिथुन राशि में बुध तुला राशि में गुरु वृषभ राशि में शुक्र वृश्चिक राशि में शनि कुंभ राशि में राहु मीन राशि में और केतु कन्या में रहेगा।

**सूर्य उदय कालीन ग्रह विचार**

सुबह प्रातः काल मेष राशि का नक्षत्र भरणी का चतुर्थ चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया स्वर्ण रहेगा प्रातः 11:30 बजे मेष राशि का नक्षत्र कृतिका का प्रथम चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया लोहा रहेगा शाम 5:30 बजे वृषभ राशि का नक्षत्र कृतिका का द्वितीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया लोहा रहेगा रात्रि 11:30 बजे, वृषभ राशि का नक्षत्र कृतिका का तृतीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया लोहा रहेगा। **योगः**- सिद्धि। **करणः**-वणिज

**चौघड़िया, शनिवार**

सुबह 6.00 से 7.30....काल
सुबह 7.30 से 9.00.... लाभ
सुबह 9.00 से 10.30.... रोग
सुबह 10.30 से 12.00.... उद्वेग
दोपहर 12.00 से 1.30.... चर
दोपहर 1.30 से 3.00.... लाभ
दोपहर 3.00 से 4.30.... अमृत
शाम 4.30 से 6.00.... काल

**आज जन्मे बच्चों की राशि और नाम**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | अक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| सुबह 06:00 बजे | भरणी | चतुर्थ | स्वर्ण | मेष | लो |
| प्रातः 11:30 बजे | कृतिका | प्रथम | लोहा | मेष | अ |
| शाम 5:30 बजे | कृतिका | द्वितीय | तांबा | वृषभ | ई |
| रात्रि 11:30 बजे | कृतिका | तृतीय | तांबा | वृषभ | उ |

**राहुकाल**- दोपहर 9.00 से 10.30 बजे तक रहेगा।

**आराधना का मंत्रः**- ऊं पाशदण्डं भुजद्वयं यमं महिष वाहनम । यमं नीलं भजे भीमं सुवर्ण प्रतीमागतम् ॥ **-पं. अरविंद तिवारी**

### जीवन दर्शन

# सरसता का आलोक

कल्पना शक्ति का उपयोग एक कला है। इस कला में पारंगत कल्पना शक्ति का अच्छे ढंग से प्रयोग करते हैं। कल्पना निरभ्र गगन में उन्मुक्त होकर रोचक-रोमांचक उड़ान भरती है। मन और देह की सीमाओं में आबद्ध नहीं होती। यह मन के सरोवर में तरंगों के समान उठती है और इन तरंगों की लपटें अनंत अंतरिक्ष में व्याप्त हो जाती हैं। कल्पना जीवन को बहुविध रंगों से उकेरती है। कल्पना एक शक्ति है, क्षमता है। जब यह ठहरती है तो जीवन नीरस हो जाता है और यह बहती है, तो जीवन में नई कोंपलें फूटती हैं। यह जिधर भी बहे, वहीं सुरम्य तरंगों और सरसता का आलोक बिखेर देती है। यह भौतिक क्षमता को पंख देने का कार्य करती है। सुखद कल्पना शीतल छांव के समान है और दुखद कल्पना अंगारों की जलन पैदा करती है। कल्पनाओं की बनावट और बुनावट अत्यंत मार्मिक है। साहित्य की ऐसी तमाम कृतियां हैं, जिनमें विचारों के साथ कल्पनाशीलता का सटीक सामंजस्य होता है और वे सभी सुखद अहसासों से ओत-प्रोत होती हैं। कल्पना जब परिष्कृत बुद्धि के साथ उड़ान भरती है तो जीवन के व्यापक अस्तित्व को स्पर्श करती है। इसी से साधनाओं के तमाम रहस्य अनावृत होते हैं। कल्पना से कुछ भी संभव है। यह हमारी मौलिक प्रतिभा का विकास करती है। कल्पना में अपार ऊर्जा की खपत होती है। सृजनशील कल्पना से ऊर्जा के इस अनंत भडार को एक नई दिशा प्रदान की जा सकती है और जीवन के कई अनछुए पहलुओं को जाग्रत किया जा सकता है। फिर भी सामान्यतः इसका घोर दुरुपयोग किया जाता है।

इच्छाओं और वासनाओं से आक्रांत मन सदैव कुकल्पनाओं का आदी हो जाता है। ध्यान से अनगढ़ कल्पनाओं को संवारा जाता है। कुकल्पनाओं से बचने के लिए हमें मनोनुकूल किसी विशिष्ट कार्य में कल्पना की ऊर्जा को उड़ेलना चाहिए। जैसे-जैसे कल्पना प्रगाढ़ होने लगेगी, इच्छित वस्तु मन में साकार होने लगेगी। यह प्रक्रिया अपनी प्रगाढ़ता में ध्यान के रूप में परिवर्तित होने लगेगी और इसमें मन आनंदित होने लगेगा। कुकल्पनाओं की खरपतवार अपने आप समाप्त हो जाएगी और कल्पना अपनी रोमांचक यात्रा पथ पर चल निकलेगी।

**- आचार्य निलिम्प त्रिपाठी**

**विसंगति** | किसी के लेटर में स्कूल का नाम नहीं, तो कहीं भरे पद वाला स्कूल कर दिया अलॉट

# शैक्षणिक सत्र शुरू होने के 4 महीने बाद 20 हजार अतिथि शिक्षकों को जारी किए गए ज्वाइनिंग लेटर

**जागरण, भोपाल।** मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति शुरू हो गई है। शुक्रवार से अतिथियों को ज्वाइनिंग लेटर मिलना शुरू हो गए हैं। अतिथि शिक्षकों को स्कूल अलॉट हो चुके हैं। जहां वे अब जल्द से जल्द अपनी ज्वाइनिंग देंगे। हालांकि इसमें भी कई विसंगति सामने आ रही हैं। अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति रिक्त पदों के विरुद्ध होती है। यानी ऐसे स्कूल जहां खाली पद हों और शिक्षकों की कमी हो। बावजूद इसके कई अतिथि शिक्षकों को ऐसे स्कूल अलॉट कर दिये जहां कोई पद ही खाली नहीं है। वहीं कुछ अतिथि शिक्षकों के ज्वाइनिंग लेटर में स्कूल का नाम ही नहीं दिख रहा था। मतलब उन अतिथि शिक्षकों को कोई स्कूल ही अलॉट नहीं हुआ, जहां वे ज्वाइन कर सकें।




## नये रिक्त पदों पर हो रही है नियुक्ति

नियमित शिक्षकों के रिटायरमेंट, उच्च पद प्रभार और अतिशेष प्रक्रिया से रिक्त सरकारी स्कूलों में हजारों नये पद खाली हुए हैं। 18 अक्टूबर को जो नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गई, वे इन्हीं पदों पर हैं। करीब 20 हजार से अधिक अतिथि शिक्षकों के ज्वाइनिंग लेटर जारी हुए हैं। बता दें कि जिन स्कूलों में पुराने खाली पद हैं, वहां करीब 50 हजार अतिथि शिक्षक जुलाई माह से ही कार्यरत है।

## ऐसे करें ज्वाइनिंग लेटर डाउनलोड

- सबसे पहले जीएफएमएस पोर्टल पर आईडी पासवर्ड डालकर लॉगिन करें।
- उसके बाद राइट साइड में दिख रहे 3 डॉट पर क्लिक करें।
- राइट साइड एक लिस्ट खुलेगी उसमे स्कोर कार्ड मैनेजमेंट पर क्लिक करें।
- प्रिंट एप्लीकेशन डिटेल्स में क्लिक करें।
- अब अतिथि शिक्षक की प्रोफाइल खुल जाएगी।
- प्रोफाइल में ज्वाइनिंग डिटेल में आपका वो स्कूल दिखेगा जिसमें आपकी गेस्ट के लिए नियुक्ति हुई है।

## 200 स्कोर कार्ड वालों को मिली ज्वाइनिंग

अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति उनके स्कोर कार्ड पर निर्भर करती है। स्कोर कार्ड में अंक योग्यता और अनुभव के आधार पर दिये जाते हैं। जो जानकारी सामने आ रही है, उसके अनुसार 200 स्कोर कार्ड तक के अतिथि शिक्षकों के ज्वाइनिंग लेटर जारी किये गए हैं। इन अतिथि शिक्षकों की ज्वाइनिंग के बाद भी खाली पद होने पर इसके नीचे स्कोर कार्ड वाले अतिथियों को नियुक्ति मिलेगी।

## अभी भी ये आ रही समस्या

1 कई अतिथि शिक्षकों की ज्वाइनिंग डिटेल में कोई स्कूल नहीं दिख रहा है।

2 कुछ अतिथियों को ऐसे स्कूल अलॉट कर दिये गए हैं, जहां कोई पोस्ट ही खाली नहीं है।

3 पोर्टल में दिक्कत आने से कई अतिथि शिक्षक में ज्वाइनिंग लेटर डाउनलोड नहीं कर पा रहे हैं।

## इन अतिथियों को सताई मानदेय की चिंता

अक्टूबर का महीना त्योहार सीजन है। करवा चौथ, धनतेरस और दीवाली से बड़े पर्व इसी महीने हैं। ऐसे में पूर्व से कार्यरत अतिथियों को अपने मानदेय की चिंता सताने लगी है। दरअसल अतिथि शिक्षकों का अभी तक आवंटन नहीं आया है और नहीं अभी तक उनके बिल बने हैं। ऐसे में अतिथियों को इन बड़े त्योहारों पर आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

# स्टेशन पर मूल्य से अधिक की वसूली तो कैटरिंग ठेकेदार पर होगी कार्रवाई

### वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने कैटरिंग ठेकेदार की बैठक में दिए निर्देश

**जागरण, भोपाल।** रेलवे स्टेशन पर निर्धारित मूल्य से अधिक पर खानपान की सामग्री बेंची तो ठेकेदार की खैर नहीं है। ऐसी शिकायतों पर रेलवे तुरंत कैटरिंग ठेकेदार पर कार्रवाई करेगा। पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (सीनियर डीसीएम) सौरभ कटारिया की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत हुई। जिसमें मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर कार्यरत कैटरिंग ठेकेदारों और अनुज्ञप्तिधारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य रेलवे यात्रियों को उच्च गुणवत्ता का भोजन प्रदान करना और कैटरिंग सेवाओं से जुड़ी शिकायतों को न्यूनतम करना,ओवर चार्जिंग को रोकना,यात्रियों के साथ सौजन्य पूर्ण व्यवहार करना एवं स्टाल संचालको को ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित करना था।

## ठंडा खाना परोसा तो कार्रवाई

बैठक के दौरान सौरभ कटारिया ने सभी कैटरिंग ठेकेदारों को कड़े निर्देश दिए कि वे यात्रियों को निर्धारित मूल्य पर ही खाद्य सामग्री उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी यात्री से अतिरिक्त शुल्क लेना पूरी तरह से अस्वीकार्य है और ऐसी शिकायतों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, यह भी निर्देश दिया गया कि किसी भी स्थिति में यात्रियों को ठंडा या खराब भोजन न परोसा जाए, क्योंकि इससे उनकी सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। साफ-सफाई और उच्च मानकों का पालन भी आवश्यक है, ताकि यात्रियों को स्वच्छ और सुरक्षित भोजन उपलब्ध हो सके।

## नियमित की जाएंगी बैठकें

सीनियर डीसीएम ने यह भी जोर दिया कि स्टॉल पर कार्यरत कर्मियों का व्यवहार यात्रियों के प्रति सौहार्दपूर्ण और सहयोगी होना चाहिए, ताकि किसी प्रकार की शिकायतें उत्पन्न न हों। उन्होंने ठेकेदारों से अपेक्षा की कि वे रेलवे नियमों के अनुसार अनुबंधित खाद्य सामग्री का ही विक्रय करें। रेलवे प्रशासन की ओर से यह स्पष्ट किया गया कि ऐसी बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी, ताकि कैटरिंग सेवाओं की गुणवत्ता और भी बेहतर हो सके। इससे न केवल ठेकेदारों को अपनी सेवाओं में सुधार का अवसर मिलेगा, बल्कि रेलवे को भी यात्रियों की संतुष्टि और स्वास्थ्य का ख्याल रखने में सहायता मिलेगी।

## डीआरएम ने रानी कमलापति-इटारसी रेलखंड और इटारसी स्टेशन का किया निरीक्षण



**जागरण, भोपाल।** भोपाल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने रानी कमलापति से इटारसी रेलखंड तक और इटारसी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान, उन्होंने अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत इटारसी स्टेशन के पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा की तथा संरक्षा और विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। मंडल रेल प्रबंधक ने रानी कमलापति से इटारसी स्टेशन तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इसमें उन्होंने ट्रैक की संरचना, सिग्नलिंग सिस्टम और अन्य सुरक्षा उपायों की गहराई से जांच की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए ट्रैक और सिग्नलिंग की नियमित निगरानी अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य समयसीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। इटारसी स्टेशन पर पहुंचने के बाद, मंडल रेल प्रबंधक ने प्लेटफॉर्म क्रमांक 2 पर चल रहे वाशेबल एप्रन के कार्य का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने यात्री सुविधाओं, खानपान सेवाओं, आरक्षण और बुकिंग कार्यालयों, प्रतीक्षालयों, प्लेटफॉर्मों और सर्कुलेटिंग एरिया का निरीक्षण किया। उन्होंने फुट ओवर ब्रिज और स्टेशन की स्वच्छता व्यवस्था की भी जांच की और सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इटारसी यार्ड के निरीक्षण के दौरान, मंडल रेल प्रबंधक ने संरक्षित और सुरक्षित ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ट्रैक, पॉइंट्स एवं क्रॉसिंग, सिग्नलिंग सिस्टम और सुरक्षा उपायों की स्थिति का भी जायजा लिया। इसके अलावा, मंडल रेल प्रबंधक ने एकीकृत ड्राइवर एवं गार्ड क्रू लॉबी एवं रनिंग रूम का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, और संरक्षा से संबंधित रेलकर्मियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने संरक्षा रजिस्टर को जांचा और लॉबी में संरक्षा से संबंधित कार्य प्रक्रियाओं पर विशेष चर्चा की।

# समिति की मीटिंग से अफसर गायब, भड़के सदस्य

**जागरण, भोपाल।** भोपाल जिला पंचायत में शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास स्थाई समिति की मीटिंग हुई। इसमें विभाग के जिला अधिकारी सुनील सोलंकी ही गायब रहे। इस पर समिति सभापति और जिपं सदस्य चंद्रेश राजपूत समेत अन्य सदस्य भड़क गए। उन्होंने सोलंकी के खिलाफ कार्रवाई के लिए कलेक्टर और सीईओ से मिलने की बात भी कही। मीटिंग में बताया गया कि सोलंकी दो साल से मीटिंग में शामिल नहीं हो रहे हैं। बैठक में समिति सचिव सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने एजेंडा रखा। इसी दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी सोलंकी के मौजूद नहीं रहने पर सभी सदस्य नाराज हो गए। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की बात भी सदस्यों ने कही है।

**आंगनवाड़ियों की सफाई, रंगाई-पुताई हो :** सभापति राजपूत ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी की स्थिति ठीक नहीं है। भवनों में साफ-सफाई के साथ पुताई एवं मरम्मत कार्य भी नहीं किए गए हैं। बैठक में मौजूद सुपरवाइजर से कहा गया कि जल्द ही भवनों की रंगाई-पुताई की जाए। सभापति राजपूत ने कहा कि मेरे दौरे के दौरान किसी आंगनबाड़ी केंद्र पर लापरवाही मिलती है तो में नीचे से लेकर ऊपर तक के अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करुंगी। बैठक में पीएचई विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिपं उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट, सदस्य रश्मि भार्गव, प्रतिनिधि अनिल हाड़ा, मिश्रीलाल मालवीय, जिला स्वास्थ्य अधिकारी मनोज हुरमाणी बैरसिया आदि भी मौजूद थे।



बैठक के दौरान अच्छा कार्य करने वाली एएनएम का सम्मान भी किया गया।

## दो छात्राओं के अपहरण की कोशिश, बाइक से कूदकर बचीं


**जागरण, बैतूल।** जिले के बैतूलबाजार थाना क्षेत्र में स्कूल जा रही दो छात्राओं का अपहरण करने की कोशिश की गई। छात्राओं को रास्ते में अनहोनी का अहसास हुआ तो बाइक से कूद गईं। इस कोशिश में दोनों छात्राएं चोटिल हो गईं, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बैतूल एसपी निश्चल झारिया ने बताया कि छात्राओं का स्पष्ट कहना है कि नशे के पाउडर संबंधित कोई बात नहीं हुई है। ग्राम सोहागपुर की छात्राएं बैतूलबाजार कन्या स्कूल में कक्षा 12वीं में पढ़ती हैं। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे वे घर से स्कूल पैदल जाने के लिए निकलीं। छात्राएं बैतूल-नागपुर हाइवे से होकर गुजर रही थीं। इसी दौरान उन्हें एक बाइक सवार युवक ने स्कूल छोड़ने के लिए लिफ्ट दी। बाइक पर बैठने के बाद छात्राएं बेसुध-सी होने लगीं। बाइक चालक उन्हें बैतूलबाजार की ओर लेकर जा रहा था, तभी रास्ते में छात्राओं को अहसास हुआ कि उन्हें कहीं और ले जाया जा रहा है। उन्होंने चालक से बाइक रोकने के लिए कहा, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। इस पर दोनों चलती बाइक से कूद गईं। बाइक से कूदने के कारण दोनों छात्राओं को चोट आई। बाइक चालक मौके से भाग गया, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

# देश-विदेश

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने रूस जाएंगे मोदी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 और 23 अक्टूबर को होनी वाली ब्रिक्स समिट में शामिल होने के लिए रूस जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने शक्रवार को इसकी जानकारी दी है। रूस इस साल 16वीं ब्रिक्स समिट की अध्यक्षता कर रहा है। रूस के कजान में होने वाली इस समिट के दौरान मोदी सदस्य देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी समिट में शामिल होंगे। इस दौरान पीएम मोदी और जिनपिंग के बीच मुलाकात हो सकती है। दोनों के बीच आखिरी बार 2022 में इंडोनेशिया के बाली में जी-20 समिट के दौरान मुलाकात हुई थी। इससे पहले जुलाई में मोदी 22वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने रूस पहुंचे थे। यहां उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक भी की थी।



### भाजपा से एलर्जी न रखें मुसलमानः नकवी

**नई दिल्ली, भाषा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय से भाजपा पर विश्वास करने की अपील की और कहा कि जब यह पार्टी भेदभाव के बिना विकास करती है, तो फिर एलर्जी का कोई मतलब नहीं है। नकवी के कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, रामपुर में भाजपा के सदस्यता अभियान में उन्होंने यह भी कहा कि बलवाइयों पर रहम, बाहुबलियों पर करम और समाज पर सितम की स्वार्थी सियासत का भी सूपड़ा साफ़ करना होगा। नकवी ने भाजपा के सदस्यता अभियान के अंतर्गत अपनी सक्रिय सदस्यता का नवीनीकरण भी किया। उन्होंने कहा, भाजपा से एलर्जी को भाजपा विरोधियों की एनर्जी में जुटे कुछ गुमराह लोगों को भी हमें हमराह लाने का प्रयास करना होगा। नकवी ने कहा, हमें सामंती सियासी सूरमाओं के सांप्रदायिक साजिश से सावधान रहना होगा, संवैधानिक पंथनिरपेक्षता और समावेशी समृद्धि के लिए समाज में सौहार्द और सुरक्षा सर्वाधिक जरूरी है।



# सद्गुरु जग्गी के फाउंडेशन के खिलाफ बंधक बनाने का केस बंद

### सुप्रीम कोर्ट बोला- लड़कियां बालिग, मर्जी से आश्रम में रह रहीं, वहां पुलिस जांच गलत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रिटायर्ड प्रोफेसर एस कामराज ने मद्रास हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी कि आश्रम में उनकी बेटियों को बंधक बनाकर रखा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सद्गुरु जग्गी वासुदेव के ईशा फाउंडेशन के खिलाफ केस बंद कर दिया है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने शुक्रवार को कहा कि मद्रास हाईकोर्ट का ऐसी याचिका पर जांच का आदेश देना सही नहीं था। आश्रम में पुलिस का छापा भी गलत था। कोर्ट ने कहा कि लड़कियों के पिता की याचिका गलत है, क्योंकि दोनों लड़कियां बालिग हैं, जब वे आश्रम में गईं तो उनकी उम्र 27 और 24 साल थी। वो अपनी मर्जी से आश्रम में रह रही हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस फैसले का असर सिर्फ इसी केस तक सीमित रहेगा। बता दें कि ईशा फाउंडेशन के खिलाफ रिटायर्ड प्रोफेसर एस कामराज ने मद्रास हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। उनका आरोप था कि आश्रम में उनकी बेटियों लता और गीता को बंधक बनाकर रखा गया है। हाईकोर्ट ने 30 सितंबर को मामले के खिलाफ जांच करने और ईशा फाउंडेशन से जुड़े सभी क्रिमिनल केसों की डिटेल पेश करने का आदेश दिया था। अगले दिन 1 अक्टूबर को करीब 150 पुलिसकर्मी फाउंडेशन के हेडक्वार्टर पहुंचे थे। सद्गुरु ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने 3 अक्टूबर को मद्रास हाईकोर्ट के फाउंडेशन के खिलाफ पुलिस जांच के आदेश पर रोक लगाई थी। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु पुलिस से पुलिस जांच की स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा था। शुक्रवार को तमिलनाडु पुलिस ने रिपोर्ट पेश की। सुप्रीम कोर्ट में ईशा फाउंडेशन की तरफ से मुकुल रोहतगी ने दलीलें पेश कीं। वहीं, तमिलनाडु सरकार का पक्ष सीनियर वकील सिद्धार्थ लूथरा ने रखा।




## सुप्रीम कोर्ट ने लगाया झारखंड सरकार पर 1 लाख का जुर्माना

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि हम बार-बार चेतावनी के बावजूद राज्य सरकारों और पब्लिक सेक्टर यूनिट्स (पीएसयू) की बेकार याचिकाओं से तंग आ चुके हैं। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा कि ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि मुकदमेबाजी का खर्च अधिकारियों को नहीं उठाना पड़ता। बेंच ने कहा कि हम छह महीने से कह रहे हैं। चेतावनी के बावजूद राज्य सरकारें और पीएसयू ऐसी बेकार याचिकाएं दायर करने से परहेज नहीं करतीं। उनके रवैये में सुधार की कमी दिख रही है। बेंच ने झारखंड सरकार की अपील खारिज करते हुए उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना आदेश की तारीख से चार सप्ताह के भीतर चुकाना होगा। बेंच झारखंड सरकार की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। रांची हाईकोर्ट ने सरकार को उसके एक कर्मचारी रवींद्र गोप को बहाल करने का आदेश दिया था। जिसके खिलाफ झारखंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

**कहा- राज्य सरकारों और पीएसयू की बेकार याचिकाओं से ऊब चुके, अधिकारी इसके लिए जिम्मेदार**

## बेअदबी मामले में राम रहीम के खिलाफ चलेगा केस

**चंडीगढ़, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें गुरमीत राम रहीम के खिलाफ 2015 में पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के मामलों में ट्रायल पर रोक लगाई गई थी। बता दें कि जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने पंजाब सरकार की उस याचिका पर यह आदेश पारित किया, जिसमें हाईकोर्ट द्वारा राम रहीम के ट्रायल पर रोक को चुनौती दी गई थी। दरअसल, 2021 में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम ने जून और अक्टूबर 2015 के बीच श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी की तीन अलग-अलग घटनाओं की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए हाईकोर्ट का रुख किया, क्योंकि पंजाब सरकार द्वारा गठित एसआईटी ने राम रहीम को आरोपी बनाया था। हाईकोर्ट में डेरा प्रमुख ने पंजाब सरकार की 6 सितंबर, 2018 की अधिसूचना को चुनौती दी थी, जिसमें सरकार ने जांच को सीबीआई को सौंपने की अपनी सहमति वापस ले ली थी। अब बाबा के खिलाफ केस चलेगा।



# पाकिस्तान में कॉलेज में रेप के खिलाफ सड़कों पर छात्र

### स्कूल कॉलेज बंद, पुलिस ने 380 लोगों को गिरफ्तार किया



**रावलपिंडी, जेएनएन।** पाकिस्तान के पंजाब में छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बीच सभी स्कूल-कॉलेज को बंद करने का आदेश दिया गया है। पंजाब कॉलेज फॉर वीमेन के कैंपस में एक छात्रा से रेप के आरोपों के बाद पाकिस्तान में छात्र आंदोलन भड़का है। पंजाब पाकिस्तान का सबसे ज्यादा आबादी वाला क्षेत्र है। अब पंजाब प्रांत के गृह विभाग ने शुक्रवार और शनिवार को लोगों के इकट्ठा होने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। स्कूल कॉलेज बंद होने से पंजाब प्रांत में लगभग 2.6 करोड़ बच्चों और कॉलेज छात्रों की पढ़ाई पर असर पड़ेगा। रावलपिंडी पुलिस का कहना है कि गुरुवार को शहर में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान तोड़फोड़ और आगजनी के आरोप में 380 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सोशल मीडिया पर उपलब्ध फोटो/वीडियो से आगजनी करने वाले छात्रों की पहचान करेगी। छात्रों का प्रदर्शन अब लाहौर के अलग-अलग कॉलेजों से लेकर रावलपिंडी जैसे शहरों तक फैल गए हैं। रावलपिंडी में हो रहे प्रदर्शन पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज भी किया। पुलिस ने गार्ड को गिरफ्तार पिछले सप्ताह सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल होने के बाद छात्रों का विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ था। वायरल पोस्ट में खबर थी कि पंजाब कॉलेज फॉर वीमेन के कैंपस में एक छात्रा के साथ रेप हुआ है।

### स्टालिन को रास नहीं आया हिन्दी माह कार्यक्रम

# प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र कहा- ऐसे आयोजनों से बचें

**चेन्नई, जेएनएन।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने हिंदी माह के आयोजन को लेकर प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर ऐसे आयोजनों से बचने की सलाह दी है। सीएम ने दूरदर्शन के स्वर्ण जयंती समारोह के साथ-साथ हिंदी माह के समापन समारोह के आयोजन की कड़ी निंदा की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट में लिखा कि चेन्नई में दूरदर्शन के स्वर्ण जयंती समारोह को हिंदी माह के समापन के साथ जोड़े जाने की मैं कड़ी निंदा करता हूं। भारतीय संविधान किसी भी भाषा को राष्ट्रीय भाषा का दर्जा नहीं देता, हिंदी और अंग्रेजी का उपयोग केवल आधिकारिक उद्देश्यों जैसे कानून, न्यायपालिका और संघ और राज्य सरकारों के बीच संचार के लिए किया जाता है। ऐसे में किसी एक भाषा को लेकर समारोह करना सही नहीं है। सीएम ने कहा कि भारत जैसे बहुभाषी देश में हिंदी को विशेष स्थान देना और गैर-हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी माह मनाना अन्य भाषाओं को नीचा दिखाने का प्रयास माना जाता है। इसलिए मेरा सुझाव है कि गैर-हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी भाषा पर आधारित ऐसे आयोजनों को टाला जा सकता है या यदि केंद्र सरकार अभी भी ऐसे आयोजन करना चाहती है, तो संबंधित राज्यों में स्थानीय भाषा माह का आयोजन भी समान गर्मजोशी के साथ किया जाना चाहिए।



## रेप के आरोपी ने मां-बेटी को चाकू मारकर किया सुसाइड

**जागरण, जबलपुर।** दुष्कर्म के एक आरोपी ने 20 वर्षीय पीड़ित युवती और उसकी मां पर चाकू से हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने खुद को भी चाकू मारकर आत्महत्या कर ली। घटना रांझी थाना के रिछाई के पास की है। मां-बेटी को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूत्रों के मुताबिक आरोपी पीड़िता पर रेप मामले में समझौते का दबाव बना रहा था। संभवतः पीड़िता ने जब उसकी बात नहीं मानी तो उसने वारदात को अंजाम दे दिया। युवक विशाल उर्फ शुभम राजपूत पीड़ित युवती के घर पहुंचा और विवाद करने लगा। कुछ ही देर बाद स्थिति ऐसी बनी कि आरोपी ने युवती और उसकी मां पर चाकूसे ताबड़तोड़ हमला कर गंभीर रूप से घायल कर खुद को बाथरूम में बंद किया और फिर चाकू मार लिया।

# पहली कैबिनेट मीटिंग में ही राज्य का दर्जा देने का प्रस्ताव पारित

### जम्मू कश्मीर का सीएम बनते ही एक्शन में उमर

**श्रीनगर, जेएनएन।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर यूटी कैबिनेट की पहली बैठक में केंद्र से जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। सरकारी सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर यूटी को राज्य का दर्जा जल्द बहाल करने का आग्रह करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। अगर प्रस्ताव का मसौदा तैयार हो जाता है तो संभावना है कि उमर अब्दुल्ला खुद नई दिल्ली जाएंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रस्ताव सौंपेंगे, जिसमें उनसे जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया जाएगा। बता दें कि राज्य का दर्जा बहाल करना और अनुच्छेद 370 को हटाना हाल के चुनावों में भाजपा को छोड़कर सभी राजनीतिक दलों का मुख्य एजेंडा रहा। अब्दुल्ला ने कहा, हमने पहले भी राज्य के दर्जे के बारे में बात की है और अब तो सुप्रीम कोर्ट ने दो महीने के भीतर राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वाली अर्जी पर सुनवाई करने पर सहमति जताई है। मुझे यकीन है कि भारत सरकार जल्द ही इसे बहाल करेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या नेशनल कॉन्फ्रेंस अनुच्छेद 370 का मुद्दा उठाएगी या विधानसभा में इसके खिलाफ प्रस्ताव पारित करेगी, तो अब्दुल्ला ने कहा कि हम अनुच्छेद-370 को वापस लाने का पूरा प्रयास करेंगे।



## सहायक समिति प्रबंधक का मिला शव, हत्या की आशंका

**जागरण, सागर।** सागर में सहकारी समिति के सहायक प्रबंधक का शव जंगल में मिला है। वे गुरुवार को मॉर्निंग वॉक पर निकले थे, फिर नहीं लौटे। परिजन ने चुनावी रंजिश के चलते उनकी हत्या किए जाने की आशंका जताई है। उन्होंने दो-तीन संदेहियों के नाम पुलिस को बताए हैं, जो वारदात के बाद से गायब हैं। मामला गौरझामर के नयानगर गांव का है। शव के गले से सोने की चेन और हाथ से अंगूठी गायब है। इसके चलते पुलिस लूट के इरादे से मर्डर के एंगल से भी जांच कर रही है। गौरझामर और सुरखी थाना पुलिस की अलग-अलग टीमें आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही हैं। पुलिस के मुताबिक, नयानगर में रहने वाले सेवा सहकारी समिति के सहायक प्रबंधक प्रहलाद लोधी रोजाना की तरह गुरुवार सुबह करीब 5 बजे घर से टहलने निकले थे।

## मौसम अपडेट

**प्रदेश के चार महानगरों का तापमान**

| | भोपाल | इंदौर | जबलपुर | ग्वालियर |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम | 30.0 | 30.0 | 33.0 | 35.0 |
| न्यूनतम | 21.0 | 22.0 | 22.0 | 22.0 |

**देश के चार महानगरों का तापमान**

| | दिल्ली | मुंबई | चेन्नई | कोलकाता |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम | 35 | 31 | 32 | 33 |
| न्यूनतम | 23 | 26 | 26 | 26 |

## आचार्य विद्यासागर के जन्मदिन पर भजन संध्या का आयोजन

**मण्डीदीप।** शहर में नटराज कलोनी स्थित अदिष्वर धाम में जैन समाज के आचार्य विद्यासागर महाराज के 78वें अवतरण दिवस के अवसर पर श्री दिगम्बर जैन विद्यायतन मंदिर ट्रस्ट द्वारा मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश के अष्टा से आए अदिश्वर भक्ताम्बर मण्डल द्वारा भजन संध्या में सुमधुर भजन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में भावना जैन द्वारा आचार्य विद्यासागर महाराज की मंगलाचरण के साथ भजन संध्या का शुभारंभ किया गया। जिसमें अदिष्वर भक्ताम्बर मण्डल के सचिन जैन द्वारा दुनिया में सबसे न्यारा यह आत्मा हमारा, पूर्ण आयु दीर्घायु आप चिरायु हो सदा स्वस्थ रहो गुरुवर, मेरे विद्या गुरुवर को शत-शत नमन, चलते फिरते तीरथ हैं हरते सबका संतप्त, चरण छू लो विद्या गुरुवार का मेरा गुरु चांद सा, सारी दुनिया है इनकी दीवानी गुरुवर सब से प्रेम करें भजन प्रस्तुत किया गया। तो वहीं महिला मण्डल द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रमो की भी प्रस्तुति दी गई।

# सिंगाड़े की खेती एवं गंदे पानी के नाले तालाब के जल को कर रहे हैं प्रदूषित

## जिम्मेदारों ने आंखें मूंदी, जनता पेट की बीमारियों से ग्रस्त जल कुंभी ने भी घेरा

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** एशिया की प्रसिद्ध भोपाल की बड़ी झील का स्वरूप लगातार विकृत होता जा रहा है। इस बार भी जब भरपूर बरसात के कारण यह पूरी तरह से लबालब है और राजधानी के कमला पार्क से इसका विहंगम दृष्य हर किसी को अपनी तरह आकर्षित करता है, वहीं जैसे जैसे वीआयपी रोड से आगे बढ़ते हुए संत हिरदाराम नगर मार्ग हलालपुर, सीहोर रोड व फंदा तक जाते हैं, इसका विकृत रूवरूप सामने दिखाई देता है। हलालपुर से लेकर ही जहां जगह जगह लोग इसमें कचरा फैंक रहे हैं, वहीं किनारों पर गन्दगी के कारण इतनी बदबू आती है कि वहां जाने वालों को मुंह पर रूमाल रखना पड़ रहा है।



### व्यापक पैमाने पर सिंगाड़े की खेती

हलालपुर से लेकर फंदा तक लगभग 12 किलो मीटर क्षेत्र में इन दिनों तालाब का अधिकांश हिस्सा सिंगाड़े की खेती से पटा हुआ दिखाई देता है। जून माह में जब बरसात का दौर प्रारंभ होता है, तब आस पास के हजारों लोग तालाब की सीमाओं को आपस में बांट देते हैं और फिर सिंगाड़े का बीज डाला जाता है जो बरसात में पूरी तरह से पनपता है और सितम्बर 15 तक सिंगाड़े की खेती तैयार हो जाती है। इसके बाद इसकी कटाई का काम प्रारंभ होता है। इसी बीच 15 जून से जब सिंगाड़े का बीज डाला जाता है, तब सिंगाड़े का साइज बड़ा हो इसके लिए राख के अलावा कई ऐसे केमीकल डाले जाते हैं, जो तालाब के पानी को दूषित करतें हैं जोकि स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक होते हैं। एक अनुमान के अनुसार हलालपुर से लेकर फंदा तक लगभग 50 हजार हेक्टियर में सिंगाड़े की खेती की जाती है।

### कटाई का काम जोरों पर

15 सितम्बर के बाद सिंगाड़े की खेती की कटाई प्रारंभ होती है, जो दिसम्बर 15 तक जारी रहती है। इन दिनों सिंगाड़ा बाजार में 120 रूपए प्रतिकिलो बिग रहा है जो दीपावली के बाद जाकर सस्ता होगा। कटाई के बाद जो अनुपयोगी सामग्री बचती है, उसे तालाब में ही छोड़ दिया जाता है, जो लगातार पानी में सड़ती रहती है, जिससे भी पानी दूषित हो रहा है। लेकिन सिंगाड़े की खेती तालाब में न की जाए, इसका कोई प्रबंध नहीं हुआ है और सालों से लोग सिंगाड़े की खेती के नाम पर तालाब को लगातार दूषित कर रहे हैं।

### गंदे पानी के नाले

जहां सिंगाड़े की खेती को फलने फूलने के लिए जहरीले केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है, वहीं वीआयापी रोड से लेकर हलालपुर एवं संत हिरदाराम नगर के एक दर्जन से अधिक गन्दे पानी के नाले सीते तालाब में जा रहे हैं। बोरवन पार्क, जैन मंदिर के समीप, इसाईयों के कब्रिस्तान के आस पास, राजेन्द्र नगर, गुलाब उद्यान के पास के नाले तालाब में समा रहे हैं, जिसका पानी इतना तो दूषित एवं गन्दा होता है कि तालाब के किनारे का पानी काला नजर आने लगा है।

### जलकुंभी ने भी घेरा

तालाब के दृष्य को विकृत करने में रही सही कसर जलकुंभी ने पूरी की है। बरसात का जब दौर प्रारंभ हुआ तब जलकुंभी वीआयपी रोड पर भी अपना असर दिखाने लगी थी जिसे मशीनों से हटाया गया लेकिन हलालपुर से लेकर फंदा तक 12 किलो मीटर क्षेत्र में तालाब किनारे पानी को पूरी तरह से जलकुंभी ने घेरा हुआ है। संत हिरदाराम नगर के पुराने सीहोर नाके के समीप भी बड़ी मात्रा में जलकुंभी से पानी पूरी तरह से ढंग सा गया है ऐसे में बड़ी झील के मनोहारी दृष्य का इस मार्ग से गुजरने वाले लोग आनंद नहीं ले पा रहे हैं।

### पेट की बीमारियों से ग्रस्त

भले ही नगर निगम स्वच्छ जल वितरण का दावा करे लेकिन यह बात किसी से छुपी हुई नहीं है कि तालाब में जलकुंभी, सिंगाड़े की खेती एवं गंदे पानी के नालों के कारण पानी दूषित हो रहा है। यही पानी संत हिरदाराम नगर, गांधीनगर सैन्य इलाके श्री ईएमई सेंटर की लगभग तीन लाख आबादी को वितरित किया जा रहा है यही कारण है कि संत हिरदाराम नगर की आधे से अधिक आबादी इसी पानी के कारण पेट की बीमारियों की शिकार है। डाक्टर भी तालाब के दूषित होते पानी को पेट की बीमारियों का मुख्य कारण बताते हैं, लेकिन चाहे नगर निगम हो या झील संरक्षण विभाग के अधिकारी पूरी तरह से आंखें बंद किए बैठे हैं।

## इतने कम आवेदन आना मतलब क्षेत्र में समस्याएं कम होना: विष्णु खत्री



**नजीराबाद।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा समस्याओं का निराकरण करने के लिए विभिन्न शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के आदेश पर ग्राम पंचायत नजीराबाद में शुक्रवार को लोक कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिवर में कुल 82 आवेदन प्राप्त हुए जो निराकरण हेतु संबंधित विभागों को सौंप दिए गए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री ने आवेदनों की संख्या देख कहा कि इतने बड़े क्षेत्र में इतने कम आवेदन आने का मतलब है कि क्षेत्र में समस्याएं कम हो रही हैं। उन्होंने कहा कि एक समय था जब नजीराबाद क्षेत्र में बैरसिया विधानसभा का सबसे पिछड़ा क्षेत्र हुआ करता था लेकिन आज आप इस क्षेत्र में देखिए चहु ओर विकास हुआ है और आगे भी विकास कार्य जारी हैं। सड़क हो चाहे पानी बिजली हो या शिक्षा का क्षेत्र या अधोसंरचना के कार्य हर ओर भाजपा की सरकार विकास कार्य कर रही है। वहीं हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ भी हर पात्र हितग्राही को मिल रहा है वहीं आगे उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आपकी जो भी समस्याएं हैं उनके निराकरण हेतु प्रशासन को आपके द्वार पहुंचाकर उनका निराकरण करने का प्रयास कर रही है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों का ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि नर्मदा प्रसाद अहिरवार द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर एवं पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया एवं सभी का आभार व्यक्त किया।

**लोक कल्याण शिविर में गूंजा नजीराबाद में प्रधानमंत्री आवास नहीं आने का मुद्दा**

## केंद्रीय कर्मचारियों के लिए अधिकृत हुआ आरोग्य केंद्र: टेवानी

**प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में साधकों ने सुनाए अनुभव**

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** महात्मा गांधी ने जिस प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए गांव गांव के लोगों को इसमें प्रशिक्षित करने पर जोर दिया ताकि प्राकृतिक जीवन जीते हुए पहले तो वह बीमार ही न पड़े पर अगर कुछ गलतियों के कारण अस्वस्थ हो जाए तो उसे इलाज के लिए शहरों की तरफ न भागना पड़े बल्कि अपना इलाज खुद ही करे। उनके विचारों को आगे बढ़ाने का काम संत प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग संस्थान आरोग्य केन्द्र कर रहा है। अब इस केन्द्र को केन्द्र सरकार के कर्मचारियों एनएबीएच एक्रेडिटेड हॉस्पिटल व केन्द्रीय कर्मचारियों कार्ड होल्डर्स के उपचार हेतु अधिकृत किया गया है। उक्त जानकारी केन्द्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. गुलाब टेवानी ने दी। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार के कर्मचारी अब न केवल अपना खुद का इलाज यहां करवा सकते हैं, बल्कि चाहें तो वे यहां समय समय पर लगने वाले 10 दिनी प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग शिविर में शामिल होकर दूसरों को भी इसका लाभ दे सकते हैं।



### दस दिनी शिविर का आयोजन

डा. गुलाब टेवानी ने बताया कि एक बार फिर यहां दस दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसका गुरूवार को समापन्न हुआ। इसमें देश के विभिन्न राज्यों के साधकों ने हिस्सा लिया जिन्हें डिप्रेशान, डायबिटीज, हायपोथायरायडिज्म, कब्ज, ऑस्टियोआर्थराइट्सि, हाइपरटेंषन, मोटापा, पॉजीटिव प्रमोषन इन हेल्थ, गैस्ट्राइटिस, इनसोमनिया, माइग्रेन, हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया, अस्थमा, लम्बर स्पॉन्डिलाइटिस, साइटिका और फ्रोजन शोल्डर आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अलावा प्रातः जागरण एवं नित्यकर्म, नियमित योगाभ्यास, यौगिक क्रियाएँ, प्रातः कालीन व सायंकालीन व्याख्यान सत्र एवं षंका समाधान, प्राकृतिक चिकित्सा, प्राकृतिक आहार, ध्यानात्मक क्रियाएँ एवं आनंद मेला आदि का आयोजन भी किया गया। यहां साधकों ने दस दिन में जो कुछ सीखा एवं अनुभव किया उसे सभी के साथ साझा किया और इसे आम व्यक्ति के लिए बहुत ही लाभदायक व उपयोग बताया। डा. टेवानी ने बताया कि शुक्रवार को एक बार फिर 10 दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग शिविर का आयोजन किया गया जो 27 अक्टूबर तक चलेगा।

## सिंधी महिलाओं में भी बढ़ रहा करवा चौथ का क्रेज

### ऐसा ही उपवास सावन माह में टीजड़ी पर रखती हैं महिलाएं

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** एक समय था जब सिंधी परिवारों में करवा चौथ का वृत रखना तो दूर यह होता क्या इसकी भी जानकारी नहीं थी इसके स्थान पर हर साल सावन माह में टीजड़ी का वृत जो कि करवा चौथ की तरह ही कठिन एवं निर्जल होता है, रखते हुए अपने पति की लम्बी आयु व स्वस्थ जीवन के अलावा अच्छे वर की कामना की जाती है। करवा चौथ पर सिंधी परिवार की कोई भी महिला वृत नहीं रखती थी लेकिन अब ऐसा नहीं है सिंधी महिलाएं भी अब गैर सिंधी हिन्दु महिलाओं की तरह न केवल यह उपवास रखने लगी हैं बल्कि सभी परम्पराओं का भी निर्वहन होने लगा है।

**लगी प्रदर्शनी :** करवा चौथ को देखते हुए ही वोमेंस विंग एवं प्लेओटल ने दो दिवसीय एग्जीब्यूशन का आयोजन किया है, जिसमें खासतौर पर सिंधी महिलाएं अधिक संख्या में जुट रही है। कोई सीक्वेंस साड़ी देख रही हैं तो किसी को करवा चौथ पर सबसे अलग दिखने के लिए के अपनी पसंदीदा ड्रेस की तलाश की। किसी को पोटली बैंग पसंद आया, तो किसी परफ्यूम्स का कलेक्शन, हर महिला किसी न किसी स्टॉल पर खरीदारी करती हुई दिखाई दी। इस प्रदर्शनी में 40 से अधिक वैरईटी के स्टॉल लगाये गये थे जिसमें ब्राइडल वेयर, परफ़्यूम्स, दीवाली



सजावट, आर्टिफ़िशल ज्वैलरी, बेडशीट, सिल्क साड़ी, दिवाली गिफ्ट, करवाचैथ श्रंगार सामग्री, फैशन डिजाइनर कपड़े सहित अन्य कई प्रकार के स्टॉल लगाए गए हैं। प्रदर्शनी आयोजिका उषा वाधवानी, रिद्धि वाधवानी, भूमिका शर्मा, पूनम परलानी ने बताया कि मैट्रो सिटी में नया फैशन और ब्रांड जल्दी आ जाते है परंतु छोटे शहरो में इसे पहुँचने में समय लगता है, पर इस तरह की प्रदर्शनी से लोगों के पसंदीदा समान जल्द ही उपलब्ध हो जाते है। इस प्रदर्शनी में लकी ड्रॉ के माध्यम से लोगों को अनेक आकर्षक पुरस्कार भी दिए गए।

**मेहंदी का भी आयोजन :** इधर प्ले होटल इन आरिया में ही शनिवार को करवा चौथ की पूर्व संध्या पर निःशुल्क मेहंदी लगाने का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है, जहां दिल्ली के महशूर आर्टिस्टों द्वारा मेहंदी लगाई जाएगी।

## आबकारी विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने की शराब माफियों पर कसा शिकंजा

**मंडीदीप।** शराब माफिया के हौसले इतने बुलंद है कि बिना किसी डर के सरेआम अवैध तरीके से शराब बेची जा रही है जिला कलेक्टर अरविंद कुमार दुबे के निर्देशन मैं जिला आबकारी वंदना पांडे सहायक आयुक्त आबकारी के आदेश से कंट्रोलर सुदीप तोमर सहायक जिला आबकारी अधिकारी सरिता चंदेल के नेतृत्व मे आबकारी वृत्त ओबेदुल्लागंज एवं थाना औबेदुल्लागंज की संयुक्त टीम का गठन किया गया जिसके द्वारा अर्जुन नगर सिंधी कैंप देवटिया इकलमा सहित स्थित ढाबो एवं कच्ची शराब के अड्डों पर दबिश दी गयी जिसमे 14 प्रकरण दर्ज कर 8 लोगो को मोके पर गिरफ्तार किया गया कार्यवाही मे 80 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब 98 पाव प्लेन मदिरा 15 बोतल बियर 40 पाव अंग्रेजी मदिरा जब्त की गई एवं लगभग 1800 लीटर महुआ लहान सैंपल लेकर मौके पर नष्ट किया गया जिसका मूल्य 4 लाख 10 हजार एक सो पचास रुपये है। अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

## महावीर जी का चोला धारण करेंगे हर्ष चंदन

**औबेदुल्लागंज।** आगामी बर्ष 2025 में महावीर सेवा दल के चोले को नगर के उत्साही युवा हर्ष चंदन धारण करेंगे। उनका चयन शरद पूर्णिमा के अवसर पर पर्ची के माध्यम से हुआ। आपको बता दें कि नगर की प्राचीन संस्था महावीर सेवा दल द्वारा मुख्य बाजार स्थित श्रीराम मंदिर में प्रत्येक वर्ष शरद पूर्णिमा पर पर्ची के माध्यम से नगर के एक उत्साही युवा का चयन महावीर जी का चोला धारण करने के लिए किया जाता है। इस वर्ष विजय नगर कॉलोनी निवासी हर्ष चंदन का चयन चोला धारण हेतु हुआ। उनके चयन पर नगर के समस्त हिंदूजनों व उनके स्नेही मित्रों ने पुष्पमाला पहनाकर बधाई प्रेषित की।



## 22 अक्टूबर तक सैन्य स्वावलंबन शक्ति अभ्यास का बड़ा अभियान

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** दक्षिणी कमान की सुदर्शन चक्र कोर 22 अक्टूबर तक फील्ड फायरिंग रेंज में कोर-स्तरीय सैन्य अभ्यास स्वावलंबन शक्ति का आयोजन कर रही है। सेना की विज्ञप्ति में बताया गया है कि आज के अस्थिर वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य में, किसी देश के सशस्त्र बलों के लिए विशिष्ट और उभरती प्रौद्योगिकियों के एकीकरण के माध्यम से अपनी युद्ध क्षमताओं को निरंतर बढ़ाना अनिवार्य है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए, इस अभ्यास का उद्देश्य सेना की आक्रामक रणनीतियों में नई प्रौद्योगिकी उपकरणों एनटीई को एकीकृत करना है, ताकि भविष्य के युद्ध परिदृश्यों के लिए तत्परता सुनिश्चित की जा सके। यह अभ्यास 17 अक्टूबर को सुदर्शन चक्र कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल प्रीत पाल सिंह की उपस्थिति में शुरू हुआ और भविष्य के विकास और खरीद के लिए महत्वपूर्ण



प्रौद्योगिकियों और उपकरणों की पहचान करने और उन्हें प्राथमिकता देने में मदद करेगा। विज्ञप्त में बताया गया है कि अभ्यास में लगभग 1800 कार्मिक, 210 बख्तरबंद वाहन, 50 विशेषज्ञ वाहन और विमानन परिसंपत्तियों की एक श्रृंखला भाग ले रही है। 40 से अधिक प्रमुख उद्योग भागीदारों-जिनमें ठत्कृष्ट प्रयोगशालाएँ और उभरते रक्षा स्टार्टअप शामिल हैं, के 50 से अधिक नए तकनीकी उपकरण प्रदर्शित किए जा रहे हैं।

मूल्यांकित की जा रही कुछ अत्याधुनिक तकनीक में स्वार्म ड्रोन, कामिकेज़ ड्रोन, लॉजिस्टिक स्वार्म ड्रोन, हैंडहेल्ड ड्रोन जैमर, सॉफ़्टवेयर परिभाषित रेडियो-आधारित मोबाइल एडहॉक नेटवर्क सिस्टम, रोबोटिक खच्चर, ऑल-टेरेन वाहन, लाइट आर्मर्ड मल्टीपर्पज़ व्हीकल, गाइडेड प्रिसिजन एरियल डिलीवरी सिस्टम लेजर-आधारित संचार प्रणाली, निर्देशित ऊर्जा हथियार और स्वदेशी रूप से विकसित दीर्घ-धीरज यूएवी शामिल हैं। इन प्रणालियों का सेना की भविष्य की युद्ध-लड़ने की रणनीतियों का समर्थन करने में उनकी प्रभावशीलता के लिए मूल्यांकन किया जाएगा।

**बिजनेस प्लस**

## बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय द्वारा 14 एवं 15 अक्टूबर को

**भोपाल।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय महिला/पुरुष बैडमिंटन प्रतियोगिता 24 का आयोजन जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय द्वारा 14 एवं 15 अक्टूबर को कॉलेज कैंपस में आयोजित किया गया जिसमें मप्र के 10 शासकीय विवि की 9 महिला एवं 10 पुरुष टीमों ने हिस्सा लिया,प्रतियोगिता का शुभारंभ दिनांक 14 तारीख को किया गया तथा समापन एवं पुरुस्कार वितरण महाविद्यालय के संचालक मो. आसिफ की द्वारा समारोह 15 अक्टूबर को किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल महिला वर्ग में बरकतउल्ला विवि भोपाल एवं डी ए वी विश्वविद्यालय इंदौर के बीच हुआ जिसमें बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल की टीम विजयी रही एवं पुरुष वर्ग का फाइनल डी ए वी विश्वविद्यालय इंदौर एवं एस के टी बी यूनिवर्सिटी खरगोन के बीच हुया जिसमें खरगोन विश्वविद्यालय की टीम विजयी रही, इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के संचालक मो. आसिफ की, शाबिश्ता की, प्राचार्य डॉ वाय. पी. सिंह, खेल अधिकारी श्री अरुण कुमार पांडे, डॉ योगेंद्र पुरोहित, चंद्र भान सिंह, सुनील रघुवंशी, संजय रघुवंशी, चैन सिंह एवं समस्त महाविद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा।



## सीएनजी प्लांट का भूमि पूजन... मध्य प्रदेश में पहली बार एग्री बायोमास से बायो-सीएनजी गैस बनाएगा मशरूम वर्ल्ड ग्रुप

**भोपाल।** मशरूम वर्ल्ड ग्रुप ने मध्य प्रदेश में बायो-सीएनजी उत्पादन के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाते हुए रायसेन जिले के बराई खास गाँव में अपने पहले कृषि आधारित बायो-सीएनजी प्लांट का भूमि पूजन किया। इस पहल के तहत कंपनी राज्य में 10 नए बायो-सीएनजी प्लांट स्थापित करने की योजना बना रही है, जिनसे न केवल स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन होगा, बल्कि हजारों लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। इस प्लांट में नैपियर घास (हाथी घास) और अन्य जैविक अवशेषों का उपयोग कर हरित और स्वच्छ ऊर्जा का निर्माण किया जाएगा। समारोह में माननीय मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग और सांची के विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने हिस्सा लिया।



## आरकेडीएफ विश्वविद्यालय में राइट टू फूड पर सेमिनार

**भोपाल।** विश्व खाद्य दिवस पर आरकेडीएफ विवि में आयोजित सेमिनार का उद्घाटन करते हुये विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. विजय अग्रवाल ने खाद्य अधिकार के महत्व पर बल दिया और कहा कि यह मानव अधिकारों का एक मूलभूत हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हमारी औसत आयु में कमी का मूल कारण हमारे खान पान में हुए परिवर्तन हैं। मोटे अनाज की जगह जिस तरह की भोज्य सामग्री का सेवन हम कर रहे हैं वह पोषक तत्वों से भरपूर नहीं है। इसलिए श्रीअन्न ( मोटे अनाजों) को अपनाना जरूरी है जो बहुत सारी बीमारियों के नियंत्रण में महती भूमिका का निर्वहन करते हैं। कृषि संकाय के डीन, डॉ के सी पांडे द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। डॉ. मनोज त्रिपाठी, प्रधान वैज्ञानिक आईसीएआर-सीआईएई भोपाल, ने 'मिलेट्स से स्वस्थ सेहत- खेत से उत्पाद तक' विषय पर केन्द्रित व्याख्यान दिया। उन्होंने मिलेट्स के पोषण संबंधी लाभों और उनके उत्पादों की विविधता पर प्रकाश डालते हुये बताया कि मिलेट्स में उच्च प्रोटीन, फाइबर और मिनरल्स होते हैं, जो स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक हैं।



## करियर मार्गदर्शन पर शिक्षाविदों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

**भोपाल।** पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पीएसएससीआईवीई), भोपाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अंतर्गत स्कूलों में करियर मार्गदर्शन और परामर्श की महत्ता को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से आए शिक्षक, शिक्षाविद् और स्कूल शिक्षा में करियर मार्गदर्शन से जुड़े विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पीएसएससीआईवीई के संयुक्त निदेशक डॉ. दीपक पालीवाल द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ किया गया। उन्होंने संस्थान के विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा संस्थान स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण और विस्तार को प्रोत्साहित करता है।



| सोना स्टैंडर्ड प्रति 10 ग्रा. | सोना रवा प्रति 10 ग्रा. | प्लेटिनम प्रति 10 ग्रा. | चांदी टंच प्रति किलो |
|---|---|---|---|
| भोपाल 79,300 | भोपाल 72,550 | भोपाल 27,000 | भोपाल 93,500 |
| इन्दौर 79,300 | इन्दौर 71,550 | इन्दौर 27,000 | इन्दौर 93,500 |
| दिल्ली 79,200 | दिल्ली 72,550 | दिल्ली 27,000 | दिल्ली 93,500 |

www.djmp.in/epaper

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

81,224

+281

**Nifty 50 Top5 Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Axis Bank | 1,203.85 | 5.74% |
| Wipro | 558.40 | 3.76% |
| Eicher Motors | 4,799.90 | 3.07% |
| ICICI Bank | 1,268.90 | 2.70% |
| Shriram Finance | 3,373.90 | 2.64% |

**Nifty 50 Top5 Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Infosys | 1,869.25 | -4.50% |
| Asian Paints | 2,980.60 | -2.08% |
| Britannia | 5,870.00 | -1.69% |
| Nestle | 2,326.10 | -1.20% |
| HUL | 2,693.45 | -0.79% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 84.07 |
| € यूरो | 91.34 |
| ¥ येन | 05.62 |
| £ पौंड | 109.66 |

# विश्व में सबसे शाइनिंग इकोनामी भारत

## विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बग्गा ने भारतीय अर्थव्यवस्था की तारीफों के पुल बांधे

**वाशिंगटन, एजेंसी,जेएनएन।** विश्व बैंक के अध्यक्ष श्री अजय बंगा ने भारत की प्रभावशाली वृद्धि दर पर प्रकाश डाला, इसे वैश्विक अर्थव्यवस्था के सबसे उल्लेखनीय पहलुओं में से एक बताया, जो काफी हद तक मजबूत घरेलू बाजार द्वारा संचालित है। विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की आगामी वार्षिक बैठक से पहले बोलते हुए, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान वैश्विक परिवेश में छह से सात प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करना महत्वपूर्ण प्रगति और लचीलेपन को दर्शाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा रेखांकित वायु और जल गुणवत्ता जैसे जीवन की गुणवत्ता के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व को इंगित किया। विश्व बैंक इस वृद्धि को रोजगार सृजन और सतत विकास में बदलने के लिए विभिन्न पहलों पर भारत के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है, जिसमें महिला कार्यबल भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, वायु गुणवत्ता, जल आपूर्ति और शहरी नियोजन में सुधार के माध्यम से शहरी जीवन स्थितियों को बेहतर बनाने के प्रयास चल रहे हैं, जो दीर्घकालिक आर्थिक और सामाजिक लाभों को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण का संकेत देते हैं। बंगा ने पत्रकारों से कहा है कि इस बात में कोई शक नहीं है कि भारत का ग्रोथ रेट वर्ल्ड इकोनॉमी के सबसे उज्ज्वल हिस्सों में से एक है। मुझे लगता है कि इस तरह के माहौल में 6 से 7 प्रतिशत और उससे अधिक की रेट से बढ़त कर पाना आपको दिखाता है कि उन्होंने वहां तक पहुंचने के लिए कई कदम उठाए हैं।



### क्वालिटी पर ध्यान देने की जरूरत

विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ की अगले हफ्ते होने वाली सालाना बैठक से पहले बंगा ने यह बयान दिया है। उन्होंने कहा, '' भारत में हुई ज्यादातर बढ़त लोकल मार्केट के दम पर मुमकिन हो पायी है जो कुछ मायनों में एक अच्छा संकेत देती है। भारत को जिन चीजों पर काम करने की जरूरत है और जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कहा है, लाइफ की क्वालिटी, जैसे हवा तथा पानी की क्वालिटी आदि पर काम करना जरूरी है।

### महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की संभावनाएं

वहीं विश्व बैंक के परिचालन से संबंधित प्रबंध निदेशक एन्ना बेर्डे ने कहा कि बैंक सरकार को बढ़त को रोजगार तथा टिकाऊ विकास में बदलने में सहायता कर रहा है। उन्होंने कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया है, क्योंकि भारत में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं।

### 5 इंटरनेशनल संगठनों का ग्रुप

वर्ल्ड बैंक एक स्पेशल इंस्टीट्यूट है। इसका मुख्य उद्देश्य सदस्य राष्ट्रों को पुनर्निमाण और विकास के कार्यों में इकोनॉमिकल हेल्प करता है। विश्व बैंक समूह 5 इंटर नेशनल संगठनों का एक ऐसा समूह है जो सदस्य देशों को फाइनेंस और फाइनेंशियल सलाह देता है। वर्तमान में विश्व बैंक में 189 देश सदस्य हैं। विश्व बैंक का सदस्य बनने के लिये किसी भी देश को पहले इंटर नेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन का सदस्य बनना ज़रूरी होता है।

### पूरी दुनिया भारत के साथ कारोबार करने की इच्छुक : गोयल

**नई दिल्ली, (भाषा)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि आज पूरी दुनिया भारत के साथ व्यापार करना चाहती है, क्योंकि देश की बुनियाद मजबूत है। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति नियंत्रण में है, विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर को पार कर गया है और देश मजबूत आर्थिक वृद्धि दर दर्ज कर रहा है। भारत सबसे पसंदीदा निवेश स्थल भी है। गोयल ने यहां आयोजित कार्यक्रम में कहा, जॉन चैंबर्स (सिस्को सिस्टम्स के पूर्व सीईओ) ने दो-तीन दिन पहले मुझसे कहा था कि तीन हजार अरब डॉलर (राशि) निवेश के लिए मौजूद है और उस राशि के लिए भारत से बेहतर कोई जगह नहीं है। सिस्को के पूर्व प्रमुख ने दुनिया के लिए भारत के ब्रांड एंबेसडर के रूप में अपनी सेवाएं देने की पेशकश की। यही आज का भारत है। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रही है। गोयल ने कहा, हम अब दुनिया के लिए पसंदीदा जगह हैं और पूरी दुनिया भारत के साथ व्यापार करना चाहती है।



# तीन साल में ही बायजू का सब कुछ खत्म, वैल्यू हो गई जीरो

## कंपनी के संस्थापक रवींद्रन ने बताई अर्श से फर्श की कहानी




**नई दिल्ली, जेएनएन।** कोई भी कंपनी कैसे अर्श से फर्श पर आ जाती है, इसका सबसे बड़ा उदाहरण- एडटेक कंपनी बायजूस है। लंबे समय से कंपनी आर्थिक परेशानियों से जूझ रही थी, कंपनी के पास कर्मचारियों को सैलरी देने के लिए भी पैसे नहीं थे। आलम ये है कि अब कंपनी की नेटवर्थ यानी कीमत शून्य हो चुकी है। बायजू के फाउंडर बायजू रवींद्रन ने खुद ये बात कही और बताया कि कैसे ये कंपनी अर्श से फर्श पर आ गई। बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन ने गुरुवार को कहा कि बायजू के तीन प्रमुख निवेशकों- प्रोसस, पीक XV पार्टनर्स और चैन जुकरबर्ग इनिशिएटिव का 2023 में एक ही समय में बोर्ड से इस्तीफा देना संकट भरे एडटेक फर्म के लिए सबसे बड़ा झटका था, जिससे कंपनी के लिए फंड जुटाना असंभव हो गया। एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, बदलाव के प्रति आशावादी लगते हुए उन्होंने कहा कि आज बायजू की कीमत शून्य है।

**3 साल के बर्बाद हुई कंपनी:** रवींद्रन ने कहा कि बायजू कंपनी को लेकर कोई धोखाधड़ी नहीं की है। अगर ऐसा कुछ किया होता तो कंपनी से सबसे पहले पैसा फाउंडर (रवींद्रन) निकालते हैं, लेकिन हमने ऐसा नहीं किया, बल्कि हमने और पैसा लगाया।

रवींद्रन ने कहा कि अमेरिकी कर्जदाताओं की ओर से 1.2 अरब डॉलर का टर्म लोन खतरनाक साबित हुआ। इसका उपयोग कंपनी के ग्रोथ पर ही खर्च किया गया, लेकिन जब बीसीसीआई से डील के बाद अमेरिकी कर्जदाताओं से विवाद बढ़ गया और उन्होंने लोन और ब्याज चुकाने का आदेश दे दिया। जिसके बाद ही निवेशकों ने भी कंपनी एक के बाद एक करके छोड़ दी। इसके बाद कंपनी की हालत खराब होती चली गई और 3 साल के अंदर ही कंपनी पूरी तरह से बर्बाद हो गई।

### 22 अरब डॉलर से 0 हुई कंपनी की वैल्यू

उन्होंने कहा कि प्रोसस जैसे निवेशकों ने एक समय में सबसे वैल्यूवेशन भारतीय स्टार्टअप में अपने निवेश को खत्म कर दिया है। रवींद्रन ने कहा कि निवेशकों ने बायजू को बस से खाई में ढकेल दिया। अगर वे इस्तीफा देने की जगह बदलाव या पुनर्गठन के लिए वोट की योजना बनाए होते तो कंपनी की हालत आज ऐसी नहीं होती। एडटेक कंपनी बायजू की वैल्यू साल 2022 तक 22 अरब डॉलर थी, जो अब शून्य हो चुकी है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 10.75 अरब डॉलर घटकर 690.43 अरब डॉलर पर

**मुंबई, (भाषा)।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 10.75 अरब डॉलर घटकर 690.43 अरब डॉलर रहा। यह हाल के दिनों में मुद्रा भंडार में सबसे बड़ी गिरावट है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.71 अरब डॉलर घटकर 701.18 अरब डॉलर रहा था। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। भारतीय रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 11 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 10.54 अरब डॉलर घटकर 602.10 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और एन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 9.8 करोड़ डॉलर घटकर 65.66 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 8.6 करोड़ डॉलर घटकर 18.34 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 2 करोड़ डॉलर घटकर 4.33 अरब डॉलर रहा।



# इस समय ब्याज दर में कटौती असामयिक, जोखिम से भरी होती: आरबीआई गवर्नर

**नई दिल्ली, (भाषा)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि नीतिगत ब्याज दर में कटौती के लिए मौजूदा समय असामयिक और बहुत जोखिम भरा होता क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति अभी भी ऊंचे स्तर पर है। इसके साथ ही दास ने कहा कि भविष्य का मौद्रिक नीतिगत कदम आगामी आंकड़ों और आर्थिक परिदृश्य पर निर्भर करेगा। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की इस महीने की शुरुआत में हुई बैठक में नीतिगत दर को यथावत रखने का फैसला किया गया था। हालांकि इसने मौद्रिक नीति के रुख को संशोधित करते हुए तटस्थ कर दिया। अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा छह दिसंबर को की जाएगी। दास ने ब्लूमबर्ग की तरफ से आयोजित इंडिया क्रेडिट फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि सितंबर की खुदरा मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर है और आगामी आंकड़े के भी नरम होने से पहले उच्च रहने की आशंका है। आरबीआई गवर्नर ने कहा, "जब आपकी मुद्रास्फीति साढ़े पांच प्रतिशत है और अगला आंकड़ा भी ऊंचे स्तर पर रहने का अनुमान है तो इस समय ब्याज दरों में कटौती बहुत असामयिक होगी और यह बहुत जोखिम से भी भरा हो सकता है।

# लोन पर सात प्रतिशत की ब्याज सब्सिडी और कैशबैक, बड़े काम की मोदी सरकार की ये स्कीम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार की कई ऐसी योजनाएं हैं जिसके तहत सरकार लोन बांटती है। इसमें पीएम विश्वकर्मा और पीएम स्वनिधि योजनाएं भी हैं। विश्वकर्मा योजना के तहत अलग-अलग कैटेगरी के लोगों को 3 लाख रुपये तक के लोन दिए जाते हैं। वहीं, पीएम स्वनिधि के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को 50 हजार रुपये के लोन दिए जाने का प्रावधान है। पीएम स्वनिधि की खास बात ये है कि इसमें लाभार्थी को पहले 10 हजार रुपये का लोन दिया जाता है। इसके बाद लोन री-पेमेंट की स्थिति के हिसाब से रकम बढ़ाई जाती है। आइए पीएम स्वनिधि स्कीम की खास बातें जान लेते हैं। कोविड के दौरान आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना की शुरुआत की थी। इस योजना का उद्देश्य स्ट्रीट वेंडरों को कोविड-19 महामारी में बुरी तरह प्रभावित हो चुके उनके व्यवसायों को फिर से शुरू करने के लिए बिना किसी गारंटी के वर्किंग कैपिटल लोन की सुविधा देना है।

PM SVANidhi

### 50 हजार रुपए के लोन का इंतजाम

एक वर्ष की अवधि के लिए बिना किसी गारंटी के 10,000 रुपये तक के लोन की सुविधा है। समय पर इस लोन का री-पेमेंट करने पर 20,000 रुपये लोन की दूसरी और 50,000 रुपये लोन की तीसरी किस्त मुहैया कराई जाती है। वहीं, प्रति वर्ष 7 प्रतिशत की दर से ब्याज सब्सिडी के माध्यम से नियमित री-पेमेंट को प्रोत्साहित किया जाता है। बता दें कि प्रति वर्ष 1,200 रुपये तक कैशबैक दिया जाता है। योजना ब्याज दर की बात करें तो कॉमर्शियल बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी), लघु वित्त बैंकों (एसएफबी), सहकारी बैंकों एसएचजी बैंकों के मामले में रियायती है। एनबीएफसी, एनबीएफसी-एमएफआई आदि के मामले में संबंधित ऋणदाता श्रेणी के लिए आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार ब्याज दरें होंगी।

# ईएसआई, आयुष्मान भारत पीएम जन आरोग्य योजना को एक साथ लाने को मंजूरी

**नई दिल्ली, (भाषा)।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम की चिकित्सा लाभ परिषद ने शुक्रवार को लाभार्थियों के लिए स्वास्थ्य सेवा पहुंच बढ़ाने को लेकर आयुष्मान भारत पीएम-जन आरोग्य योजना (जेएवाई) के साथ कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) योजना को एक साथ लाने की मंजूरी दे दी। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि दोनों योजनाओं को एकीकृत करने का फैसला कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) मुख्यालय में आयोजित चिकित्सा लाभ परिषद की 86वीं बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता ईएसआईसी के महानिदेशक (डीजी) अशोक कुमार सिंह ने की। आयुष्मान भारत पीएम-जेएवाई दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। इसका उद्देश्य 12 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों (लगभग 55 करोड़ लाभार्थी) को प्रति वर्ष पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा प्रदान करना है। परिषद ने राज्यों के लिए साझा सहायता मिशन (सीएसएम) के क्रियान्वयन को भी मंजूरी दी। सीएसएम का उद्देश्य बीमित व्यक्ति केंद्रित दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित करते हुए राज्यों में ईएसआई की चिकित्सा सेवा वितरण प्रणाली में सुधार और मजबूती लाना है। इसके अलावा, परिषद ने लाभार्थियों के लिए वार्षिक निवारक स्वास्थ्य जांच और जागरूकता शिविर शुरू करने को मंजूरी दी, ताकि जीवनशैली विकारों के शीघ्र निदान और बीमित व्यक्तियों महिलाओं ट्रांसजेंडरों में पोषण संबंधी कमियों का पता लगाने पर ध्यान केंद्रित किया जा सके।




# आईटी क्षेत्र में नियुक्ति में तेजी से सितंबर में रोजगार में छह प्रतिशत की वृद्धिः रिपोर्ट




**नई दिल्ली (भाषा)।** देश में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नियुक्तियों में तेजी के साथ रोजगार में सालाना आधार पर सितंबर महीने में छह प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई है। नौकरी के बारे में जानकारी देने वाला ऑनलाइन पोर्टल नौकरी डॉट कॉम की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। रिपोर्ट के अनुसार देश में कार्यालय वाली नौकरियों (व्हाइट कॉलर) की स्थिति बताने वाली प्रमुख सूचकांक नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स छह प्रतिशत बढ़कर सितंबर में 2,727 अंक पर पहुंच गया। मासिक आधार पर जारी किया जाने वाला यह सूचकांक देश में रोजगार बाजार की स्थिति को बताता है। इसमें कहा गया है कि इस बढ़त के पीछे मुख्य कारण सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में नियुक्तियों में तेजी रही। इसमें सितंबर माह में सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, रोजमर्रा के घरेलू उत्पाद बनाने वाले क्षेत्र (एफएमसीजी) में भर्ती गतिविधियों में 23 प्रतिशत और तेल एवं गैस क्षेत्र में 13 प्रतिशत वृद्धि का भी योगदान रहा। कृत्रिम मेधा और मशीन लर्निंग (एआईएमएल) में 31 प्रतिशत की वृद्धि हुई। नौकरी डॉट कॉम के मुख्य कारोबार अधिकारी पवन गोयल ने कहा, नियुक्ति गतिविधियों में छह प्रतिशत की वृद्धि उत्साहजनक है, लेकिन सबसे खास बात आईटी क्षेत्र में लंबे समय के बाद आई मजबूत वापसी है। सही मायने में आईटी, बीपीओ (बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग), कृत्रिम मेधा-मशीन लर्निंग जैसे क्षेत्रों का बेहतर प्रदर्शन उत्साहजनक है। इस दौरान जयपुर और कोलकाता जैसे उभरते आईटी क्षेत्रों में भी भर्ती गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। नए रोजगार केंद्रों के उभरने से अब नौकरियों के अवसर महानगरों से बाहर भी फैल रहे हैं और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिल रहा है। उदयपुर और भुवनेश्वर जैसे शहर तेजी से उभर रहे हैं, जहां कार्यालय वाली नौकरियों में क्रमशः 44 प्रतिशत और 41 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। बड़ौदा भी विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) के लिए एक प्रमुख स्थान बनकर उभरा, जहां नियुक्तियों में 22 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इसके अलावा, चेन्नई में यूनिकॉर्न यानी एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाले स्टार्टअप में नियुक्ति में 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे यह शहर स्टार्टअप केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

**जाहिर सूचना**

मैं, अपने पक्षकार आई.डी.बी.आई. बैंक, शाखा आर.ए.सी. मालवीय नगर, भोपाल द्वारा शाखा प्रबंधक के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि, श्री हरिओम निरंजन आत्मज श्री परशुराम निरंजन के आधिपत्य एवं स्वामित्व में एक आवासीय भूखण्ड क्रमांक 20, जिसका क्षेत्रफल 2400 वर्गफिट है, जो कि खसरा क्रमांक 8/1, 8/2, 11/1/1, 11/2, 11/4, 12, 13, 14, 15/1, 17, 23, 24, 27, 28, 29, 30, 31, 57, 145/1, 67/1, 67/2, 67/3/2 के अंश भाग पर, द पुलिस कर्मचारी को-आपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, संजीव नगर, नेवरी, भोपाल में स्थित है, जिसके पूर्व में-रोड, पश्चिम में-प्लॉट नंबर 29, उत्तर में-प्लॉट नंबर 20ए तथा दक्षिण में-रोड है। यह कि उक्त सम्पत्ति की मूल लिंक रजिस्टर्ड विक्रय पत्र जो कि दि पुलिस कर्मचारी को-आपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, भोपाल ने श्री राजीव मिश्रा आत्मज श्री महेश प्रसाद मिश्रा के पक्ष में निष्पादित किया है, जिसका पंजीयन उपपंजीयक कार्यालय भोपाल में दिनांक 02.11.2000 को पुस्तक क्रमांक अ-1, ग्रंथ क्रमांक 16040 दस्तावेज क्रमांक 2051/क पर पंजीबद्ध, कहीं खो गयी है। यह कि उक्त सम्पत्ति के खोने की सूचना थाना टी.टी.नगर, न्यू मार्केट, भोपाल में दिनांक 17.10.2024 को दे दी गई है। यह कि उक्त सम्पत्ति को बंधक रख कर ऋण प्राप्त करने का प्रस्ताव श्री हरिओम निरंजन आत्मज श्री परशुराम निरंजन के द्वारा मेरे पक्षकार के समक्ष विचाराधीन है, जो मेरे पक्षकार के सामने विचाराधीन है। यदि उक्त वर्णित सम्पत्ति के स्वामित्व, आधिपत्य एवं मूल दस्तावेज के संबंध में किसी भी परिवार के व्यक्ति, रिश्तेदार, अन्य व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, नजूल, म.प्र.शासन, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय निकाय का अनुबंध, स्वत्व, आधिपत्य, हित, ऋण, बंधक (साम्यिक) भार, विलयन अथवा अन्य किसी को भी किसी भी प्रकार का विवाद हो तो, वह अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना पत्र प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि के अन्दर मुझे, मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। उपरोक्त समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और मेरा पक्षकार आगामी कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होवेगा।

भवदीय पुलकित सांघी (एडवोकेट)
सांघी लॉ चेम्बर
67, जोन-1 एम.पी. नगर भोपाल
फोन- 2570670, 9826019123

कार्यालय, प्रधानाचार्य/मुख्य कार्यपालन अधिकारी
**हकीम सैय्यद ज़ियाउल हसन शासकीय स्वशासी यूनानी महाविद्यालय/चिकित्सालय**
(कोलार-नेहरू नगर बायपास रोड, मैनिट के पीछे, भोपाल)
Web. : www.gumcbhopal.in, E-mail : gumcbhopal@gmail.com
Ph. : 0755-2970354

क्र./स्था./2024/4989-90 भोपाल, दिनांक : 18.10.2024

**विज्ञापन**

**म.प्र. शासन, आयुष विभाग, भोपाल द्वारा विशेष भर्ती अभियान के अंतर्गत हकीम सै. ज़ियाउल हसन शासकीय स्वशासी यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, भोपाल में दिव्यांगजनों की विशेष भर्ती अभियान**

हकीम सै. ज़ियाउल हसन शासकीय स्वशासी यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, भोपाल में म.प्र. शासन, आयुष विभाग, भोपाल द्वारा दिव्यांगजनों की भर्ती स्टाफ नर्स-01 पद, वार्डबॉय-01 पद एवं भृत्य-01 पद पर **दिनांक 05.11.2024 को समय प्रात: 10.00 बजे से सायं 06.00 बजे तक** किया जाना निर्धारित है।

इस संबंध में समस्त आवश्यक जानकारी महाविद्यालय में उपस्थित होकर अथवा महाविद्यालय की वेबसाइट www.gumcbhopal.in पर उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/116948/2024 प्रधानाचार्य/मुख्य कार्यपालन अधिकारी

**कार्यालय नगर पालिक निगम, (यात्रिकी शाखा), भोपाल**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 185/यां.वि./24 भोपाल, दिनांक 18/10/2024

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रु. में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_377020_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD BEHIND RANI LAXMI BAI KHEL MAIDAN FROM RESTRO BAR RESTAURANT TOWARDS KAALI MANDIR, NEELBAD WARD 26 ZONE 21 | 1329183 | 18.11.2024 | 05:30 |

नोट - संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

नि.क्र. 613/024/025

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर निगम, भोपाल

**कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर**
**जलयंत्रालय एवं ड्रेनेज विभाग (S.B.M)**

विज्ञप्ति क्रमांक: 46

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | 1. टेंडर क्र. 2. जारी दिनांक | कार्य का नाम | 1. कार्य की समयावधि 2. लागत | 1. निविदा प्रपत्र का मूल्य 2. ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_375066 15-10-2024 | झोन क्र. 15 के अंतर्गत शौचालय/मुत्रालयों में आवश्यक रिपेयरिंग कार्य करना। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण) | 1. 6 माह 2. ₹7,98,341/- | 1. ₹2,000/- 2. ₹8,000/- | 29-10-2024 (शाम 05:30 बजे तक) |
| 2 | 2024_UAD_375067 15-10-2024 | झोन क्र. 15 वार्ड क्र. 71 के अंतर्गत शौचालय/मुत्रालय में आवश्यक सिविल कार्य करना। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण) | 1. 6 माह 2. ₹8,37,082/- | 1. ₹2,000/- 2. ₹8,400/- | 29-10-2024 (शाम 05:30 बजे तक) |
| 3 | 2024_UAD_375068 15-10-2024 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 17 के अंतर्गत कुशवाह मुख्य मार्ग पर आवश्यक स्थानों पर टॉयलेट/ यूरिनल ब्लाक का निर्माण करना। (पंचम बार निविदा आमंत्रण) | 1. 6 माह 2. ₹7,35,350/- | 1. ₹2,000/- 2. ₹7,400/- | 29-10-2024 (शाम 05:30 बजे तक) |
| 4 | 2024_UAD_375069 15-10-2024 | झोन क्र. 9 के अंतर्गत सार्वजनिक मुत्रालयों में आवश्यक रिपेयरिंग कार्य करना। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण) | 1. 6 माह 2. ₹7,05,038/- | 1. ₹2,000/- 2. ₹7,100/- | 29-10-2024 (शाम 05:30 बजे तक) |
| 5 | 2024_UAD_375070 15-10-2024 | झोन क्र. 14 वार्ड क्र. 85 के अंतर्गत सी.टी/पी.टी का संधारण कार्य आवश्यक सिविल कार्य करना। | 1. 6 माह 2. ₹4,88,930/- | 1. ₹2,000/- 2. ₹4,900/- | 29-10-2024 (शाम 05:30 बजे तक) |
| 6 | 2024_UAD_376487 15-10-2024 | झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 26 के अंतर्गत के अंतर्गत क्षतिग्रस्त शौचालयों/मुत्रालयों की रंगाई-पुताई अन्य आवश्यक रिपेयरिंग एवं सिविल कार्य करना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण) | 1. 6 माह 2. ₹5,57,315/- | 1. ₹2,000/- 2. ₹5,600/- | 29-10-2024 (शाम 05:30 बजे तक) |
| 7 | 2024_UAD_376488 15-10-2024 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 01 के अंतर्गत शौचालयों एवं मूत्रालयों में रिपेयरिंग एवं आवश्यक सिविल कार्य करना। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण) | 1. 6 माह 2. ₹4,28,570/- | 1. ₹2,000/- 2. ₹4,300/- | 29-10-2024 (शाम 05:30 बजे तक) |
| 8 | 2024_UAD_376490 15-10-2024 | झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 61 के अंतर्गत आने वाले सी.टी/पी.टी शौचालय एवं मुत्रालयों में आवश्यक सिविल कार्य करना। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण) | 1. 6 माह 2. ₹12,79,906/- | 1. ₹2,000/- 2. ₹9,600/- | 29-10-2024 (शाम 05:30 बजे तक) |
| 9 | 2024_UAD_376491 15-10-2024 | झोन क्र. 13 के अंतर्गत समस्त वार्डो में सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय/मूत्रालय में आवश्यक सिविल एवं संधारण कार्य करना। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण) | 1. 6 माह 2. ₹16,76,890/- | 1. ₹2,000/- 2. ₹12,600/- | 29-10-2024 (शाम 05:30 बजे तक) |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जाएगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

कार्यपालन यंत्री
स्वच्छ भारत मिशन
नगर पालिक निगम, इन्दौर

## पृष्ठ दो के शेष

### जिला परियोजना समन्वयक...

आवेदन लगाया है। वह उनके स्कूलों के छात्र-छात्राओं की 5वीं-8वीं की परीक्षा में सम्मिलित होने के बारे में जानकारी मांग रहा है। इसके लिए उसे ब्लैकमेल किया जा रहा है। वह दोनों स्कूलों की मान्यता समाप्त करने की धमकी देता था। इसी की जांच को समाप्त करने, आगे संजय मिश्रा कोई शिकायत नहीं करेगा ऐसा लिखवाकर देने के बदले जिला परियोजना समन्वयक शीला मेरावी ने 10 लाख रुपए रिश्वत मांग रही थी। 4 लाख रुपए डील हुई। शुक्रवार को स्कूल संचालक घूस की पहली किस्त 1 लाख रुपए देने पहुंचा। शीला मेरावी ने जैसे ही घूस ली, तभी लोकायुक्त ने दबोच लिया।

### एमयूडीए के ऑफिस...

मांगने को छापेमारी कैसे कह सकते हैं। सुरेश ने आगे कहा कि जिन भी दस्तावेजों की मांग की जाएगी, वे उपलब्ध कराए जाएंगे। देसाई कमेटी को 8 लाख पेज के रिकॉर्ड दिए गए थे। मांगने पर वह भी दिए जाएंगे। लेकिन ये एक दिन में नहीं हो पाएगा, क्योंकि 8 लाख पेज की फोटोकॉपी में एक सप्ताह लग सकता है।

### शिंदे के बेटे ने किया ...

नीति, नियम और उनका पालन इन्हें कहां रास आएगा। पार्टी की पोस्ट में आगे लिखा कि मुख्यमंत्री स्वयं उज्जैन के हैं, मगर वे बाबा महाकाल मंदिर में नियमों का पालन नहीं करवा पा रहे।

**अर्थांक**

| | |
|---|---|
| तारा | 778-2, 569-0 |
| दिन | 230-5, 349-6 |
| ताराना | 360-9, 560-1 |
| रात | 290-1, 237-2 |





**महिला टी-20 वर्ल्ड कप : कीवी टीम ने वेस्टइंडीज को हराया**

## न्यूजीलैंड 14 साल बाद फाइनल में खिताबी मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से

जेएनएन/भाषा, शारजाह

स्पिनर एडेन कार्सन और एमेलिया केर के शानदार प्रदर्शन की मदद से न्यूजीलैंड ने कम स्कोर वाले मैच में शुक्रवार को वेस्टइंडीज को हराकर महिला टी-20 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब तक 2009 और 2010 में उपविजेता रही न्यूजीलैंड टीम का सामना रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से होगा। दक्षिण अफ्रीका ने सेमीफाइनल में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराया था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने वाली न्यूजीलैंड टीम नौ विकेट पर 128 रन ही बना सकी थी, जिसमें डिएंड्रा डोटिन ने 33 रन का योगदान दिया। इसमें 16वें ओवर में लिया ताहुहू को लगाए तीन छक्के शामिल है। वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 120 रन ही बना सकी। प्लेयर ऑफ द मैच ऑफ स्पिनर कार्सन ने 29 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि केर ने चार ओवर में 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। कार्सन ने टूर्नामेंट में आठ और केर ने 12 विकेट ले लिए हैं। बीजिंग ओलंपिक खेल चुकी सूजी बेट्स ने आखिरी ओवर डाला जब



वेस्टइंडीज को 15 रन की जरूरत थी। बेट्स ने सिर्फ सात ही रन दिए। बेट्स, कप्तान सोफी डेवाइन और ताहुहू का यह आखिरी टी-20 टूर्नामेंट हो सकता है, जिसे वे जीत के साथ यादगार बनाना चाहेंगी।

### टीम इंडिया पाक में खेले और उसी दिन स्वदेश लौट जाए : पीसीबी

**कराची, भाषा।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से संपर्क किया है और एक ऐसी व्यवस्था का प्रस्ताव रखा है, जिसके अंतर्गत अगर भारत सुरक्षा कारणों से अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान पाकिस्तान में नहीं रुकना चाहता है, तो वह मैचों के बीच में नई दिल्ली या चंडीगढ़ में से कहीं लौट सकता है। पीसीबी ने बीसीसीआई को मौखिक सुझाव दिया है कि भारतीय टीम नई दिल्ली या चंडीगढ़ या मोहाली में शिविर लगा सकती है और अपने मैचों के लिए विशेष उड़ान का इस्तेमाल करके लाहौर जा सकती है। पीसीबी के एक सूत्र ने हालांकि शुक्रवार को पीटीआई को पुष्टि की है कि बोर्ड ने लिखित में कोई सुझाव नहीं दिया है। सूत्र ने कहा, लेकिन हां, यह सच है कि इन विकल्पों पर अधिकारियों के बीच मौखिक रूप से चर्चा हुई है ताकि भारत का अपने मैच पाकिस्तान में खेलना सुनिश्चित हो सके। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से नौ मार्च तक लाहौर, रावलपिंडी और कराची में कराई जाएगी।

**रोहित, सरफराज और कोहली के अर्धशतक से भारत के 231 रन, न्यूजीलैंड से 125 रन से पीछे**

# टेस्ट में 9000 रन बनाने वाले विराट चौथे भारतीय, टीम इंडिया का दमदार पलटवार

जेएनएन/भाषा, बेंगलुरु

टीम इंडिया ने तीन मैच की सीरीज के पहले टेस्ट के तीसरे दिन शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरी पारी को तीन विकेट पर 231 रन तक पहुंचा कर मजबूत वापसी की। सरफराज (नाबाद 70) और विराट कोहली (70) के बीच तीसरे विकेट के लिए 163 गेंद में 136 रन की साझेदारी के दम पर भारत इस स्कोर तक पहुंचा। हालांकि दिन की आखिरी गेंद पर कोहली के आउट होने से झटका लगा, जो टेस्ट में 9000 रन पूरे करने वाले भारत के चौथे बल्लेबाज बने। कोहली ने टेस्ट करियर को 31वां अर्धशतक जड़ा। ग्लेन फिलिप्स की गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए विकेटकीपर टॉम ब्लंडल के दस्तानों पर चली गई। पहली पारी में 356 रन से पिछड़ने वाली भारत अब भी न्यूजीलैंड से 125 रन पीछे है। इससे पहले दिन के दूसरे सत्र में न्यूजीलैंड की पहली पारी 402 रन पर सिमटी। रचिन रविंद्र ने 134 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने टिम साउदी (65) के साथ-साथ आठवें विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी कर मैच पर दबदबा कायम किया। मैच में बने रहने के लिए भारत को अच्छी शुरुआत की जरूरत थी। कप्तान रोहित शर्मा (52) और युवा यशस्वी जायसवाल (35) की जोड़ी ने ऐसा ही किया।



- कोहली का तीनों फॉर्मेट में 221वां 50+ स्कोर है। कोहली तीनों फॉर्मेट में सबसे ज्यादा बार 50+ रन बनाने वाले दूसरे क्रिकेटर बने। उनसे आगे सचिन तेंदुलकर हैं। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में 264 बार 50+ का स्कोर बनाया है। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर रिकी पोंटिंग इस हैं।

**46** रन पर भारत पहली पारी में ऑलआउट हो गया था। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 402 रन बनाए। इस तरह कीवी टीम को 356 रन की बढ़त मिली। यह भारत में टीम इंडिया के खिलाफ टेस्ट में संयुक्त रूप से चौथी सबसे बड़ी बढ़त है।

**9000** रन पूरे करने वाले विराट चौथे भारतीय बन गए। अब वह सचिन तेंदुलकर (15921), राहुल द्रविड़ (13265) और सुनील गावस्कर (10122) जैसे दिग्गजों की जमात में शामिल हो गए हैं। पर वह इन खिलाड़ियों में इस उपलब्धि तक काफी धीमी गति से पहुंचे क्योंकि इसके लिए उन्होंने 197 पारियां खेली। बांग्लादेश के खिलाफ हाल में टेस्ट श्रृंखला में कोहली सिर्फ 594 पारियों में 27,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे करने वाले सबसे तेज बल्लेबाज बन गए।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी : 46**
**न्यूजीलैंड : 402/10 (91.3 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| लाथम पगबाधा बो. कुलदीप | 15 | 49 | 3 | 0 |
| डेवोन कोंवे बो. अश्विन | 91 | 105 | 11 | 3 |
| विल का. कुलदीप बो. जडेजा | 33 | 73 | 5 | 0 |
| रविंद्र का. जुरेल बो. कुलदीप | 134 | 157 | 13 | 4 |
| मिचेल का. यशस्वी बो. सिराज | 18 | 49 | 2 | 0 |
| ब्लंडल का. राहुल बो. बुमराह | 5 | 8 | 1 | 0 |
| ग्लेन फिलिप्स बो. जडेजा | 14 | 18 | 1 | 1 |
| मैट हेनरी बो. जडेजा | 8 | 9 | 2 | 0 |
| साउदी का. जडेजा बो. सिराज | 65 | 73 | 5 | 4 |
| एजाज पटेल पगबाधा कुलदीप | 4 | 8 | 1 | 0 |
| विलियम ओ राउरकी नाबाद | 0 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त**: 15, **कुल** : 91.3 ओवर में 402 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन** :1-67, 2-142, 3-154, 4-193, 5-204, 6-223, 7-233, 8-370, 9-384, 10-402, **गेंदबाजी** : बुमराह 19-7-41-1, सिराज 18-2-84-2, अश्विन 16-1-94-1, कुलदीप 18.3-1-99-3, जडेजा 20-1-72-3.

**भारत दूसरी पारी : 231/3 (49 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी स्टं. ब्लंडल बो. पटेल | 35 | 52 | 6 | 0 |
| रोहित शर्मा बो. पटेल | 52 | 63 | 8 | 1 |
| कोहली का. ब्लंडल बो. फिलिप्स | 70 | 102 | 8 | 1 |
| सरफराज खान खेल रहे हैं | 70 | 78 | 7 | 3 |

**अतिरिक्त**: 4, **कुल** : 49 ओवर में तीन विकेट पर 231 रन, **विकेट पतन**: 1-72, 2-95, 2-231, **गेंदबाजी** : टिम साउथी 7-1-22-0, मैट हेनरी 11-1-52-0, ओ राउरकी 11-1-48-0, एजाज 12-2-70-2, फिलिप्स 8-1-36-1.

**453** कुल रन तीसरे दिन बने और 10 विकेट भी गिरे। यह भारत में खेले गए किसी टेस्ट मैच में एक दिन में बना दूसरा सबसे ज्यादा स्कोर है। भारत में टेस्ट मैच के किसी दिन में सबसे ज्यादा रन भारत और श्रीलंका के बीच 2009 में खेले गए मैच में बने थे। उस मुकाबले के दूसरे दिन कुल 470 रन बने थे।

**खेल एक नजर**


### लियोनेल मेसी को पहला मार्का अमेरिका पुरस्कार

**फोर्ट लॉडरडेल, एपी।** अमेरिकी क्लब इंटर मियामी की तरफ से खेलने वाले अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार लियोनेल मेसी को पहले मार्का अमेरिका पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार स्पेन स्थित मीडिया कंपनी देती है, जो मेसी की कई उपलब्धियों में एक नई उपलब्धि है। उन्होंने क्लब या देश के लिए रिकॉर्ड 46 ट्रॉफियां जीती हैं और व्यक्तिगत स्तर पर कम से कम 56 अन्य पुरस्कार हासिल किए हैं। इंटर मियामी के घरेलू मैदान चेस स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अर्जेंटीना के सुपरस्टार ने स्पेनिश में कहा, यह सफर काफी लंबा रहा है। आपको हर समय जीत नहीं मिल सकती है।



### पीवी सिंधू डेनमार्क ओपन के क्वार्टर फाइनल में हारीं

**ओडेन्से, भाषा।** भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया टुनजंग से हार गईं, जिससे डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी समाप्त हो गया। सिंधू (29 वर्ष) करीब एक घंटे तक चले मुकाबले में 13-21, 21-16, 9-21 से पराजित हो गईं। इंडोनेशिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी टुनजंग ने पूरी तरह मैच में दबदबा बनाया, हालांकि सिंधू फिर भी दूसरा गेम जीतने में सफल रहीं। अब पांचवीं वरीयता प्राप्त टुनजंग का सामना सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय दक्षिण कोरिया की एन से यंग से होगा।



**नोमान-साजिद ने लिए 20 विकेट, पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 152 रन से हराया**

## फिरकी में फंसे अंग्रेज, 11 टेस्ट से चली आ रही पाक की हार का सिलसिला टूटा



**प्लेयर ऑफ द मैच**
साजिद खान
9 विकेट और 24 रन
पाकिस्तान 366 व 221
इंग्लैंड 291 व 144

**मुल्तान (पाकिस्तान), जेएनएन/एपी।** नोमान अली और साजिद खान ने स्पिनरों की मददगार पिच पर सभी 20 विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को शुक्रवार को 152 रन से हराकर सीरीज में वापसी की। इस जीत से पाकिस्तान का घरेलू धरती पर पिछले 11 टेस्ट मैच से जीत नहीं दर्ज कर पाने का सिलसिला भी टूट गया। इनमें से चार मैच में इंग्लैंड ने उसे हराया था। बाएं हाथ के स्पिनर नोमान ने दूसरी पारी में 46 रन देकर आठ विकेट लिए और इस तरह से मैच में 11 विकेट हासिल किए। पाकिस्तान ने इंग्लैंड को दूसरी पारी में मैच के चौथे दिन पहले सत्र में ही 144 रन पर आउट कर दिया। पहली पारी में 111 रन देकर सात विकेट लेने वाले ऑफ स्पिनर साजिद ने दूसरी पारी में 93 रन देकर दो विकेट लिए। इन दोनों स्पिनर की कमाल की गेंदबाजी से 297 के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरी इंग्लैंड की टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। इस जीत से पाक ने तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। सीरीज का तीसरा और निर्णायक मैच अगले गुरुवार से रावलपिंडी में खेला जाएगा।

**03** बार पाक की ओर से टेस्ट मैच में सभी 20 विकेट स्पिनर ने लिए 1987 में इंग्लैंड के खिलाफ लाहौर टेस्ट में ऐसा कारनामा हुआ था, जबकि पहली बार वेस्टइंडीज के खिलाफ 1980 में फैसलाबाद टेस्ट में भी सभी 20 विकेट स्पिनर ले लिए थे।

**06** लगातार छह हारों के बाद मुल्तान में पाकिस्तान को टेस्ट जीत नसीब हुई है। शान मसूद की कप्तानी में भी ये पहली जीत है, इससे पहले उन्हीं की कप्तानी में पाकिस्तान को सभी छह मैचों में हार मिली थी।

**20** विकेट दो गेंदबाजों ने झटके, यह टेस्ट इतिहास में 7वां मौका है। मुल्तान में नोमान ने 11 और साजिद ने नौ विकेट हासिल किए। इससे पहले 1972 में ऑस्ट्रेलिया के लिए बॉब मेसी और डेनिस लिली ने लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ सभी 20 विकेट झटके थे।

## मुंबई ने महाराष्ट्र को 126 पर समेटा, आयुष के नाबाद शतक से 94 रन की ली बढ़त

**मुंबई, जेएनएन/भाषा।** गत चैंपियन मुंबई ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप-ए मैच के पहले दिन शुक्रवार को महाराष्ट्र पर दबाव बना दिया। 17 साल के आयुष म्हात्रे ने अपने तीसरे ही मैच में नाबाद 127 रन बना लिए हैं। मुंबई ने पहले दिन के आखिर में तीन विकेट पर 220 रन बना लिए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने वाली महाराष्ट्र पहली पारी में 126 रन पर आउट हो गई। बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने 6.4 ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिए। मोहित अवस्थी को तीन और रॉयस्टोन डायस तथा शार्दुल ठाकुर को दो दो विकेट मिले। महाराष्ट्र के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ दो रन बनाकर आउट हो गए। निखिल नाइक ने 38 और अजीम काजी ने 36 रन बनाए। मुंबई ने पृथ्वी साव (एक) और हार्दिक तामोर (चार) के अलावा अजिंक्य रहाणे (31) के विकेट गंवाए। श्रेयस अय्यर 59 गेंद में 45 रन बनाकर खेल रहे हैं।




### मध्यप्रदेश के खिलाफ सलिल का शतक पंजाब को संकट से निकाला

**मुल्लांपुर, जेएनएन।** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में शानदार पदार्पण करते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज सलिल अरोड़ा ने 101 रन बनाकर मध्यप्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप-सी के मैच के पहले दिन शुक्रवार को पंजाब को शुरुआती झटकों से निकालते हुए सात विकेट पर 254 रन तक पहुंचाया। सातवें नंबर पर उतरे अरोड़ा ने सुखविंदर सिंह (64) के साथ 100 रन की अटूट साझेदारी की। पंजाब ने सात विकेट पर 154 रन से उबरकर अच्छा स्कोर बनाया। मध्यप्रदेश के कुमार कार्तिकेय ने 43 रन देकर दो विकेट लिए।

**सुदर्शन के दोहरे शतक से तमिलनाडु बड़े स्कोर की ओर :** बीसाई सुदर्शन के नाबाद दोहरे शतक की बदौलत तमिलनाडु ने दिल्ली के खिलाफ स्टंप तक एक विकेट गंवाकर 379 रन बना लिए। सुदर्शन 202 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं, उन्होंने एन जगदीशन (65) के साथ पहले विकेट के लिए 168 रन तथा वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 96) के साथ दूसरे विकेट के लिए अभी तक 211 रन की शतकीय साझेदारियां निभाईं।

**देश विदेश**

**एफबीआई ने पोस्टर जारी किया, दावा- खालिस्तानी आतंकी की हत्या की कोशिश की साजिश में शामिल**

## अमेरिका का आतंकी प्रेम: हरियाणा के युवक को मोस्ट वॉन्टेड बनाया

**न्यूयॉर्क, जेएनएन।** अमेरिका सरकार ने दावा किया है कि न्यूयॉर्क में रह रहे सिख फॉर जस्टिस के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में हरियाणा के रेवाड़ी का युवक भी शामिल है। अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने युवक विकास यादव का मोस्ट वॉन्टेड पोस्टर जारी किया है। इसमें विकास की 3 फोटो हैं। इनमें एक फोटो में वह सेना की वर्दी में भी है। विकास यादव (39) रेवाड़ी जिले के प्राणपुरा गांव का रहने वाला है। अमेरिकी सरकार का दावा है कि विकास भारतीय खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) में काम करता है। रॉ ने ही पन्नू की हत्या की साजिश रची। विकास को हत्या के लिए किलर हायर करने और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोपी बनाया गया है। हालांकि, भारत ने किसी भी तरह की साजिश में विकास के शामिल होने से इंकार किया है। लेकिन अमेरिका की तरफ से जारी पोस्ट में कहा गया है कि विकास यादव अमेरिका में भारतीय मूल के एक अमेरिकी वकील और राजनीतिक कार्यकर्ता की हत्या की साजिश रचने के आरोप में वॉन्टेड है। विकास एक भारतीय है और उसने साजिश को अंजाम देने के लिए अपने साथी और एक अन्य भारतीय नागरिक के साथ बातचीत में अमानत उपनाम का इस्तेमाल किया।



### गिरफ्तारी वारंट किया गया जारी

आरोपों के मुताबिक, विकास ने साजिश को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय नागरिक को पीड़ित (पन्नू) के रिहायशी पते, फोन नंबर और अन्य पहचान संबंधी जानकारी दी थी। यादव और उसके सहयोगी ने हत्या के लिए एडवांस के रूप में न्यूयॉर्क में 15,000 डॉलर कैश पहुंचाने के लिए एक सहयोगी का इंतजाम किया था। बता दें कि 10 अक्टूबर 2024 को साउथ न्यूयॉर्क डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने विकास के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। इसके बाद विकास पर हत्या के लिए हायरिंग, उसकी नाकाम कोशिश करने और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगाए गए। आरोप है कि उसने पन्नू की हत्या के लिए निखिल गुप्ता को हायर किया था।

### एफबीआई डॉयरेक्टर ने की लफ्फाजी, पन्नू को अमेरिकी बताया

एफबीआई डायरेक्टर क्रिस्टोफर रे ने भी भारत के खिलाफ लफ्फाजी की है। उन्होंने कहा कि विकास ने से एक व्यक्ति के साथ मिलकर साजिश रची और अमेरिकी नागरिक की हत्या की कोशिश की। उन्होंने आतंकी पन्नू को अमेरिकी नागरिक बताया और कहा- न्याय विभाग अमेरिकियों को निशाना बनाने और उन्हें खतरे में डालने की कोशिशों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

**सिटी-स्पोर्ट्स**

## एमेनिटी और डीपीएस बनी फुटबॉल चैंपियन



**भोपाल, खेप्र।** एमेनिटी पब्लिक स्कूल (रूद्रपुर) और दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) ईस्ट बेंगलुरु ने सीबीएसई नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। पीपुल्स पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित टूर्नामेंट के अंडर-14 वर्ग के फाइनल में एमेनिटी स्कूल (रूद्रपुर) ने आर्मी पब्लिक स्कूल को 2-1 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। अंडर-17 में डीपीएस ने एमेनिटी पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराया। दोनों के बीच मुकाबला गोलरहित ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

**सीबीएसई नेशनल फुटबॉल में पुरस्कार**

| अवॉर्ड | अंडर-14 | अंडर-17 |
|---|---|---|
| बेस्ट स्ट्राइकर | आभार गणेशन | सोमिल सालम |
| बेस्ट डिफेंडर | विशन सिंह | उज्वल |
| बेस्ट गोलकीपर | सोरेशन | ईशान |
| प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट | श्रीजल किस्कू | कैथ |

### भारतीय टीम ड्रैगन बोट वर्ल्ड कप और वर्ल्ड चैंपियनशिप में हिस्सा लेने रवाना

**भोपाल, खेप्र।** आईसीएफ ड्रैगन बोट वर्ल्ड कप और वर्ल्ड चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए भारतीय खिलाड़ी रवाना हो गए हैं। खिलाड़ियों के जाने से पूर्व शहर के छोटे तालाब स्थित जल कीड़ा केंद्र पर सेंड ऑफ सेरेमनी सम्मान का आयोजन किया गया। 23 से 27 अक्टूबर तक आइसीएफ ड्रैगन बोट वर्ल्ड कप यिचांग (चाइना) और 30 अक्टूबर से 4 नवंबर तक ड्रैगन बोट वर्ल्ड चैंपियनशिप प्यूर्टो प्रिंसेसा (फिलिपिंस) में आयोजित होगी। भारतीय ड्रैगन बोट टीम के साथ विनोद मिश्रा तकनीकी अधिकारी के रूप में प्रतिनिधित्व करेंगे। सचिव मयंक ठाकुर ने बताया कि विगत डेढ़ माह से भारतीय ड्रैगन वोट टीम के खिलाड़ियों ने छोटे तालाब पर आयोजित प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया।




## प्रदेश कांग्रेस के नेता सक्षम नहीं, राहुल गांधी से करेंगे बात

**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों का ऐलान हो गया है, लेकिन कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के बीच सीट बंटवारे का पेच नहीं सुलझ सका है। सीट शेयरिंग को लेकर फंसे पेच पर अब शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता संजय राउत का बयान आया है। संजय राउत ने शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता फैसले लेने में सक्षम नहीं हैं। कांग्रेस नेताओं को बार-बार लिस्ट दिल्ली भेजनी पड़ती है, फिर चर्चा होती है। उन्होंने कहा कि अब वो समय निकल चुका है। अब समय बहुत कम है। उन्होंने अब सीधे कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के साथ सीट शेयरिंग पर चर्चा करने की बात कही है। संजय राउत ने कहा है कि सुबह मुकुल वासनिक से बात हुई। अब राहुल गांधी से भी बात करूंगा। सीट शेयरिंग को लेकर जिन सीटों पर फैसला नहीं हो पा रहा है, उनको लेकर बातचीत होगी। उन्होंने कहा कि हम जल्द से जल्द फैसला चाहते हैं। संजय राउत ने कहा कि एनसीपी और शिवसेना में कोई च्यादा मतभेद नहीं है।



## यूएई देगा भारतीयों के लिए वीजा-ऑन-अराइवल की सुविधा

**अबू धाबी, जेएनएन।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भारतीय यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। अब भारतीय नागरिक जिनके पास संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम या किसी यूरोपीय संघ देश का वैध निवास परमिट या वीजा है, उन्हें यूएई में वीजा-ऑन-अराइवल की सुविधा मिलेगी। इस नीति के तहत, योग्य भारतीय यात्रियों को यूएई पहुंचने पर 14 दिनों के लिए वीजा दिया जाएगा, जिसे आवश्यकता पड़ने पर 60 दिनों तक बढ़ाया जा सकता है। यह कदम भारत और यूएई के बीच बढ़ते सहयोग और व्यापारिक संबंधों को और सशक्त करने के उद्देश्य से उठाया गया है। योग्यता वीजा-ऑन-अराइवल पाने के लिए भारतीय यात्रियों के पास संयुक्त राज्य अमेरिका का ग्रीन कार्ड, निवास परमिट या वैध वीजा, यूरोपीय संघ के किसी भी देश या यूनाइटेड किंगडम का वैध निवास परमिट या वीजा और पासपोर्ट की वैधता कम से कम छह महीने होनी चाहिए। यदि यात्री अधिक समय तक यूएई में रुकना चाहते हैं, तो 60 दिनों तक वीजा का विस्तार किया जा सकता है, लेकिन इसके लिए निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा।

**सिर्फ उन्हें मिलेगा फायदा, जिनके पास अमेरिका, ब्रिटेन, ईयू का वीजा होगा**

मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या.** : 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।

### एनडीए की सीट शेयरिंग का ऐलान

# भाजपा-68, आजसू-10 जेडीयू-2 सीटों पर लड़ेगी

## झारखंड में चिराग की पार्टी को एक सीट



**रांची, जेएनएन।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए के बीच सीट शेयरिंग की घोषणा हो गई है। रांची के प्रदेश बीजेपी कार्यालय में शुक्रवार को बीजेपी और आजसू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सीट शेयरिंग का ऐलान किया है। झारखंड में एनडीए के अंदर बीजेपी- 68, आजसू-10, जेडीयू-2 और लोजपा रामविलास 1 सीट पर चुनाव लड़ेगी। नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू को जमशेदपुर पश्चिम और तमाड़ सीट दी गई है। चिराग पासवान के एलजेपी (रामविलास) को चतरा सीट मिली है। वहीं इससे पहले केंद्रीय मंत्री और झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड में बीजेपी, आजसू, जेडीयू और लोजपा रामविलास साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। हम लोग साथ में चुनाव प्रचार करेंगे। परफेक्ट सीट शेयरिंग है। झारखंड में एनडीए सरकार बना रहा है। इस दौरान असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा, झारखंड बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू प्रमुख सुदेश महतो भी मौजूद थे। गौर तलब है कि झारखंड में 13 नवंबर को पहले चरण का मतदान होना है। इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। पहले चरण के लिए 25 अक्टूबर तक नामांकन प्रक्रिया चलेगी। इसके बाद 28 अक्टूबर को पर्चे की स्क्रूटनी की जाएगी।

# सीएम भगवंत सिंह मान ने भगवान वाल्मीकि पैनोरमा समर्पित किया



**अमृतसर, जेएनएन।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने गुरुवार को भगवान वाल्मीकि तीर्थ स्थल (राम तीर्थ) में स्थित अत्याधुनिक भगवान वाल्मीकि जी पैनोरमा को मानवता को समर्पित किया। इस परियोजना को समर्पित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया का पहला महाकाव्य रामायण इसी दिन लिखा गया था। आदिकवि भगवान वाल्मीकि जी ने अपने ज्ञान और दर्शन से दुनिया को रोशन किया। उन्होंने कहा कि अपनी तरह के इस पहले पैनोरमा में तकनीक का जादू एक गहन वर्णन के साथ मिलकर आगंतुकों के लिए एक दिव्य और विसर्जित वातावरण बनाता है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह पैनोरमा भव्यता, सौंदर्य और वास्तुकला का एक आदर्श मिश्रण है और यह राज्य सरकार की ओर से भगवान श्री वाल्मीकि जी को एक विनम्र श्रद्धांजलि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पैनोरमा परिसर नौ एकड़ क्षेत्र में बना है और इसका निर्माण 1984 में किया गया था। इसकी लागत 32.78 करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि यह पैनोरमा भगवान श्री वाल्मीकि जी को समर्पित है और इसमें उनके जीवन की कहानी के साथ-साथ महाकाव्य के अंश भी प्रदर्शित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह आधुनिक संग्रहालय भगवान वाल्मीकि जी के जीवन और योगदान को बताने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है।

# भारतीय रेलवे ने अग्रिम आरक्षण अवधि को मौजूदा 120 दिनों से घटाकर 60 दिन किया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय रेलवे ने 01.11.2024 से अग्रिम आरक्षण अवधि को मौजूदा 120 दिनों से घटाकर 60 दिन कर दिया है, यात्रा की तारीख को छोड़कर। रेल मंत्रालय ने वास्तविक यात्रियों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय यात्रियों द्वारा ट्रेन बुकिंग के लिए अग्रिम आरक्षण अवधि (एआरपी) में इस बदलाव की घोषणा की है। इस निर्णय से रेलवे बोर्ड को भारत में रेल यात्रा की वास्तविक मांग की दृश्यता में सुधार करने में मदद मिलेगी। यह देखा जा रहा था कि 61 से 120 दिन की अवधि के लिए किए गए लगभग 21 प्रतिशत आरक्षण रद्द हो रहे थे। इसके अलावा, 5 प्रतिशत यात्री न तो अपनी टिकटें रद्द कर रहे थे और न ही वे यात्रा कर रहे थे। यह नो शो ट्रेंड भी इस निर्णय के पीछे के कारकों में से एक था, जो भारतीय रेलवे को पीक सीजन के दौरान विशेष ट्रेनों की बेहतर योजना बनाने में मदद करेगा। इसका उद्देश्य वास्तविक यात्रियों को टिकट उपलब्धता में सुधार करना और रद्दीकरण और नो-शो की घटनाओं को कम करना है, जिससे आरक्षित बर्थ की बर्बादी होती है। उभरते आरक्षण रुझानों और यात्रियों की यात्रा की अनिश्चितता के आधार पर रेलवे एआरपी नीति में बदलाव करता रहता है।





सलाह

पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक









# अब बेलगाम नहीं बोल पाएंगे सूबे के मंत्री

## केंद्र ने जताई नाराजगी, विधायकों और नेताओं के बड़बोलेपन पर भाजपा जल्द लगाएगी अंकुश

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** अपने विधायकों और नेताओं के बड़बोलेपन पर भाजपा जल्द ही अंकुश लगाएगी। इसकी शुरुआत सरकार के उन मंत्रियों से होगी, जो यदाकदा ऐसे बयान देते हैं, जिससे सरकार और पार्टी की किरकिरी होती है। सूत्रों की मानें हर विभाग की कमान ऐसे अधिकारियों को सौंपी जाएगी, जिनकी छवि बेहतर काम करने की होगी। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से भाजपा संगठन अपने विधायकों और नेताओं की कार्यशैली व बयानों से बेहद परेशान है। इससे पार्टी की छवि जहां खराब हो रही है, तो वहीं विपक्षी दल भी आक्रामक है। इन मामलों को दिल्ली ने संज्ञान में लिया है। सूत्रों की मानें तो पिछले दिनों हरियाणा प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह से चर्चा हुई है। जानकार मान रहे हैं कि इस मामले पर केन्द्रीय नेतृत्व ने नाराजगी जताई है और प्रदेश संगठन को निर्देशित किया है कि वह अपने स्तर पर ऐसी स्थितियों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाएं। बताया गया है कि सीएम को सलाह दी गई है कि विधायकों को संदेश देने के लिए पहले मंत्रियों के गैर जरूरी बयानों पर अंकुश लगाएं और उसके बाद विधायकों को बुलाकर समझाएं कि भाजपा और उसकी सरकार में अनुशासन को प्राथमिकता दी जाती है। ऐसे में यदि कोई बात होती है, तो सार्वजनिक तौर पर या सोशल मीडिया के जरिए उसे बयां न किया जाए। अलबत्ता संगठन और सीएम से मिलकर अपने मामले को निपटाने की कोशिश करें। संगठन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पार्टी और उसकी सरकार अपना पूरा फोकस विकास कार्यों और जनहितेषी योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ प्रदेश के विकास पर लगाना चाहती है। दिल्ली नेतृत्व चाहता है कि सरकार और संगठन से जुड़ा हर कार्यकर्ता अपना पूरा ध्यान केवल विकास पर दें,उसके पास इस तरह की बातों के लिए कोई समय नहीं हो,जिसका गलत संदेश कार्यकर्ताओं और जनता के बीच जाए।




### मंत्रियों की सिफारिश नहीं चलेगी

सूत्रों का कहना है कि जल्द ही एक बड़ी प्रशासनिक सर्जरी होगी, जिसमें अहम विभागों की जिम्मेदारी ऐसे अधिकारियों को सौंपी जाएगी,जिनका ट्रेक रिकॉर्ड बेहतर काम करने का होगा। ऐसे में अब कोई भी मंत्री अपने पंसदीदा अधिकारियों की पोस्टिंग अपने विभाग में नहीं करा पाएंगे।

### इन मंत्रियों के बयान रहे चर्चा में



मध्यप्रदेश सरकार के कुछ मंत्रियों के विवादित बयानों ने सरकार की जहां फजीहत कराई है, तो वहीं विपक्ष को हमला बोलने का मौका मिला है। सरकार के गठन के कुछ दिनों बाद ही राज्यमंत्री बनाए गए दिलीप अहिरवार का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि वर्तमान मुख्यमंत्री को देखा, पूर्व मुख्यमंत्री ने तो न जाने किस-किस को गोद लिया था। इसलिए उनका यह परिणाम है। वे सिर्फ गोद लेते थे, करते कुछ नहीं थे। इस बयान पर हंगामा मचा तो अहिरवार पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान से मिलने पहुंचे थे और बाद में सफाई दी थी कि उनका अभिप्राय कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री से था।



सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह के एक बयान ने भी सुर्खियां बटोरी और पार्टी व सरकार पर विपक्ष दल को हमला करने का मौका भी दिया। कुशवाह ने तब आयोजित हुए एक नशामुक्ति अभियान जागरुकता कार्यक्रम में कहा था कि अगर माता-बहनें ये चाहती हैं कि उनके पति और बेटे शराब न पिएं, तो सबसे पहले एक काम करना चाहिए, उन्हें बाजार में शराब नहीं पीने दीजिए। बल्कि घर में मंगाकर शराब पीने की सलाह दें। उन्होंने साथ ही महिलाओं को बैलन गैंग बनाने की सलाह भी दी थी।



शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह का अतिथि शिक्षकों को लेकर बयान सामने आया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि अतिथि शिक्षक का नाम क्या है,अतिथि आप हमारे मेहमान बनकर आओगे तो क्या घर पर कब्जा करोगे क्या। इस बयान पर भी जमकर राजनीति हुई थी। बाद में मंत्री राव ने अपने बयान को बदला था।

### संघ और संगठन ने भी जताई थी नाराजगी

मंत्रियों और विधायकों के बयान एवं कार्यशैली पर भाजपा संगठन और संघ नेताओं ने भी नाराजगी जताई है। संगठन की बैठकों में भी मंत्रियों पर स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ उपेक्षा करने के आरोप लगते रहे हैं। बैठकों में कई बार भोपाल से लेकर दिल्ली स्तर के नेता साफ तौर पर मंत्रियों को अपनी बयानबाजी और कार्यशैली में अंकुश लगाने की हिदायतें भी दी गई हैं। बैठकों में साफ कहा गया कि मंत्री हों या विधायक उनकी कार्यशैली, बयान या आचरण से सरकार और संगठन पर सवाल खड़े होते हैं। ऐसे में उन्हें यह ध्यान रखना चाहिए कि वे पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ समाज के मार्गदर्शक भी हैं। उनके किसी भी कार्य या बयान से जहां पार्टी और सरकार की छवि धूमिल होती है, वहीं विपक्षी दल को मुद्दे भी मिल जाते हैं। ऐसे में जमीनी कार्यकर्ता हतोत्साहित होते हैं। सूत्रों की मानें तो इस तरह के आचरण को लेकर संघ नेताओं ने भी अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा के नेतृत्व से अपनी नाराजगी जताई है।

# फर्जी निवास पत्र लगाकर पीएमटी में दाखिला लेने वाले को हुई सजा

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** एमपी का फर्जी मूल निवासी प्रमाण पत्र लगाकर पीएमटी में दाखिला लेने वाले आरोपी सौरभ सचान को अतुल सक्सेना की कोर्ट ने 3 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। आरोपी ने खुद को रीवा का मूल निवासी बताया था। जबकि वह उत्तरप्रदेश का रहने वाला था। एमपी कोटा से उसे गांधी मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिला था। लोक अभियोजक सुधा विजय सिंह भदौरिया ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने व्यापमं घोटाले के संबंध में फर्जी तरीके से डॉक्टर बनने वालों की एसटीएफ को साल 2021 में शिकायत की थी। जिसमे उन्होने संदिग्धों की सूची भी भेजी थी। उन्होंने अपनी शिकायत मे बताया था कि संदिग्ध छात्र उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश का मूलनिवासी प्रमाणपत्र बनवाकर परीक्षा दी है। उनके सीट आवंटन पत्र में चस्पा फोटो भी भिन्न हैं। एसटीएफ ने मामले के आरोपी सौरभ सचान की जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि उसने फर्जी मूल निवासी प्रमाण पत्र के माध्यम से मेडिकल कालेज मे दाखिला लिया है। इसके लिए उसने अनुविभागीय अधिकारी त्यौंथर जिला रीवा से जारी किया गया फर्जी प्रमाण पत्र लगा दिया। जांच में आया कि त्यौंथर प्रशासन से उसका प्रमाण पत्र नहीं जारी किया गया था।

# 18 से 28 अक्टूबर के बीच 6 ट्रेनें निरस्त

**जागरण, भोपाल।** जबलपुर मंडल के कटनी-सिंगरौली रेलखंड पर यार्ड रिमॉडलिंग वर्क के चलते रेलवे ने जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस, सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस सहित 6 ट्रेनों को निरस्त किया है। इसके अलावा भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस, संतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस और अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस सहित 8 ट्रेनों के रूट भी बदले हैं।

इन **ट्रेनों के रूट बदले**: -21 एवं 28 अक्टूबर को 19608 मदार जंक्शन-कोलकाता एक्सप्रेस कटनी-मुड़वारा-सतना-प्रयागराज-छिवकी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-सोन नगर जंक्शन-गढ़वा रोड जंक्शन से होते जाएगी।

- 17 एवं 24 अक्टूबर 19607 कोलकाता-मदार जंक्शन एक्सप्रेस गढ़वा रोड जंक्शन-सोन नगर जंक्शन-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-प्रयागराज छिवकी-सतना-कटनी मुड़वारा होते हुए जाएगी।
- 18 एवं 25 अक्टूबर को 18009 संतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस गढ़वा रोड जंक्शन-सोन नगर जंक्शन-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-प्रयागराज छिवकी-सतना-कटनी मुड़वारा से होते हुए जाएगी।
- 20 एवं 27 अक्टूबर को 18010 अजमेर-संतरागाछी एक्सप्रेस कटनी मुड़वारा-सतना-प्रयागराज, जंक्शन-गढ़वा रोड जंक्शन होते हुए जाएगी।
- 21 एवं 28 अक्टूबर 13025 हावड़ा-भोपाल एक्स. गढ़वा रोड जंक्शन-सोन नगर जंक्शन-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-प्रयागराज छिवकी-सतना-कटनी मुड़वारा से होते हुए जाएगी।
- 23 अक्टूबर को 13026 भोपाल-हावड़ा एक्स. कटनी मुड़वारा-सतना-प्रयागराज छिवकी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-सोन नगर जंक्शन-गढ़वा रोड जंक्शन होते हुए जाएगी।
- 23 अक्टूबर को 19413 अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस कटनी मुड़वारा-सतना-प्रयागराज छिवकी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-सोन नगर जंक्शन-गढ़वा रोड जंक्शन से होते हुए जाएगी।

